
हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

पेज : 08

विराट ने बताया, किन कारणों से छोड़ी थी...



www.naisochlive.com | पटना, शुक्रवार, 22 मई 2026, वर्ष- 09, अंक- 87, पृष्ठ-12, मूल्य - 3:00 | naisochexpress@gmail.com

# पांच देशों की ऐतिहासिक यात्रा पूरी कर स्वदेश लौटे पीएम मोदी

## प्रधानमंत्री को दो देशों से मिले सर्वोच्च सम्मान

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गुरुवार की सुबह पांच देशों की अपनी बेहद महत्वपूर्ण और व्यस्त राजनयिक यात्रा पूरी कर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली लौट आए हैं। 15 मई से शुरू होकर 20 मई तक चली इस छह दिवसीय कूटनीतिक यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली का दौरा किया। यूएई से शुरू होकर इटली में समाप्त हुई इस यात्रा पर पूरी दुनिया की नजरें टिकी हुई थीं। इस व्यापक दौरे का मुख्य रणनीतिक मकसद भारत के लिए दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना, उच्च तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना और यूरोपीय तथा पश्चिम एशियाई साझेदारों के साथ देश के आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों को एक नई ऊंचाई देना था। इस यात्रा के पहले पड़ाव में यूएई के साथ भारत ने एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति और रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को मजबूत करने के लिए कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी को भारत में कच्चे तेल के भंडारण की क्षमता को बढ़ाकर 30 मिलियन बैरल करने की अनुमति दी गई, जबकि यूएई ने भारत में 5 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई। इसके बाद नीदरलैंड की यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा, महत्वपूर्ण खनिज और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में रिकॉर्ड 17 द्विपक्षीय समझौतों पर मुहर लगी। प्रधानमंत्री ने जल प्रबंधन प्रणालियों को समझने के लिए वहां के प्रसिद्ध अफस्लूटडाइक बांध का भी दौरा किया। यात्रा के अगले चरण में स्वीडन दौरे के दौरान भारत और स्वीडन के संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर उन्नत किया गया। प्रधानमंत्री ने वहां यूरोपियन राउंड टेबल फॉर इंडस्ट्री को संबोधित किया और उन्हें स्वीडन के प्रतिष्ठित सम्मान रॉयल ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टार से नवाजा गया। इसके बाद वे नॉर्वे पहुंचे, जो पिछले 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली ओस्लो यात्रा थी। वहां उन्होंने तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में भाग लेकर ग्रीन टेक्नोलॉजी और एआई पर चर्चा की तथा उन्हें रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट से सम्मानित किया गया।


## विदेश यात्रा के दौरान वैश्विक नेताओं को पीएम ने दिए कला, विरासत और व्यंजनों से भरे उपहार

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी पांच देशों- यूएई, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की यात्रा पूरी करके स्वदेश लौट आए हैं। उन्होंने 15-20 मई तक की अपनी हालिया विदेश यात्राओं के दौरान वैश्विक नेताओं को भारत की समृद्ध कलात्मक विरासत, शिल्प कौशल और पारंपरिक व्यंजनों को दर्शाने वाले अनूठे उपहार भेंट किए। ये उपहार न केवल भारत की सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करते हैं बल्कि संबंधित देशों के साथ गहरे द्विपक्षीय एवं ऐतिहासिक संबंधों को भी रेखांकित करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मैटरेला को आगरा के कारीगरों द्वारा निर्मित संगमरमर की जड़ाई (पिएत्रा दुरा) का बक्सा भेंट किया। इसमें भारत रत्न पंडित भीमसेन जोशी और एमएस सुब्बुलक्ष्मी के गायन से जुड़ी सीडी है जबकि प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी को असम का मूगा रेशमी शॉल (अपनी प्राकृतिक सुनहरी चमक के लिए प्रसिद्ध भारत का "स्वर्ण रेशम") और शिरुई लिली सिल्क स्टोल (मणिपुर के दुर्लभ शिरुई लिली फूल से प्रेरित, जो इतालवी पुनर्जागरण कला में भी पवित्रता का प्रतीक है) भेंट की। नीदरलैंड के राजा विलेम अलेक्जेंडर को जयपुर की ब्लू पॉटरी कलाकृतियां (जीआई टैग) भेंट की, जो क्वाट्र्ज पाउडर और कांच के मिश्रण से निर्मित पारंपरिक सिरेमिक कला, जो नीदरलैंड की 'डेल्फ़्ट ब्लू पॉटरी' के साथ सांस्कृतिक जुड़ाव दर्शाती है। नीदरलैंड की रानी मैक्सिमा को मीनाकारी और कुंदन की बालियां उपहार में दीं। ये बालियां राजस्थान की शाही परंपरा से जुड़े जीवंत रंगों और सोने की पन्नी में जड़े रत्नों का आभूषण है।

## खरगे, सोनिया, राहुल व अन्य ने वीर भूमि पहुंचकर दी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि

**एजेंसी। नई दिल्ली**





पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि पर आज यहां वीर भूमि में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने वीर भूमि पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, सांसद और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी को उनकी पुण्यतिथि पर नमन। वीर भूमि पर आयोजित कार्यक्रम में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने राजीव गांधी की समाधि पर पुष्प अर्पित किए और कुछ देर मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। खरगे ने राजीव गांधी को 21वीं सदी के आधुनिक भारत की नींव रखने वाला दूरदर्शी नेता बताया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने युवा भारत की शक्ति पर भरोसा करते हुए मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की। पंचायतों को अधिकार देकर लोकतंत्र को गांव-गांव तक मजबूत किया तथा दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी और कम्प्यूटरीकरण के माध्यम से भारत को नए युग की दिशा दी। राहुल गांधी ने एक्स पर अपने पिता के साथ एक पुरानी तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि पापा, आपने जिस कुशल, समृद्ध और मजबूत भारत का सपना देखा था, उसे साकार करने की जिम्मेदारी मैं पूरी करूंगा। आपकी सीख, आपके संस्कार और आपकी यादें हमेशा मेरे साथ रहेंगी। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने कहा कि राजीव गांधी ने अपने छोटे से कार्यकाल में भारत के परिवर्तन की मजबूत नींव रखी। महिलाओं, युवाओं, गरीबों और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने वाली उनकी नीतियों का प्रभाव आज भी दिखाई देता है। वेणुगोपाल ने कहा कि भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा करते हुए राजीव गांधी ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, जिसे देश कभी नहीं भूलेगा। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजीव गांधी ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बड़े सपने देखे और युवाओं को 18 वर्ष की आयु में मतदान का अधिकार देकर लोकतंत्र में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की। गहलोत ने कहा कि राजीव गांधी का मानना था कि युवा पीढ़ी ही भारत का भविष्य है। केरल के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने एक्स पर लिखा कि राजीव गांधी ने आधुनिक भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उन्होंने पंचायती राज सुधारों को लागू कर लोकतंत्र को मजबूत किया और देश को 21वीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार किया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी की स्मृतियां और विचार आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### देश में तेजी से विकसित हो रहे ग्रीन एक्सप्रेस-वे के चलते सड़क यात्रा का स्वरूप बदला : गडकरी

**नई दिल्ली**। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि देश में तेजी से विकसित हो रहे ग्रीन एक्सप्रेस-वे और नियंत्रित प्रवेश वाले राजमार्गों के कारण सड़क यात्रा का स्वरूप पूरी तरह बदल रहा है। उन्होंने कहा कि मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे बनने के बाद दोनों शहरों के बीच विमान सेवाएं लगभग बंद हो गई थीं और अब दिल्ली-देहरादून तथा दिल्ली-जयपुर मार्ग पर भी ऐसी स्थिति बन रही है, क्योंकि सड़क मार्ग से यात्रा समय काफी कम हो गया है। नितिन गडकरी ने अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स इन इंडिया (एमचैम) के वार्षिक नेतृत्व सम्मेलन में कहा कि आधुनिक प्रौद्योगिकी, नवाचार, अनुसंधान, कौशल और सफल कार्यप्रणालियां ही भविष्य की अर्थव्यवस्था की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि ज्ञान को संपत्ति में बदलना ही भविष्य का सबसे बड़ा आर्थिक मॉडल है और भारत इसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत अब परिपत्र अर्थव्यवस्था की दिशा में तेजी से काम कर रहा है, जहां कचरे को संपदा में बदला जा रहा है। सड़क परिवहन मंत्रालय नगरों के पुराने ठोस कचरे का उपयोग सड़क निर्माण में कर रहा है। अब तक 90 लाख टन से अधिक ठोस नगर कचरे का उपयोग सड़क निर्माण में किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि बायो-बिटुमिन पर सफल अनुसंधान पूरा हो चुका है और अब पेट्रोलियम बिटुमिन में 30 प्रतिशत तक बायो-बिटुमिन मिलाया जा सकता है। इसके अलावा उपयोग किए जा चुके टायरों से प्राप्त 15 प्रतिशत रबर पाउडर और सात प्रतिशत प्लास्टिक का उपयोग भी सड़क निर्माण में किया जा रहा है।



### सरकार का दावा- देश के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध

**नई दिल्ली**। केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि देश के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीज़ल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। सरकार ने कहा कि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कालाबाजारी को रोकने के लिए डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड पर आधारित एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी बढ़कर लगभग 96 फीसदी हो गई है। पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने नई दिल्ली में मौजूदा पश्चिम एशिया घटनाक्रमों पर अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में कहा कि हमारे पास कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त सप्लाई है। उन्होंने बताया कि देश की मांग को पूरा करने के लिए हमारी रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। इसके अलावा रिफाइनरियों में एलपीजी का उत्पादन भी बढ़ा दिया गया है, जबकि देश में लगभग 46-47 हजार टन एलपीजी का उत्पादन हो रहा है। सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की सप्लाई स्थिर बनी हुई है। पिछले तीन दिनों में 1.32 करोड़ बुकिंग के मुकाबले 1.34 करोड़ घरेलू एलपीजी सिलेंडर डिलीवर किए गए। इनमें से 96 फीसदी डिलीवरी डीएसी कोड का इस्तेमाल करके पूरी की गईं। 1 मई से अब तक कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई लगभग 13,32,000 टन रही है, जबकि पिछले तीन दिनों में 23,588 टन एलपीजी बेची गई। संयुक्त सचिव ने बताया कि ऑटो एलपीजी की बिक्री 963 टन रही है, और लगभग 18.87 लाख 5 किलोग्राम वाले सिलेंडर बेचे गए हैं।



## पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड हमज़ा बुरहान मुजफ्फराबाद में मारा गया



**नई दिल्ली**। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले का मास्टरमाइंड हमज़ा बुरहान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के मुजफ्फराबाद में अज्ञात बंदूकधारियों के हमले में मारा गया। उसे कई गोलियां लगीं। हमले के बाद उसके साथियों ने उसे तुरंत पास के अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विदेशी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 27 साल का हमज़ा बुरहान भारत में प्रतिबंधित आतंकी संगठन अल-बद्र से जुड़ा था। उसका पूरा नाम अरजुमंद गुलजार डार था, जिसे उसके सर्किल में 'डॉक्टर' के नाम से भी जाना जाता था। पुलवामा के रत्नीपुरा इलाके के ग्राम खरबतपोरा में पैदा हुआ हमज़ा 2017 में उच्च शिक्षा के बहाने पाकिस्तान चला गया था। बाद में वह प्रतिबंधित आतंकी संगठन अल-बद्र में शामिल हो गया और आखिरकार कमांडर के रैंक तक पहुंच गया। वह कश्मीर घाटी में कई आतंकी हमलों में शामिल था। हमज़ा 14 फरवरी 2019 को हुए पुलवामा आतंकी हमले के मास्टरमाइंड में से एक था। उसे पीओके मुजफ्फराबाद में अज्ञात बंदूकधारियों ने मार गिराया। हमलावरों ने मुजफ्फराबाद स्थित एआईएमएस कॉलेज के बाहर उस पर ताबड़तोड़ फायरिं की जिसमें वह गिर पड़ा। गौरतलब है कि हमजा की मदद से आतंकियों ने पुलवामा के लाथपोरा में श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे पर सीआरपीएफ के काफिले पर आत्मघाती हमला किया था, जिसमें सीआरपीएफ के 40 जवान बलिदान हो गए थे। इस घटना के बाद पाकिस्तान और भारत के बीच हालात बेहद तनावपूर्ण हो गए थे, वहीं भारत ने पाकिस्तान में कई आतंकी ठिकानों पर हमले किए थे।

## एआई से स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांति संभव, लेकिन नियमन और नैतिकता जरूरी : जेपी नड्डा

**नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली**



विश्व स्वास्थ्य सभा के 79वें सत्र के दौरान आयोजित कार्यक्रम स्वाथ्य के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ताः कानून, नैतिक निगरानी, शोध और समानता में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि एआई स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने की क्षमता रखता है, लेकिन इसके लाभ हर नागरिक तक पहुंचाने के लिए इसे सुदृढ़ नियमन, कठोर शोध, नैतिक निगरानी और समानता की प्रतिबद्धता से संचालित करना होगा। बैठक में उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत सुरक्षित, पारदर्शी और जनकेंद्रित स्वास्थ्य एआई ढांचे को आगे बढ़ा रहा है। नड्डा ने कहा कि साल 2015 में शुरू की गई डिजिटल इंडिया पहल ने भारत को भविष्य की तकनीकों, विशेषकर एआई, के लिए तैयार किया। साल 2017 की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति ने एकीकृत और समावेशी डिजिटल स्वास्थ्य तंत्र की परिकल्पना की थी, जिसे 2021 में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन और सहमति आधारित डिजिटल स्वास्थ्य डेटा ढांचे के जरिए आगे बढ़ाया गया। उन्होंने फरवरी 2026 में शुरू की गई स्ट्रेटेजी फॉर एआई इन हेल्थकेयर फॉर इंडिया (साही) का जिक्र करते हुए कहा कि यह ग्लोबल साउथ से उभरने वाली पहली व्यापक रणनीति है, जो भारत की स्वास्थ्य यात्रा को नैतिक, पारदर्शी और जनकेंद्रित तरीके से मार्गदर्शन देती है। भारत ने बेंचमार्किंग ओपन डेटा प्लेटफॉर्म फॉर हेल्थ (बोध) एआई भी विकसित किया है, जिससे एआई समाधान वास्तविक डेटा पर आधारित होकर सुरक्षित और समान रूप से सभी नागरिकों के लिए उपयोगी बन सकें। उन्होंने कहा कि एआई की चुनौतियों और अवसरों का सामना कोई भी देश अकेले नहीं कर सकता। भारत विश्व के साझेदारों के साथ मिलकर विश्वसनीय और इंटरऑपरेबल स्वास्थ्य डेटा तंत्र को मजबूत करेगा, सहयोगी शोध को बढ़ावा देगा, नैतिक एआई विकास को आगे ले जाएगा और साझा स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करेगा। नड्डा ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई का भविष्य केवल एल्गोरिद्म से नहीं बल्कि सरकारों, संस्थाओं और समाजों के सामूहिक निर्णयों से तय होगा।

## गडकरी ने उत्तर प्रदेश के 11,672 किमी राष्ट्रीय राजमार्गों की गुणवत्ता और रखरखाव की समीक्षा की

**नई दिल्ली**। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने उत्तर प्रदेश में 11,672 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों की गुणवत्ता और रखरखाव के प्रगति की समीक्षा की। बैठक में गडकरी ने समयबद्ध क्रियान्वयन, गुणवत्ता मानकों का सख्ती से पालन और उन्नत तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि मीडिया और सोशल मीडिया से प्राप्त फीडबैक के आधार पर गुरुवार को यहां आयोजित समीक्षा बैठक में केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा और हर्ष मल्होत्रा सहित एनएचएआई, एनएचआईडीसीएल, सड़क परिवहन मंत्रालय और परियोजना ठेकेदार शामिल हुए। गडकरी ने बैठक में समयबद्ध क्रियान्वयन, गुणवत्ता मानकों का सख्ती से पालन और उन्नत तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया ताकि राजमार्ग ढांचा टिकाऊ और कुशल बने। उन्होंने कहा कि मजबूत सड़क नेटवर्क कनेक्टिविटी बढ़ाने, आर्थिक विकास को गति देने और यात्रियों की सुविधा सुधारने के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मानसून की तैयारियों को व्यापक रूप से सुनिश्चित किया जाए।

## इबोला वायरस को लेकर भारत सरकार ने किया अलर्ट




**नई दिल्ली**। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने अफ्रीका में फैले इबोला वायरस को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो और युगांडा में फैले इबोला को पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑफ इंटरनेशनल कंसर्न घोषित किए जाने के बाद भारत सरकार हालात पर नजर बनाए हुए है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक डीजीएचएस ने सभी इंटरनेशनल एयरपोर्ट्स को एडवाइजरी भेजी है खासकर उन यात्रियों के लिए जो डीआर कांगो, युगांडा और साउथ सूडान जैसे हाई रिस्क देशों से आ रहे हैं। एडवाइजरी में कहा है कि अगर किसी यात्री में बुखार, सिरदर्द, कमजोरी, उल्टी-दस्त, गले में खराश या खून बहने जैसे लक्षण हैं तो उसे इमिग्रेशन से पहले ही एयरपोर्ट हेल्थ ऑफिसर को रिपोर्ट करना होगा। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने स्पष्ट किया कि भारत में फिलहाल इबोला का कोई मामला सामने नहीं आया है और देश के लिए वर्तमान खतरा बेहद कम है। हालांकि सावधानी के तौर पर निगरानी और तैयारियों को और मजबूत किया जा रहा है।

## रेल यात्रियों से सतर्क व सजग रहने की अपील, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना 139 पर दें : रेलवे

**नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली**



हाल के दिनों में रेलवे को निशाना बनाने वाली घटनाओं के मद्देनजर रेल मंत्रालय ने यात्रियों से यात्रा के दौरान सतर्क और सजग रहने की अपील की है। रेलवे ने कहा है कि स्टेशन परिसर या ट्रेनों में किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी तुरंत रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर दें, ताकि असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई की जा सके। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को यहां रेल भवन में रेलवे सुरक्षा को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में रेलवे राज्यमंत्री वी. सोमन्ना, रवनीत सिंह बिट्टू तथा रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार सहित देशभर के फील्ड अधिकारियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में बताया गया कि ट्रेनों, यात्रियों, स्टेशन परिसरों और विशाल रेल नेटवर्क की सुरक्षा बढ़ाने के लिए रेलवे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ड्रोन, सीसीटीवी और अन्य आधुनिक तकनीकों का व्यापक उपयोग कर रहा है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के स्तर पर खुफिया तंत्र को मजबूत करते हुए मिशन मोड में यह अभियान चलाया जा रहा है। समीक्षा बैठक के दौरान हाल के कुछ अग्निकांडों सहित कई घटनाओं की प्रारंभिक जांच में असामाजिक तत्वों की संलिप्तता सामने आने की जानकारी दी गई। रेलवे ने इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए कहा कि आरपीएफ सक्रिय रूप से जांच कर रही है। कई मामलों में रेलवे की त्वरित और सक्रिय कार्रवाई से बड़ी घटनाओं को टालने में सफलता मिली। बैठक में फील्ड स्तर से खुफिया जानकारी जुटाने की प्रणाली को और मजबूत बनाने, रिपोर्टिंग तंत्र में सुधार करने तथा तकनीक आधारित सुरक्षा व्यवस्था को विस्तार देने पर जोर दिया गया।

## राजनाथ सिंह ने सियोल के इमजिनगैक पार्क में भारतीय युद्ध स्मारक का उद्घाटन किया

**नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली**

**कोरियाई युद्ध की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बनाया गया है यह स्मारक**



दक्षिण कोरिया की यात्रा के आखिरी दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को सियोल के इमजिनगैक पार्क में भारतीय युद्ध स्मारक का उद्घाटन किया। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में कोरियाई प्रायद्वीप में शांति और मानवीय सहायता के क्षेत्र में भारत के अमिट योगदान की चर्चा की। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का साझा इतिहास और बलिदान भारत-कोरिया विशेष रणनीतिक साझेदारी की मजबूत नींव बने हुए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ दक्षिण कोरिया के पूर्व सैनिक मामलों के मंत्री क्वोन ओह-यूल भी भारतीय युद्ध स्मारक के उद्घाटन में शामिल हुए। यह स्मारक कोरियाई युद्ध की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बनाया गया है, ताकि युद्ध के दौरान भारतीय सेना की 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस और कस्टोडियन फोर्स ऑफ इंडिया (सीएफआई) के साहस, बलिदान और मानवीय सेवा को श्रद्धांजलि अर्पित की जा सके। दोनों मंत्रियों ने स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके उन बहादुर भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी, जिनकी सेवा को कोरिया गणराज्य के लोग आज भी गहरे सम्मान और कृतज्ञता के साथ याद करते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सैनिकों की भूमिका को याद करने से लोगों के बीच आपसी समझ मजबूत होते हैं और दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों पर नए सिरे से ध्यान जाता है। स्मारक की स्थापना में बहुमूल्य सहयोग के लिए उन्होंने कोरिया गणराज्य की सरकार, विशेष रूप से पूर्व सैनिक मामलों के मंत्रालय के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। दक्षिण कोरिया के पूर्व सैनिक मामलों के मंत्री ने कोरियाई युद्ध के दौरान भारत की भूमिका की सराहना की। कोरियाई युद्ध में भाग लेने वाले सैनिकों को सम्मानित करने और उनके बीच आदान-प्रदान को मजबूत करने के उद्देश्य से दोनों मंत्रियों ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। सैनिकों के निःस्वार्थ बलिदान की स्मृति में एक संस्मरण भी जारी किया गया।

## निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों पर लागू नहीं होंगे एसएमसी दिशानिर्देश 2026 : शिक्षा मंत्रालय

**नई दिल्ली**। शिक्षा मंत्रालय ने स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) दिशानिर्देश 2026 को लेकर समाज के कुछ वर्गों द्वारा उठाई गई चिंताओं पर गुरुवार को स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा है कि ये दिशानिर्देश शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम की धारा 2(एन)(4) के तहत आने वाले निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों पर लागू नहीं होंगे, बशर्ते ऐसे संस्थानों को अपने खर्चों के लिए केंद्र, राज्य सरकार या स्थानीय निकाय से किसी प्रकार की सहायता या अनुदान प्राप्त न हो। मंत्रालय ने हालांकि कहा कि ऐसे निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों को पारदर्शिता, जवाबदेही और सहभागितापूर्ण प्रशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्कूल प्रबंधन समितियों का गठन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। शिक्षा मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि शिक्षा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें स्कूलों, अभिभावकों और समुदाय की भी समान भागीदारी होती है। मंत्रालय के अनुसार, अभिभावकों, स्कूलों और अन्य हितधारकों के बीच सहयोग को मजबूत करना स्कूलों के समग्र संचालन को बेहतर बनाने और बच्चों के सीखने के परिणामों में सुधार के लिए आवश्यक है।

## जल्द फाइनल हो सकती है भारत-अमेरिका ट्रेड डील, राजदूत गोर ने दिए संकेत

**नई दिल्ली**। करीब एक साल से अटकी अमेरिकी ट्रेड डील के फाइनल होने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा है कि आने वाले कुछ हफ्तों या महीने में भारत-अमेरिका ट्रेड डील को पूरा किया जा सकता है। दोनों देशों के बीच इस डील को लेकर कई दौर की बातचीत हो चुकी है और अब इस पर अंतिम फैसला करने का वक्त आ गया है। भारत में अमेरिका के राजदूत गोर ने कहा है कि पिछले महीने भारत का एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल वॉशिंगटन गया था और अब अगले महीने अमेरिका की टीम दिल्ली आएगी, ताकि बातचीत को आगे बढ़ाया जा सके। गोर ने कहा कि इस डील पर बातचीत शुरू हुए करीब डेढ़ साल हो चुके हैं, लेकिन बड़े व्यापार समझौतों में समय लगता है। फिलहाल अब ऐसा लग रहा है कि जल्द ही दोनों देशों की ट्रेड डील को अंतिम मुकाम तक पहुंचाया जा सकेगा। सर्जियो गोर ने कहा कि यूरोपीय संघ के साथ ऐसे समझौते में करीब 19 साल लगे थे। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले कुछ हफ्तों या महीनों में भारत-अमेरिका ट्रेड डील फाइनल हो सकती है। समझौता ऐसा होना चाहिए, जिसमें दोनों के हितों को ध्यान रखा जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### भाकपा राज्य परिषद की बैठक 22-23 मई को छपरा में होगी

**पटना।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बिहार राज्य परिषद की दो दिवसीय बैठक 22-23 मई, 2026 को छपरा में होगी। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव का. संजय कुमार, पूर्व एमएलसी एवं का. डा. गिरीश चन्द्र शर्मा भाग लेंगे। बैठक में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय सचिव का. गिरीशचंद्र शर्मा पटना पहुँच गए।भाकपा राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने बयान जारी कर कहा कि बैठक की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ 6 से 15 अगस्त, 2026 राष्ट्रव्यापी पदयात्रा 19-20 अगस्त, 2026 राज्यव्यापी जेल भरो कार्यक्रम एवं 28 सितम्बर शहीदे आजम भगत सिंह के जन्म तिथि पर दिल्ली में प्रदर्शन की तैयारी सहित अनेक जन आंदोलन की रूप रेखा तय की जाएगी। इसके अलावे त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव, 25 मई, 2026 बिहार राज्य किसान सभा, खेत मजदूर यूनियन, अखिल भारतीय नौजवान संघ का जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन,10 जून, 2026 गयाजी में आयोजित किसान महापंचायत आदि मुद्दों पर चर्चा होगी।भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि बिहार में भाजपा के मुख्यमंत्री बनते ही बुलडोजर अभियान तेज हो गया है। मुख्यमंत्री से लेकर अधिकारी तक धमकी भरे लहजे में बात कर रहे हैं। बिहार में 54 लाख लोगों का नाम राशन कार्ड से हटाया जा रहा है। चुनाव समाप्त होते ही डीजल-पेट्रोल की कीमत बढ़ा दी गई है। महंगाई आसमान छूने लगी है। जिसका असर गरीबों की जिंदगी पर पड़ रहा है। केंद्र और राज्य सरकार सभी फैसले गरीब विरोधी ले रही है। खाद्य वस्तुओं की कीमते लगातार बढ़ रही है। अपराध चरम पर पहुँच गया है। इन्हीं मुद्दों पर राज्य परिषद की बैठक में चर्चा होगी।

### दियारा के लिए पक्का पुल निर्माण के लिए प्रियंका ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात



**दानापुर।** नगर में विभिन्न समस्याओं एवं दियारा जाने के लिए पुल निर्माण कराने के लिए छावनी परिषद के उपाध्यक्ष रहे स्व.रंजीत कुमार उर्फ दही गोप की पत्नी अधिवक्ता प्रियंका कुमारी ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात की। उन्होंने दानापुर की विभिन्न समस्याओं को बताते हुए दियरा वासियो के लिए पुल निर्माण कराने की बात रखी। इसके अलावा दानापुर को जाम की समस्या से राहत दिलाने एवं दानापुर में बढ़ रहे अपराधिक घटनाओं को रोकने के विषय में भी चर्चा की। वहीं मुख्यमंत्री ने उन्हें आस्वस्त किया कि लोगों की जो भी समस्याएं होंगे सरकार उनको पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### सटीक आंकड़े पर्यटन विकास की रणनीति तय करने में सहायकः निदेशक

**पटना।**भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित "पर्यटक आंकड़ा सर्वे प्रशिक्षण कार्यक्रम" के अंतर्गत बिहार पर्यटन के सभी पर्यटन सूचना अधिकारियों को पर्यटकों के आंकड़ों के संकलन, रिकॉर्डिंग एवं डेटा प्रबंधन से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। पर्यटन निदेशालय सभागार में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेष सचिव सह पर्यटन निदेशक उदयन मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। उदयन मिश्रा ने कहा कि सटीक आंकड़े न सिर्फ पर्यटन विकास की रणनीति तय करने में सहायक होंगे, बल्कि स्थानीय संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करने, योजनाएं बनाने, उनके क्रियान्वयन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आज आयोजित इस प्रशिक्षण के मुख्य उद्देश्य पर्यटन आंकड़ों की सटीकता सुनिश्चित करना तथा उन आंकड़ों का उपयोग करके भविष्य की पर्यटन योजनाओं और नीतियों को और अधिक सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की उपनिदेशक सौम्या मिश्रा तथा सहायक निदेशक श्री सुनील देवे ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए आंकड़ा-संकलन की आधुनिक विधियों, डिजिटल रिकॉर्डिंग प्रणालियों, डेटा प्रमाणिकता और गोपनीयता मानकों पर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने फील्ड स्तर पर डेटा संग्रहण की चुनौतियों, त्रुटि रहित एंट्री सुनिश्चित करने के तरीकों तथा रिपोर्टिंग फॉर्मेट के मानकीकरण पर विशेष ध्यान देने का निदेश दिया। इस अवसर पर विभाग के संयुक्त निदेशक राजेश रोशन ने कहा कि पर्यटन विभाग का मानना है कि इस प्रशिक्षण से प्राप्त कौशल और मानकीकृत डेटा संग्रहण प्रणाली बिहार में पर्यटन के सतत और संयोजित विकास में एक निर्णायक भूमिका निभाएगी। विभाग शीघ्र ही प्रशिक्षित अधिकारियों के मार्गदर्शन में राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर व्यापक सर्वे की योजना बना रहा है, जिनके आधार पर भविष्य में प्रचार-प्रसार, बुनियादी ढांचा विकास और नीति निर्धारण किये जाएंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप सचिव नेहा कुमारी, सहायक निदेशक केशरी कुमार तथा संबंधित अधिकारी व पर्यटन सूचना कार्यालयों के प्रभारी भी उपस्थित रहे।

### मातृ-मृत्यु दर में ऐतिहासिक कमी राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की बड़ी उपलब्धि : मंगल

**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने कहा कि सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एसआरएस) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार बिहार में मातृ - मृत्यु अनुपात (एमएमआर) में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। जो प्रशंनीय है। यह स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारियों व पदाधिकारियों की अथक मेहनत का प्रतिफल है। जो इस बात को प्रमाणित करता है कि पूर्व की सरकार की तुलना में एनडीए सरकार ने बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में अतुलीय योगदान दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने जो विकास की नींव रखी है, उसे मौजूदा एनडीए सरकार मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में कायम रखेगी यही मंगल कामना है। जिससे प्रदेश के लोग स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ ले सकेंगे। श्री पांडेय ने कहा कि ताजा आंकड़ा बिहार के लिए गर्व का विषय है और राज्य की सुदृढ़ होती स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष प्रमाण है। बिहार में मातृ- मृत्यु दर अब प्रति 1 लाख प्रसव पर घटकर 96 हो गई है। जो पहले 104 थी। यह भारी गिरावट विगत वर्षों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए संरचनात्मक सुधारों, जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन और स्वास्थ्यकर्मियों के अथक परिश्रम का परिणाम है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 'मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना', 'जननी बाल सुरक्षा योजना' के सुदृढ़ीकरण, हर प्रखंड में 24 घंटे प्रसव केंद्र, एएनएम व आशा कार्यकर्ताओं का क्षमता-वर्धन, और संस्थागत प्रसव को 90 प्रतिशत से ऊपर ले जाने जैसे ठोस कदम उठाए गए थे। आज उसका सुखद परिणाम राज्य की माताओं-बहनों को मिल रहा है। बिहार ने मातृ-मृत्यु दर में जो गिरावट दर्ज की है वो यह दर्शाता है कि जब नीति, नीयत और नेतृत्व एक दिशा में काम करते हैं, तो परिणाम बदलते हैं। अब मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार की स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर हो रही हैं। श्री पांडेय ने कहा कि ''एम्बुलेंस सेवा' का विस्तार, उच्च जोखिम गर्भावस्था की ट्रैकिंग और जिला अस्पतालों में ब्लड बैंक व एसएनसीयू की स्थापना से प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं में भारी कमी आई है। मैं बिहार के सभी डॉक्टरों, नर्सों, एएनएम, आशा दीदियों और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को बधाई देता हूं जिनकी मेहनत से यह संभव हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी सोच की वजह से स्वास्थ्य क्षेत्र को मिली प्राथमिकता के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं।

# कांवरियों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो, यह सुनिश्चित करें - मुख्यमंत्री

नई सोच एक्सप्रेस



» सभी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक श्रावणी मेला की तैयारी अच्छे ढंग से करें
» कांवरिया पथ पर बने प्रमुख विश्राम स्थलों के पास स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध रखें
» शौचालय, साफ-सफाई और पेयजल की बेहतर सुविधा रखें

**पटना।**मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' सभागार में श्रावणी मेला-2026 की तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ,पुलिस अधीक्षक भी जुड़े रहे। बैठक में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने श्रावणी मेला-2026 की तैयारियों को लेकर प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था का संधारण, पेयजल, शौचालय, स्नानागार, साफ-सफाई, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा व्यवस्था, टेंट, पंडाल, जलापूर्ति, सी०सी०टी०वी०, अग्निशमन आदि व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि सभी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक श्रावणी मेला की तैयारी अच्छे ढंग से करें। इसकी व्यवस्था के संबंध में एक विस्तृत प्रतिवेदन तैयार करें। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं और सुरक्षा को लेकर क्या-क्या करने की जरूरत है। श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित कैसे रखा जाय, इन सब बिन्दुओं पर कार्य योजना बनायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांवरियों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो, यह सुनिश्चित करें। पैदल पथ व्यवस्थित और सुविधाजनक बनायें। शौचालय, साफ-सफाई और पेयजल की बेहतर सुविधा रखें। कांवरिया पथ पर बने प्रमुख विश्राम स्थलों के पास स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध रखें। कांवरिया स्थलों पर चिकित्सा की एमरजेंसी सुविधा भी उपलब्ध रखें, ताकि कांवरियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्या आने पर उनका त्वरित इलाज हो सके। उन्होंने कहा कि कहीं भी बिजली का नंगा तार न रहे, बिजली की निर्बाध आपूर्ति हो। राज्य के शिवालयों में जल चढ़ाने के दौरान भीड़ को नियंत्रित और व्यवस्थित रखना सुनिश्चित करें। श्रद्धालुओं की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें।

## नए विधान पार्षद सोनू राय को सभापति ने दिलायी पद और गोपनीयता की शपथ



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**बिहार विधान परिषद् के उपचुनाव, 2026 में भोजपुर-सह-बक्सर स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र से राजद के निर्वाचित हुए सदस्य सोनु कुमार राय को बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। यह कार्यक्रम विधान परिषद् के उपभवन सभागार में आयोजित की गई। राज्यपाल द्वारा निर्गत निर्वाचन की अधिसूचना विधान परिषद् के प्रभारी सचिव शंकर कुमार ने पढ़ी। शपथ ग्रहण समारोह के मौक़े पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, बिहार विधान परिषद् के उप सभापति प्रो.(डॉ.) रामवचन राय, सांसद सुधाकर सिंह, बिहार विधान परिषद् के सदस्य सुनील कुमार सिंह, डॉ. उर्मिला ठाकुर, शशि यादव, अजय कुमार सिंह, अन्य गणमान्य एवं सैकड़ो की संख्या में राजद कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री को लेकर राहुल गांधी द्वारा की गई टिप्पणी घोर निंदनीय : अशोक चौधरी

नई सोच एक्सप्रेस



» सहयोग शिविरों से आमजनों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर होगा समाधान : मदन सहनी

**पटना।**जद यू प्रदेश कार्यालय, पटना में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री डॉ अशोक चौधरी, मंत्री मदन सहनी एवं डॉ श्वेता गुप्ता ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित मामलों के विधिसम्मत एवं त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।इस अवसर पर विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, प्रो नवीन आर्य चन्द्रवंशी,अनिल कुमार एवं लोकप्रकाश सिंह भी उपस्थित रहे। मीडिया से बातचीत करते हुए मंत्री डॉअशोक चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री को लेकर राहुल गांधी द्वारा की गई टिप्पणी घोर निंदनीय है। राजनीतिक विरोध के नाम पर शब्दों की मर्यादा लांघना लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुकूल नहीं है और देश की जनता भी इस प्रकार की भाषा को स्वीकार नहीं करेगी।तेजस्वी यादव पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री चौधरी ने कहा कि अपराधियों के विरुद्ध होने वाली कार्रवाई को जातीय रंग देना विपक्ष की निम्नस्तरीय राजनीति का परिचायक है। मुद्दों के अभाव में नेता प्रतिपक्ष ओछी राजनीति पर उतर आए हैं। अपराध और अपराधी को जाति के चश्मे से देखना पूरी तरह अनुचित है। मंत्री मदन सहनी ने कहा कि सरकार द्वारा पंचायत स्तर पर सहयोग शिविरों की शुरुआत जनहितकारी पहल है। इससे आम लोगों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा तथा उनकी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान सुनिश्चित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार आम जनजीवन को अधिक सुगम एवं सुविधाजनक बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। श्री सहनी ने कहा कि सूखा नशा के खिलाफ सरकार लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इस सामाजिक बुराई से मुक्ति के लिए सामूहिक सहभागिता एवं जनजागरूकता अत्यंत आवश्यक है। सरकार द्वारा इसको लेकर लगातार जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं।

## सदाकत आश्रम में राजीव गांधी का बलिदान दिवस और सदानंद सिंह की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व राजीव गांधी की 35 वीं पुण्यतिथि (बलिदान दिवस) एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्व सदानंद सिंह की 83 वीं जयंती आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डॉ. मदन मोहन झा ने की। इससे पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने अपने निजी आवास पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी को उनके 35वीं पुण्यतिथि पर माल्यार्पण किया। साथ ही उन्होंने पूर्व विधान सभा अध्यक्ष स्व. सदानंद सिंह के 83 वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित किया।इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने स्व राजीव गांधी की प्रतिमा और स्व सदानंद सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डॉ मदन मोहन झा ने कहा कि स्व राजीव गांधी ने देश को आधुनिक भारत की दिशा दी तथा सूचना प्रौद्योगिकी, पंचायती राज और युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए। वहीं स्व सदानंद सिंह ने बिहार कांग्रेस संगठन को मजबूत करने और जनसरोकार की राजनीति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. मदन मोहन झा ने कहा कि राजीव गांधी का बलिदान देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सदानंद सिंह का राजनीतिक जीवन सादगी, संघर्ष और संगठन के प्रति समर्पण का उदाहरण रहा है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव, ब्रजेश प्रसाद मुनन, विधान पार्षद राजीव कुमार, संजय यादव, स्नेहाशीष वर्द्धन पाण्डेय, मिन्नत रहमानी, सरवत जहां फातमा, कुमार आशीष, शशिकांत तिवारी, कमलदेव नारायण शुक्ला, अरविन्द लाल रजक, वैद्यनाथ शर्मा, मंजीत आनन्द साहू, चन्द्रप्रकाश सिंह, करुणा सागर , पंकज यादव , प्रेमचंद सिंह, सुनील कुमार सिंह, मृणाल अनामय, चन्द्रभूषण राजपूत, अनुराग चंदन, संजय महाराज,विमलेश तिवारी, रीता सिंह,, मुन्द्रिका सिंह यादव, नदीम अंसारी, हीरा सिंह वग्गा, रंजीत कुमार वाल्मीकी, तारक चैधरी, नूरी बेगम, रानी तिवारी, सत्येन्द्र बहादुर, निशांत करपटने, शंकर स्वरूप, अखिलेश्वर सिंह, डा कुमारी सोनी, प्रकाश चन्द्र झा, अंकुर कुमार राज, प्रभात कुमार चन्द्रवंशी, विशाल यादव, विकास कुमार झा, डा कुमारी सोनी, सुजीत चैधरी,शम्स तवरेज उपस्थित थे।

# वैश्विक संकट के बीच रासायनिक खादों का सशक्त विकल्प बनेगा जैविक उर्वरक:विजय सिन्हा

नई सोच एक्सप्रेस



» प्रधानमंत्री के 50% उर्वरक एवं ईंधन कटौती के आह्वान को सफल बनाएगा बिहार
» बिहार कृषि रोड मैप के जरिए राज्य में बड़े पैमाने पर प्राकृतिक और जैविक खेती को दिया जा रहा है बढ़ावा

**पटना।**मिडल ईस्ट (मध्य पूर्व) में बढ़ते तनाव और उसके कारण उत्पन्न वैश्विक संकट के आलोक में,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में फर्टिलाइजर एवं ईंधन की खपत में ५० प्रतिशत की कटौती करने का दूरदर्शी आह्वान किया है। प्रधानमंत्री के इसी संकल्प को धरातल पर उतारने और बिहार के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से बिहार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज बंगलौर का दौरा किया। दौरे के क्रम में कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बंगलौर अवस्थित 'श्री श्री एग्रीकल्चर ट्रस्ट' द्वारा कड़े अनुसंधान के बाद विकसित एवं पेटेंट प्राप्त जैविक खाद तथा जैविक डी.ए.पी. के विषय में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। ट्रस्ट के वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों के साथ हुई इस उच्च स्तरीय बैठक में जैविक उर्वरकों की क्षमता, उत्पादन और उनके सकारात्मक प्रभावों पर गहन मंथन किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूरे होने तथा गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के 70 वें जन्मदिन के अवसर पर एक समारोह आयोजित था। इस विशेष अवसर पर कृषि मंत्री ने वैश्विक मानवतावादी संत एवं आध्यात्मिक गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के दौरान देश के कई राज्यों के शीर्ष नेतृत्व की गरिमामयी उपस्थिति रही। अवसर पर आन्ध्र प्रदेश मुख्यमंत्री एन. चन्द्रबाबू नायडू, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, महाराष्ट्र के सिंचाई मंत्री सहित महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, जम्मू-कश्मीर एवं हिमाचल प्रदेश के मंत्री भी उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने कृषि क्षेत्र में जैविक विकल्पों की आवश्यकता और उनके दूरगामी फायदों पर चर्चा की।इस अवसर पर कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि श्री श्री एग्रीकल्चर ट्रस्ट द्वारा विकसित यह जैविक उर्वरक आने वाले समय में हमारे किसानों के लिए वरदान साबित हो सकता है। यह रासायनिक उर्वरकों का सबसे प्रभावी और बेहतरीन विकल्प है।कृषि मंत्री ने रासायनिक खादों के अंधाधुंध प्रयोग पर चिंता जताते हुए कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से आज मानव स्वास्थ्य के साथ-साथ हमारी उपजाऊ भूमि और पर्यावरण को भी अपूरणीय क्षति हो रही है। यदि हमें अपनी आने वाली पीढ़ी को एक सुरक्षित, स्वस्थ और समृद्ध भविष्य देना है, तो हमें हर हाल में जैविक और प्राकृतिक खेती को अपनाना होगा। श्री सिन्हा ने स्पष्ट किया कि बिहार सरकार माननीय प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुरूप प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राज्य में 'कृषि रोड मैप' के माध्यम से बड़े पैमाने पर जैविक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। बंगलौर में अनुसंधानित यह जैविक तकनीक बिहार के कृषि रोड मैप को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी।अंत में कृषि मंत्री ने विश्वास जताया कि इस प्रकार के उन्नत और पेटेंटेड जैविक उत्पादों को अपनाकर बिहार के किसान न सिर्फ अपनी लागत कम करेंगे, बल्कि देश को फर्टिलाइजर के मामले में आत्मनिर्भर बनाने में भी अपना बहुमूल्य योगदान देंगे।

## प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक और जनसुलभ बनाना निशांत की सर्वोच्च प्राथमिकता : उमेश

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बयान जारी कर कहा कि मंत्री निशांत ने स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी संभालने के बाद से ही प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुदृढ़ आधुनिक एवं जनसुलभ बनाने की दिशा में निरंतर कर रहे है। राज्य के प्रत्येक नागरिक तक बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री लगातार विभागीय कार्यों की मॉनिटरिंग एवं समीक्षा कर रहे हैं। कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से जिला अस्पतालों की नियमित समीक्षा के साथ-साथ वे मरीजों से सीधे संवाद स्थापित कर उनका फीडबैक भी प्राप्त कर रहे हैं, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।श्री कुशवाहा ने कहा कि मंत्री निशांत विशेष रूप से आयुष्मान भारत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दे रहे हैं। विभागीय स्तर पर व्यापक अभियान चलाकर पात्र परिवारों को आयुष्मान कार्ड से जोड़ा जा रहा है, ताकि गरीब, कमजोर एवं आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु सरकारी एवं गैर-सरकारी अस्पतालों के नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है। साथ ही अस्पतालों के क्लेम सेटलमेंट की प्रक्रिया को और सरल बनाने की दिशा में भी कार्य हो रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इलाज की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य के सभी मरीजों के मेडिकल रिकॉर्ड एवं चिकित्सा इतिहास के पूर्ण डिजिटलीकरण के निर्देश दिए हैं। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया है।श्री कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बीते 20 वर्षों में बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था में ऐतिहासिक सुधार हुआ है तथा स्वास्थ्य सेवाएं गांव-गांव तक पहुंची हैं। मंत्री निशांत के नेतृत्व में प्रत्येक व्यक्ति तक बेहतर, आधुनिक एवं सुलभ सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने की दिशा में तेजी से कार्य जारी है।

# बाढ़ और सुखाड़ दोनों की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सभी विभागों के अधिकारी और जिलाधिकारी पूरी तरह अलर्ट रहें- मुख्यमंत्री

नई सोच एक्सप्रेस



» मुख्यमंत्री ने संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ की तैयारियों की समीक्षा की
» आपदा को विपदा न बनने दें। लोगों को आपदा की स्थिति में पूरा सहयोग करें
» जिन क्षेत्रों में बाढ़ की आशंका रहती है, वहां के तटबंधों और सड़कों का निर्माण कार्य 31 मई से पूर्व ही पूर्ण कर लिया जाए
» राज्य सरकार बाढ़ और सुखाड़ की स्थिति में प्रभावितों को हरसंभव मदद करती है, इसे ध्यान में रखते हुये सभी संबद्ध विभाग और अधिकारी सतर्क रहें

पटना, 21 मई 2026: मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' सभागार में संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ के पूर्व तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक,पुलिस अधीक्षक भी जुड़े रहे। बैठक में बिहार मौसम सेवा केन्द्र, पटना के अधिकारी ने इस वर्ष मॉनसून सत्र के दौरान वर्षापात के पूर्वानुमान की जानकारी देते हुए बताया कि जून तथा जुलाई माह में सामान्य से कम वर्षा, अगस्त माह में समान्य वर्षा तथा सितंबर माह में सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना है। दक्षिण बिहार में औसत से कम वर्षा तथा उत्तर बिहार में सामान्य वर्षा की संभावना है। बैठक में आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ की पूर्व तैयारियों से संबंधित मुख्य बातों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मानक संचालन प्रक्रिया (एस०ओ०पी०) के अनुसार बाढ़ पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। सभी जिलों एवं संबद्ध विभागों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने नाव संचालन, पॉलिथिन शीट, राहत सामग्री की उपलब्धता, दवा, पशुचारा, बाढ़ आश्रय स्थल, सामुदायिक रसोई,so ड्राई राशन पैकेट्स/फूड पैकेट्स, जिला आपातकालीन संचालन केंद्र आदि के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी। बैठक में नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार, कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल, पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि, जल संसाधन विभाग के सचिव डॉ० चन्द्रशेखर सिह, डेयरी, मत्स्य एवं पशुपालन विभाग के सचिव श्री शीर्षत कपिल अशोक, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के सचिव राजेश कुमार ने अपने-अपने विभागों द्वारा संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ की स्थिति से निपटने को लेकर की गई तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ० उदय कांत ने बाढ़ सुखाड़ आदि आपदाओं के बारे में लोगों को जागरूक करने तथा आपदा के क्षेत्र में किये गये कार्यों के बारे में जानकारी दी। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि बाढ़ और सुखाड़ दोनों की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सभी विभाग के अधिकारी और जिलाधिकारी पूरी तरह अलर्ट रहें। आपदा को विपदा न बनने दें। लोगों को आपदा की स्थिति में पूरा सहयोग करें। सरकार लोगों के साथ है। राज्य के खजाने पर पहला अधिकार आपदा पीड़ितों का है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बाढ़ और सुखाड़ की स्थिति में प्रभावितों को हरसंभव मदद करती है, इसे ध्यान में रखते हुये सभी संबद्ध विभाग और अधिकारी सतर्क रहें। जिन क्षेत्रों में बाढ़ की आशंका रहती है, वहां के तटबंधों और सड़कों का निर्माण कार्य 31 मई से पूर्व ही पूर्ण कर लिया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### अपार्टमेंट में अनाधिकृत निर्माण को लेकर आरोपियों के खिलाफ नगर परिषद ने भेजा नोटिस

**दानापुर**। नगर के आईएएस कॉलोनी स्थित जया नीलम विहार अपार्टमेंट में अवैध निर्माण का मामला प्रकाश में आया है। जहां नियम को उल्लंघन कर अनाधिकृत रूप से तीन कमरों का निर्माण किया गया है। इस मामले को दानापुर नगर परिषद निजामत द्वारा गंभीरता से लिया गया है। इसको लेकर मेसर्स सूर्या डेवलपर एंड प्लानर्स प्राइवेट लिमिटेड तथा जया नीलम विहार अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 403 में रहने वाले डॉक्टर अरविंद कुमार सिन्हा को नोटिस भेज कर जवाब मांगा है। दरअसल इसी अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 102 में रहने वाले कर्नल मनोज कुमार सेवानिवृत्ति द्वारा आरोप लगाया गया है, कि कायदे कानून को ताकपर रखकर अनाधिकृत रूप से अपार्टमेंट के भूतल के साथ ही ट्रेस फ्लोर पर स्वीकृत मानचित्र के विरुद्ध जाकर तीन कमरों का निर्माण किया गया है। जिससे जिससे अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उक्त आरोप की जांच नगर परिषद प्रशासन द्वारा अपने कनिय अभियंता से कराई गई। जिसमें सभी आरोप सत्य पाए गए इसके बाद नगर परिषद द्वारा निगरानी वाद शुरू कर दिया गया है, और इसी 23 तारीख को निगरानी वाद की सुनवाई के दौरान स्वयं उपस्थित होने अथवा अपने द्वारा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से आरोपितों को अपना पक्ष रखने की बात कही गई है। नगर परिषद क्षेत्र में ऐसे कई अपार्टमेंट है जहां स्वीकृत मानचित्र को ताक पर रखकर निर्माण किया गया है। ऐसे मामलों की गहनता से जांच पड़ताल की जाए तो एक बड़े रैकेट का खुलासा होगा जो अपार्टमेंट का नक्शा तो कुछ और पास कराते हैं और निर्माण कार्य कुछ और होता है।

### स्टाइल बाज़ार ने अपने सभी स्टोर्स पर रोमांचक ऑफर की घोषणा की

**पटना**।स्टाइल बाज़ार, जो भारत की सबसे तेज़ी से बढ़ती वैल्यू फैशन रिटेल चेन में से एक है, ने हाफ प्राइस हंगामा नामक विशेष बाई वन गेट वन ऑफर की घोषणा की है। यह ऑफर 30 जून 2026 तक देशभर के सभी स्टोर्स पर मान्य रहेगा। इस आकर्षक ऑफर का उद्देश्य ग्राहकों को चल रहे समर शॉपिंग सीज़न के दौरान अधिक बचत और बेहतर शॉपिंग अनुभव प्रदान करना है। 'हाफ प्राइस हंगामा' ऑफर चुनिंदा मर्चेंडाइज़ पर लागू होगा, जिसमें मेन्सवेयर, वोमेनस्वेयर, किड्सवेअर, फैशन एसेंटिअल्स और अन्य चयनित उत्पाद शामिल हैं। ग्राहक स्टाइल बाज़ार के विस्तृत स्टोर नेटवर्क में ट्रेंडी स्टाइल्स, फेस्टिव फैशन, कैजुअल वियर और रोज़मर्रा की ज़रूरतों के फैशन प्रोडक्ट्स बेहद किफायती कीमतों पर खरीद सकते हैं।

### बिहार में मिला खनिज तत्वों का भंडार ,जमुई जिले में भारी मात्रा में सोना का भंडार?

#### नीलामी नहीं देश के लोगों से खनन करवाएं

**फतुहा**।विहार की मिट्टी केवल अन्न उगाने वाली धरती नहीं, बल्कि अब दुर्लभ खनिज संपदा का भी विशाल भंडार साबित हो रही है। गया, नवादा, जमुई और बांका जैसे क्षेत्रों में दुर्लभ खनिज तत्व मिलने की खबर ने पूरे देश का ध्यान बिहार की ओर खींच दिया है। यह केवल खनन का मामला नहीं, बल्कि बिहार के भविष्य, रोजगार, उद्योग और आर्थिक आत्मनिर्भरता का प्रश्न बन चुका है। भाजपा मीडिया प्रभारी डॉ. लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने तीखा सवाल उठाते हुए कहा कि यदि राज्य में दुर्लभ खनिज तत्वों का भंडार मिला है, तो सरकार को सबसे पहले अपने ईमानदार अधिकारियों, भू-वैज्ञानिकों और कर्मचारियों के माध्यम से इसकी गहराई से जांच और विकास कराना चाहिए। बिना पूरी जानकारी और तैयारी के सीधे नीलामी की प्रक्रिया शुरू करना बिहार के हितों के साथ खिलवाड़ साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब-जब प्राकृतिक संसाधनों को बिना दूरदृष्टि के बाहरी कंपनियों के हवाले किया गया, तब स्थानीय जनता को केवल धूल, प्रदूषण और विस्थापन मिला, जबकि असली मुनाफा बाहर चला गया। बिहार को केवल खनिज निकालने वाली भूमि नहीं, बल्कि खनिज आधारित उद्योगों का केंद्र बनाया जाना चाहिए। डॉ. पटेल ने कहा कि सरकार यदि सचमुच बिहार का विकास चाहती है तो पहले राज्य के युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण दे, खनन क्षेत्र में स्थानीय रोजगार सुनिश्चित करे और पारदर्शी व्यवस्था लागू करे। केवल नीलामी कर देने से बिहार समृद्ध नहीं होगा। समृद्धि तब आएगी जब बिहार की संपदा पर पहला अधिकार बिहार के लोगों का होगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जानकारी के अभाव में यदि विदेशी कंपनियों या बड़े पूंजीपतियों को जल्दबाजी में अधिकार दे दिया गया, तो आने वाले समय में बिहार फिर संसाधन संपन्न होकर भी गरीब बना रहेगा। आज आवश्यकता है दूरदृष्टि, पारदर्शिता और बिहार हित में ठोस नीति की। राजनीतिक गलियारों में अब यह चर्चा तेज हो गई है कि आखिर बिहार की इस दुर्लभ संपदा का लाभ किसे मिलेगा — बिहार की जनता को या फिर बाहरी ताकतों को? अभी तक केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण दुर्लभ खनिजों के 14 ब्लॉक की पहचान की है। जिसकी नीलामी जल्द शुरू होने की संभावना है। इनमें पैलेडियम, टाइटेनियम, ग्लोकोनाइ गग्लोकोनाट, कोबाल्ट आदि शामिल हैं।17 प्राकृतिक तत्वों का समूह है इनका इस्तेमाल मुख्य रूप से मिसाईल, रडार, लड़ाकू विमान और सैन्य संचार उपकरणों, इलेक्ट्रॉनिक वाहन, स्मार्ट फोन, लैपटॉप, टीवी स्क्रीन, स्पीकर, कैमरा लैंस आदि मोजुद है। डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि जमुई जिले के सोनो क्षेत्र में सोने के भंडार मिलने के सर्केत मिले हैं। बाका जिले के पंडारक क्षेत्र में तांवा मिले हैं। इसके पहले, 2021 में जीएसआई के रिपोर्ट के अनुसार देश का लगभग 44 प्रतिशत सोना जमुई जिले के सोनो और करमटिया प्रखंड में हो सकता है।

### मातृ दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत पटना न्यू एरा पब्लिक स्कूल में गूंजी माँ की महिमा




**पटना**। मातृ दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत आज दिनांक- 21मई ,2026 को पटना न्यू एरा पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत् माता एवं अभिभावकों के ऊपर पुष्प वृष्टि कर एवं तिलक लगाकर स्वागत गीत से किया गया, तत्पश्चात् बच्चों के द्वारा कार्यक्रम में समाहित सभी माताओं को लाल गुलाब एवं स्वनिर्मित गिफ्ट कार्ड्स सप्रेम भेंट किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. (श्रीमती) नीना कुमार ने कहा कि- हम बच्चों को मोबाईल से दूर रहना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपने-अपने माता के साथ रैंप वॉक किया तथा नर्सरी एवं एलकेजी के बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक मनमोहक समूह-नृत्य प्रस्तुत किया गया। साथ ही उपस्थित माताओं के लिए एक मिनट का प्रतिभा प्रतियोगिता व लकी ड्रा कराकर कार्यक्रम में चार चांद लगाया गया। इसी कड़ी में बताते चलें कि बच्चों के लिए भी खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें पेपर फोल्डिंग डांस, बटन लगाना, किताब पर जिल्द लगाना, बैलून फुलाना, बिंदी लगाना आदि शामिल था। कार्यक्रम काफी सुंदर एवं सराहनीय रहा। धन्यवाद् ज्ञापन सुष्मिता भट्टाचार्या ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उप-प्राचार्य, मौसम श्री एवं नृत्य शिक्षक शुभम कुमार आदि का योगदान काफी सराहनीय रहा। उक्त समस्त आशय की जानकारी शिक्षाविद् ओम नमः शिवाय सिंह ने दिया।

# पटना के गांधी मैदान मे किसानों द्वारा प्रस्तावित धरना

नई सोच एक्सप्रेस



**फतुहा**। अब केवल एक आंदोलन नहीं, बल्कि बिहार की राजनीति और प्रशासन के लिए बड़ा संदेश बनता जा रहा है। गांव, खेत और किसान की आवाज अब राजधानी की सड़कों तक पहुंच चुकी है। किसानों का साफ कहना है कि उनकी जमीन, उनकी फसल और उनकी आजीविका से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धरना को लेकर जारी पत्र में किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया है। इसमें कहा गया है कि सरकार द्वारा किसानों की जमीन से जुड़े मामलों में "लोड पुलिस" जैसे आदेश वापस लिए जाएं तथा किसानों की सहमति के बिना कोई निर्णय नहीं लिया जाए। किसानों का आरोप है कि उनकी खेती योग्य जमीन को धीरे-धीरे समाप्त किया जा रहा है, जिससे आने वाले समय में अन्न उत्पादन पर बड़ा संकट खड़ा हो सकता है। गांधी मैदान में जुटने वाले किसान नेताओं का कहना है कि किसान केवल अपनी लड़ाई नहीं लड़ रहा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भोजन और गांवों के अस्तित्व की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है। गांव की मिट्टी, खेतों की हरियाली और किसान की मेहनत पर ही देश की अर्थव्यवस्था टिकी है। यदि किसानों की आवाज दबाई गई तो इसका असर सीधे आम जनता की थाली तक पहुंचेगा। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह आंदोलन सरकार के लिए चेतावनी भी है। किसानों की नाराजगी यदि बढ़ी तो इसका असर गांव-गांव और चुनावी राजनीति तक दिखाई दे सकता है। बिहार की राजनीति में किसान हमेशा निर्णायक शक्ति रहे हैं और जब-जब किसानों ने सड़क पकड़ी है, सत्ता को झुकना पड़ा है। अब सबकी निगाहें गांधी मैदान पर टिकी हैं। क्या सरकार किसानों की मांगों पर गंभीरता दिखाएगी या फिर यह आंदोलन और बड़ा रूप लेगा? आने वाले दिनों में इसका असर पूरे बिहार की राजनीति में चर्चा का विषय बनने वाला है।इस अवसर पर जेपी आंदोलन के क्रांतिकारी देव कुमार सिंह, विनदेशवरी सिहं, जितेन्द्र सिंह आर्य, विनय सिंह, रमेशं सिंह आदि हजारों लोग शामिल हुए।

# बाजार में सिक्कों एवं छोटे नोटों का संतुलन बनाये रखने के लिए नोट एवं सिक्का विनिमय मेला का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना**।बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज प्रांगण में बंधन बैंक के सहयोग से नोट एवं सिक्का विनिमय मेला का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन चैम्बर अध्यक्ष पीके अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया इस अवसर पर बंधन बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख अमित कुमार सिंह उपस्थित थे। मेला में 1/- 2/-, 5/-, 10/-, एवं 20/- के सिक्के तथा 5/-, 10/-, 20/-, 50/- एवं 100/- रूपया का नोट व्यवसायियों को उनकी आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराया गया । चैम्बर अध्यक्ष पीके अग्रवाल ने कहा कि चैम्बर को कई सदस्यों से यह सूचना प्राप्त हो रही थी कि बाजार में सिक्कों एवं छोटे नोट की कमी के कारण उन्हें व्यवसाय में असुविधा हो रही है। उक्त आलोक में चैम्बर ने पहल करते हुए व्यवसायियों की सुविधा हेतु बंधन बैंक के सहयोग से चैम्बर प्रांगण में नोट एवं सिक्का विनिमय मेला का आयोजन कराया जिसमें काफी संख्या में व्यवसायी अपनी आवश्यकतानुसार विभिन्नों मुल्यों के सिक्के एवं नोट प्राप्त किए ।अग्रवाल ने कहा कि व्यवसायियों की सुविधा के लिए पूर्व में भी चैम्बर द्वारा बैंकों के सहयोग से इस प्रकार के मेला का आयोजन किया जाता रहा है। आज का मेला भी काफी सफल रहा और चैम्बर का यह प्रयास होगा कि व्यवसायियों की सुविधा के लिए कुछ समय के अन्तराल पर इस प्रकार का आयोजन आगे भी होता रहे जिससे कि बाजार में सिक्कों एवं छोटे नोटों का संतुलन बना रहे। उन्होंने आगे बताया कि आज चैम्बर में आयोजित मेला का लाभ काफी संख्या में उद्यमियों एवं व्यवसायियों ने उठाया है जिसमें लगभग 28 लाख के विभिन्न मुल्यों का सिक्का एवं नोट सदस्यों को उपलब्ध कराया गया है । इस अवसर पर चैम्बर की ओर से उपाध्यक्ष एनके ठाकुर एवं विशाल टेकरीवाल, महामंत्री मुकेश कुमार जैन, पूर्व उपाध्यक्ष आशीष शंकर, पूर्व महामंत्री पशुपति नाथ पाण्डेय, अजय गुप्ता, अक्षय अग्रवाल, जे पी तोदी तथा अन्य सम्मानित सदस्यों ने मेला में भाग लेकर इस अवसर का लाभ उठाया I

# पटना में आयकर अधिनियम, 2025 पर मेगा आउटरीच कार्यक्रम "प्रारंभ-2026" का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना**।प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, बिहार एवं झारखंड क्षेत्र, पटना के कार्यालय द्वारा बुधवार को दोपहर 3 बजे "प्रारंभ-2026" शीर्षक से मेगा आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य 01 अप्रैल 2026 से प्रभावी हुए आयकर अधिनियम, 2025 की मुख्य विशेषताओं पर चर्चा करना और जागरूकता फैलाना था। यह कार्यक्रम विभाग की करदाता-केंद्रित पहल का हिस्सा है, जिसका मकसद करदाताओं और हितधारकों को नए कानून के तहत शुरू किए गए महत्वपूर्ण सुधारों और सरलीकृत ढांचे से परिचित कराना है। आयकर अधिनियम, 2025 को अनुपालन बोझ कम करने, समेकित प्रावधानों और स्पष्ट परिभाषाओं के साथ एक सुव्यवस्थित, सरल और आधुनिक कर संहिता के रूप में लाया गया है। नया अधिनियम व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने और स्वैच्छिक अनुपालन को मजबूत करने का प्रयास करता है। कार्यक्रम में पद्म श्री श्रीमती सुधा वर्गीज, पद्म श्री डॉ. विजय प्रकाश और पद्म श्री श्री भीम सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इसके अलावा पटना के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति, प्रमुख डॉक्टर, शिक्षाविद, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, सरकारी संगठनों, व्यापार और उद्योग निकायों, कर पेशेवरों और प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त डॉ. डी. सुधाकर राव ने स्वागत भाषण में पारदर्शी शासन, हितधारकों की भागीदारी और नए कर शासन के सुचारू कार्यान्वयन के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। तकनीकी सत्र में (सेवानिवृत्त) श्री अशोक झा ने आयकर अधिनियम, 2025 पर मुख्य प्रस्तुति दी। उन्होंने कर प्रशासन को सरल बनाने, अनुपालन में आसानी लाने और कर प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए किए गए प्रमुख सुधारों पर प्रकाश डाला। के. एल. कनक ने नए ढांचे के तहत आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले फॉर्मों से परिचित कराने पर अलग सत्र लिया। कार्यक्रम में संवादात्मक प्रश्नोत्तरी और हितधारक फीडबैक सत्र भी हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने आयकर अधिनियम, 2025 और आयकर नियम, 2026 के कार्यान्वयन से जुड़े सुझाव और व्यावहारिक चिंताएं साझा कीं। विभाग ने कहा कि इस तरह की भागीदारी से विश्वास मजबूत होगा, जागरूकता बढ़ेगी और नए कानून के तहत शुरू किए गए सुधारों का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित होगा। विभाग निरंतर आउटरीच और संवाद के माध्यम से करदाता-अनुकूल वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### केन्द्रीय सुपर स्पेशियलिटी अस्पाताल, पटना में "100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान" के अंतर्गत जनजागरूकता अभियान की तीसरी कड़ी का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।केन्द्रीय सुपर स्पेशियलिटी अस्परताल, पटना में ओपीडी परिसर में भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे "सघन 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत उन्मूलन" के अंतर्गत जनजागरूकता अभियान की तीसरी कड़ी का आयोजन चिकित्सा निदेशक डॉ सुबोध कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रेक्षी श्रीवास्तव, पोषण आहार विशेषज्ञ द्वारा टीबी रोगियों में उचित पोषण के महत्व, संतुलित आहार, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में पोषण की भूमिका तथा विभिन्न खाद्य पदार्थों के लाभ की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही टीबी की रोकथाम एवं शीघ्र सुधार के लिए संतुलित खानपान की आवश्यकता पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया । डॉ गोविन्द प्रसाद, एसीएचडी,शिशु विशेषज्ञ के द्वारा टीबी के मरीजों में पोषण की आवश्यकता के महत्व पर महत्वपपूर्ण जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के अंत में चिकित्सा निदेशक डॉ सुबोध कुमार मिश्रा ने उचित पोषण एवं सामुदायिक सहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने उपस्थित लोगों से स्वस्थ्य जीवनशैली एवं समुचित पोषण अपनाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन डॉ स्वीटी कुमारी, डीएमओ,पैथोलॉजी के द्वारा किया गया जिसमें लगभग 80 से ज्यादा मरीजों एवं उनके परिजनों ने टीबी एवं पोषण से संबंधित महत्वपूर्ण एवं लाभकारी जानकारी प्राप्त की।

# भारत में तेजी से बढ़ रहा क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल : एसबीआई कार्ड

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।भारत में डिजिटल भुगतान और बदलती लाइफस्टाइल के चलते क्रेडिट कार्ड का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। एसबीआई कार्ड के ताजा आंकड़ों के अनुसार, देश में इस समय करीब 11.86 करोड़ क्रेडिट कार्ड उपयोग में हैं और वित्त वर्ष 2026 में कार्ड के जरिए 23.62 लाख करोड़ से अधिक का खर्च किया गया। एसबीआई कार्ड ने बताया कि ऑनलाइन पेमेंट, यूपीआई से जुड़े क्रेडिट कार्ड और ईएमआई सुविधाओं के कारण लोग अब दैनिक जरूरतों से लेकर लाइफस्टाइल, ट्रैवल और बड़ी खरीदारी तक के लिए क्रेडिट कार्ड का अधिक इस्तेमाल कर रहे हैं। वित्त वर्ष 2026 में रिटेल खर्च 15 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3.54 लाख करोड़ से अधिक पहुंच गया, जिसमें ऑनलाइन खर्च की हिस्सेदारी लगभग 62.5 प्रतिशत रही। कंपनी के अनुसार, यूपीआई से जुड़े क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। किराना, ईंधन, रेस्टोरेंट और डिपार्टमेंटल स्टोर जैसी श्रेणियों में कार्ड आधारित यूपीआई भुगतान तेजी से बढ़ा है। खास बात यह है कि क्रेडिट कार्ड आधारित यूपीआई लेन-देन का बड़ा हिस्सा टियर-2 और टियर-3 शहरों से आ रहा है। एसबीआई कार्ड की एमडी एवं सीईओ सलिला पांडे ने कहा कि बढ़ती आय, डिजिटलीकरण और मजबूत पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण लोगों की खर्च करने की आदतों में बड़ा बदलाव आया है। ग्राहक अब बेहतर अनुभव, सुविधा और डिजिटल भुगतान को प्राथमिकता दे रहे हैं। कंपनी के अनुसार, लोग अब अलग-अलग जरूरतों के लिए एक से अधिक क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं ईएमआई सुविधा के कारण मोबाइल, घरेलू उपकरण और अन्य महंगे सामान की खरीदारी भी आसान हुई है, जिससे क्रेडिट कार्ड का उपयोग लगातार बढ़ रहा है।

### पाँच दिवसीय अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

नई सोच एक्सप्रेस

**बिहटा**।मेरा युवा भारत पटना(युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,भारत सरकार) एवं जिला आपूर्ति विभाग पटना के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को प्रखण्ड सभागार बिहटा में पांच दिवसीय अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सार्वजनिक वितरण प्रणाली(पीडीएस) की कार्यप्रणाली प्रणाली से अवगत कराना और सरकारी व्यवस्थाओं की जमीनी समझ विकसित करना है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य निदेशक कपिल देव राम माय भारत पटना(बिहार) निशा कुमारी जिला युवा पदाधिकारी,पटना शिवजन्म राम प्रखंड विकास पदाधिकारी,बिहटा अमित कुमार सिंह प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी,बिहटा,केदारनाथ सिंह, बबलु कुमार उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्वलन कर किया गया। युवाओं को संबोधित करते हुए शिवजन्म राम ने कहा कि प्रखण्ड के 10 युवा मेरा युवा भारत,पटना के द्वारा चयनित किया गया है। बेहतर शिक्षा के साथ कौशल विकास महत्वपूर्ण हैं पाँच दिनों में युवा पीडीएस कार्यप्रणाली को जानेंगे व समझेंगें। कपिल देव राम ने युवाओं को मेरा युवा भारत पोर्टल के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मेरा युवा भारत पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं युवा स्वंय पंजीकृत हो एवं साथियों को भी पंजीकृत कराए जिससे कि विभिन्न कार्यक्रमों में आसानी से भाग ले सकें। अमित कुमार सिंह ने पीडीएस प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को खाद्य आपूर्ति श्रृंखला के प्रमुख चरणों का अध्ययन कराया जिसमें किसान पंजीकरण,खरीद और भंडारण, वितरण प्रणाली,डिजिटल प्रक्रिया है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013, अंत्योदय अन्न योजना (AAY), प्राथमिकता घरेलू (PHH) श्रेणियों, तथा 'एक राष्ट्र एक राशन कार्ड' (ONORC) योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि किस प्रकार डिजिटल तकनीक ने PDS को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाया है। "युवा पीढ़ी को शासन व्यवस्था की जमीनी समझ होना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। युवाओं को गोदाम सहित उचित मूल्य की दुकानों (राशन शॉप) का भ्रमण किया वहाँ उन्होंने e-POS (इलेक्ट्रॉनिक पॉइंट ऑफ सेल) मशीनों और बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट प्रमाणीकरण के माध्यम से सब्सिडी युक्त गेहूँ और चावल के वितरण को प्रत्यक्ष रूप से देखा। खुशी कुमारी और अमृता सिंह ने e-POS डिवाइस को स्वयं संचालित कर अनुभव प्राप्त किया, जबकि अंकित कुमार और सर्वेश कुमार ने भौतिक स्टॉक रजिस्टर तथा डिजिटल रिकॉर्ड का मिलान किया। नीतीश और शौरभ शर्मा ने इलेक्ट्रॉनिक तराजू का संचालन किया।

# एम्स पटना बना एचआईवी देखभाल का नया केंद्र, अत्याधुनिक ART सेंटर का शुभारंभ

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।एचआईवी,एड्स उपचार सेवाओं को सशक्त बनाने तथा बिहार में जीवन रक्षक उपचार सुविधाओं की पहुंच को और व्यापक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एम्स पटना में अत्याधुनिक एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी (ART) सेंटर का शुभारंभ किया गया। संस्थान के आयुष भवन में स्थापित यह नया केंद्र बिहार में एचआईवी देखभाल सेवाओं को नई मजबूती प्रदान करेगा तथा मरीजों को एक ही स्थान पर समग्र उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। नवस्थापित ART सेंटर में मरीजों को निःशुल्क एंटीरेट्रोवायरल दवाएं, परामर्श सेवाएं, नियमित स्वास्थ्य जांच, लैब सुविधाएं, उपचार निगरानी एवं दीर्घकालिक फॉलोअप सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और बिहार स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी के परियोजना निदेशक सुमित कुमार तथा एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिगे.) डॉ. राजू अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) ज्योति प्रकाश, नोडल पदाधिकारी, ART सेंटर, प्रो. (डॉ.) अनूप कुमार, चिकित्सा अधीक्षक सहित संस्थान के वरिष्ठ चिकित्सक, फैकल्टी सदस्य, स्वास्थ्यकर्मी, प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कई विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही जिनमें प्रो. (डॉ.) कृष्ण पांडेय, निदेशक, (RMRIMS), प्रो. (डॉ.) अजीत कुमार, प्रभारी डीन अकादमिक, डॉ. राजेश कुमार सिन्हा, सहायक निदेशक, बिहार स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी तथा उप निदेशक (प्रशासन) निलोत्पल बल शामिल थे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सुमित कुमार ने बिहार में सुलभ, सम्मानजनक एवं भेदभाव रहित एचआईवी उपचार सेवाओं के विस्तार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि एम्स पटना का यह नया ART सेंटर राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती प्रदान करेगा तथा यहां मरीजों को आधुनिक उपचार, परामर्श, नियमित जांच, दवा वितरण एवं फॉलोअप सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल ने कहा कि एचआईवी,एड्स को केवल एक चिकित्सीय स्थिति के रूप में देखा जाना चाहिए न कि सामाजिक भेदभाव या कलंक के नजरिये से। उन्होंने समाज से अपील की कि एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशीलता एवं सहयोग का भाव अपनाया जाए। वहीं प्रो. (डॉ.) ज्योति प्रकाश ने बताया कि यह ART सेंटर एचआईवी संक्रमित मरीजों के लिए समय पर उपचार प्रारंभ करने, नियमित मॉनिटरिंग, परामर्श सेवाएं, संक्रमण प्रबंधन तथा जीवन गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### करें योग रहे निरोग - योगगुरु शशि



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से विशेष योग शिविर का आयोजन श्री राधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी गोविंदपुर के प्रांगण में किया गया । योगगुरु शशि ने योग के महत्व पर विशेष प्रकाश डालते हुये बताया कि करे योग रहे निरोग । हमारे ऋषि मुनि योग और ध्यान के बल पर हजारों वर्षों तक स्वस्थ्य जीवन जीते थे । योग से हमारा तन और मन दोनों स्वस्थ्य रहता है । सभी लोगो को नियमित रूप से योग करना ही चाहिए । आप हमारी योगाभ्यास को पूरी दुनिया अपना रही है और हम उसे छोड़ते जा रहे है । कपाल भांति से हमारा ह्रदय मजबूत होता है तो वही मंडूक आसन से डायविटीज से हम बच सकते है । दर्जनों आसन का अभ्यास कराया गया । फाउंडेशन के सचिव गोपी कुमार ने बताया कि नई शिक्षा नीति के छात्र छात्राओं को तीस घँटा का वॉलेंट्रीयरशिप करना है इसी के अंतर्गत यह हेल्थ एवं वेलनेश के लिए योग शिविर आयोजित किया गया है । यह शिविर सुवह 6 से 8 बजे तक प्रतिदिन संचालित होगा । फाउंडेशन के स्वयंसेवक गांव गांव जाकर लोगो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहे है । योग के महत्व से लोगो को अवगत कराया जा रहा है । फाउंडेशन के स्वयंसेवक वेहतरी के हर संभव प्रयत्न कर रहे है । मौके पर स्वयंसेवक राजू कुमार, मन्नी कुमार, रंजन कुमार, सन्नी कुमार, स्नेहा कुमारी , पंकज कुमार, करण कुमार मौजूद रहे ।

## संक्षिप्त समाचार

### जिले में पर्याप्त स्टॉक के साथ एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह सामान्य, उपभोक्ता पैनिक बुकिंग करने से बचें

**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। जिलाधिकारी, श्रीमती अलंकृता पाण्डेय के निर्देशानुसार जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी, जहानाबाद द्वारा तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों, गैस एजेंसी संचालकों एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जिले में कार्यरत 19 गैस एजेंसियों से एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा नागरिकों से अपील की गई है कि जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है, अतः किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें एवं पैनिक बुकिंग से बचें। किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क किया जा सकता है। जिले में आज कुल 14162 गैस बुकिंग के विरुद्ध 3783 सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध है। वहीं आज 2486 सिलेंडर एजेंसियों को वितरण हेतु उपलब्ध कराया गया तथा औसत डिलीवरी अवधि 3.72 दिन है। जिला प्रशासन द्वारा सख्त निगरानी के तहत आज भी विभिन्न स्थानों पर औचक निरीक्षण किया गया। आज 02 गैस एजेंसियों एवं 04 अन्य स्थानों पर औचक निरीक्षण किया गया। वहीं अब तक कुल 676 स्थानों पर छापेमारी/निरीक्षण किया जा चुका है तथा वर्तमान में किसी भी स्थान से अवैध कालाबाजारी अथवा जमाखोरी की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। रेस्टोरेंट, होटल एवं अन्य प्रतिष्ठानों द्वारा बिल में एलपीजी शुल्क अथवा अन्य अनुचित शुल्क वसूली पर रोक लगाने हेतु अधिकारियों को सख्त निगरानी का निर्देश दिया गया है। उल्लंघन की स्थिति में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में देश के 15 प्रदेशों के रचनाकारों ने पढ़ीं कविताएँ

**गया जी**। राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था 'शब्दवीणा' की महाराष्ट्र प्रदेश समिति द्वारा देश भर में पड़ रही भीषण गर्मी को काव्य पाठ का मूल विषय बनाते हुए राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कवि सम्मेलन में शब्दवीणा की पन्द्रह प्रदेश समितियों के कवि एवं कवयित्रियों ने भाग लिया।रचनाकारों ने निर्दिष्ट विषय 'चहुँदिश गरमी ही गरमी' पर एक से बढ़कर एक स्वरचित गीत, ग़ज़ल, दोहे, एवं मुक्तकों का पाठ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना तथा शब्दवीणा की संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी द्वारा प्रस्तुत शब्दवीणा गीत की सुमधुर प्रस्तुति से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शब्दवीणा महाराष्ट्र प्रदेश संरक्षक प्रो. डॉ कनक लता तिवारी ने किया। संचालन शब्दवीणा की महाराष्ट्र प्रदेश संगठन मंत्री लक्ष्मी यादव ओजस्विनी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में महाराष्ट्र के वरिष्ठ कवि डॉ कृपाशंकर मिश्र रहे वही विशिष्ट अतिथि के रूप में शब्दवीणा के राष्ट्रीय सचिव महावीर सिंह वीर मौजूद रही। कवि सम्मेलन में बिहार से डॉ रश्मि प्रियदर्शनी, जैनेन्द्र कुमार मालवीय, बाल कवि सत्कृत त्रिपाठी, एवं अजय वैद्य, पश्चिम बंगाल से राम नाथ बेख़बर, देवघर, झारखंड से बबन बदिया, महाराष्ट्र से डॉ कनक लता तिवारी, डॉ कृपा शंकर मिश्र, लक्ष्मी यादव ओजस्विनी एवं जागृति सिन्हा, मध्य प्रदेश से अरुण अपेक्षित, उत्तराखंड से महावीर सिंह वीर, उत्तर प्रदेश से राम देव शर्मा राही एवं मुल्कराज आकाश, हरियाणा से सरोज कुमार, दिल्ली से आशा दिनकर, कर्नाटक से सुनीता सैनी गुड्डी, विजयेन्द्र सैनी एवं निगम राज़ ने कवि सम्मेलन में जीवन तथा प्रकृति पर पड़ने वाले चिलचिलाती गर्मी एवं लू के प्रभावों का भावपूर्ण, चित्रात्मक, व बिंबात्मक वर्णन करती हुईं जीवंत रचनाएँ पढ़ीं। कवियों ने प्राकृतिक असंतुलन, मौसम के रौद्र होते स्वरूप, एवं जलवायु परिवर्तन की समस्या पर चिंता जताते हुए प्रकृति का अनावश्यक दोहन न करने का संदेश दिया। वही कवि सम्मेलन में बाल कवि सत्कृत त्रिपाठी ने तोतली बोली में ओज भरी रचना पढ़कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ से हुआ। धन्यवाद ज्ञापन जागृति सिन्हा ने किया। कवि सम्मेलन का सीधा प्रसारण शब्दवीणा केन्द्रीय पेज से किया गया

### पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी का 35वां पुण्यतिथि मनाया गया



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष प्रो संजीव कुमार के अध्यक्षता में समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके तैलीय चित्र पर माल्यार्पण किया। समारोह में उपस्थित नेताओं ने स्व.राजीव गांधी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्व.राजीव गांधी कर्मठ एवं स्वच्छ छवि के नेता थे। कम ही समय में उन्होंने विश्व के राजनीतिक पटल पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। स्व.राजीव गांधी डिजिटल क्रांति के जनक माने जाते हैं। उन्होंने अपने शासन काल में संचार तंत्र के माध्यम से देश में कम्प्यूटर मोबाइल को बढ़ावा दिया, सरकारी कार्यालयों में कम्प्यूटिकरण किया गया। कम्प्यूटिकरण का उस समय भाजपा सहित कई विपक्षी पार्टियों ने विरोध किया था। कि इससे देश में बेरोजगारी बढ़ेगी। जबकि सच्चाई है कि इसके माध्यम से करोड़ों युवाओं को कम्प्यूटर और लैपटॉप के माध्यम से रोजगार मिली । राजीव गांधी ने आतंकवाद का खुलकर विरोध किया था। देश कि एकता अखंडता से कभी समझौता नही किया। अपने पड़ोसी देश में भी शांति हो इसके लिए उन्होंने उन देशों को मदद की। जब श्रीलंका में लिट्टे का आतंक बढ़ रहा था तो इन्होंने भारत से शांति सेना भेजकर श्रीलंका को मदद पहुंचाई। यही कारण था कि लिट्टे के आतंकियों ने राजीव गांधी की हत्या कि। कांग्रेस पार्टी आज राजीव जी के पुण्यतिथि पर शपथ लेते हैं कि हम देश में आतंकवाद का बढ़ावा नही होने देंगे और इनके अधूरे कार्यों को पूरा करेंगे। यह इनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। समारोह में उपस्थित नेताओं में प्रो भूषण कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष हरिनारायण द्विवेदी, प्रांतीय नेता अशोक कुमार प्रियदर्शी, कन्हाई शर्मा, धनंजय सिंह, रामप्रवेश ठाकुर, धनंजय प्रभाकर, आबिद मजिद इराकी, हेमन्त कुमार, प्रियंका शर्मा सहित कई लोग उपस्थित हुए।

### मिथिला विश्वविद्यालय के 21 स्नातकोत्तर विभागों द्वारा 598 कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

» कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने इन शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए सभी विभागों की की प्रशंसा



**दरभंगा**।ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के 21 स्नातकोत्तर विभागों द्वारा कुल 598 संगोष्ठियों/कार्यशालाओं/व्याख्यानों/प्रतियोगिताओं आदि का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी ने 01 जनवरी, 2023 से 21 मई, 2026 के बीच केवल संख्यात्मक, बल्कि गुणात्मक रूप से इन आयोजनों के लिए सभी संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सबकी सक्रियता एवं सहयोग से ही इतनी अधिक संख्या में आयोजन सफल हो पाए हैं, जिनके आयोजन के लिए सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं बधाई के पात्र हैं।

# माउंटेन रीभर वाटर प्लांट का विधायक ने किया उद्घाटन


नई सोच एक्सप्रेस



**बेतिया**।मझौलिया प्रखंड के चनायन बांध पंचायत स्थित छौरहिया रोड में माउंटेन रीभर वाटर प्लांट का शुभारंभ बुधवार को हुआ। चनपटिया विधायक अभिषेक रंजन ने वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच फीता काटकर माउंटेन रिभर वॉटर प्लांट का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में विधायक अभिषेक रंजन ने कहा कि शहरों में स्थापित होने वाले उद्योग अब गांव गिराव में स्थापित होने लगे हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी वही शादी विवाह धार्मिक अनुष्ठान एवं अन्य कार्यक्रमों में शहरों से पानी की बोतले मंगानी नहीं पड़ेगी। अब गांव में ही सस्ते दर पर यह सुविधा उपलब्ध होगी। इससे समय और पैसों की बचत होगी। विधायक अभिषेक रंजन ने कहा कि गांव में उद्योग स्थापित होने से रोजगार के अवसर गांव के पढ़े लिखे नौजवानों को मिलेगा। वाटर प्लांट के निर्देशक संजय सिंह एवं आनंद शाही ने बताया कि लगभग एक करोड़ की राशि से यह वाटर प्लांट स्थापित किया गया है। शुद्ध पेयजल के साथ-साथ बोतल रिफिलिंग भी किया जाएगा और उचित दर पर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं की मांग के अनुसार होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि इस वाटर प्लांट में एक दर्जन से अधिक नौजवानों को रोजगार दिया जा रहा है। उद्घाटन अवसर पर विपिन सिंह जयप्रकाश सिंह राजन कुमार पिंकू चौधरी राजू चौधरी मनीष चौधरी रंजन चौधरी नवल किशोर सिंह मिठू मिश्रा राजन कुमार विधायक के पि ए संदीप बारी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे। वाटर प्लांट के उद्घाटन से ग्रामीणों में हर्ष है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले शादी विवाह धार्मिक अनुष्ठान एवं अन्य कार्यक्रमों में शहर से पानी की बोतल मंगवानी पड़ती थी जिसमें समय और पैसा दोनों खर्च होता था अब यह सुविधा गांव में उपलब्ध हो गई है जिससे समय और पैसे में बचत होगी।

# जाँच में सही पाए जाने के बाद भी लगा है फर्जी होने का ठप्पा

नई सोच एक्सप्रेस



**दरियासराय**।मामला सिलाव प्रखण्ड के फर्जी शिक्षकों का शिक्षा विभाग हमेशा नए नए कारनामे के लिए विख्यात है। विभाग जब चाहे फर्जी शिक्षकों को सही साबित करके वेतन का भुगतान कर दे और जब चाहे सही शिक्षकों को फर्जी घोषित करके उसे मानसिक, शारीरिक, सामाजिक रूप से प्रताड़ित करते हुए उसकी प्रतिष्ठा का हनन कर ले। वर्तमान मामला विभिन्न समाचार पत्रों में छपे सिलाव में फर्जी शिक्षकों का है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय दरियासराय के शिक्षक रोहित कुमार ने बताया कि धनञ्जय कुमार उर्फ गुड्डू द्वारा सिलाव प्रखण्ड के जिन 127 शिक्षकों को फर्जी होने संबंधी शिकायत की गई थी उसमें मुझे भी फर्जी बताया गया था जिस कारण विभाग द्वारा बिना किसी जांच के मई 2019 में मेरा वेतन बंद कर दिया गया था। मेरे द्वारा शिकायत करने व अपना प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर वेतन चालू हुआ। पुनः जांच के नाम पर दिसम्बर 2019 में वेतन बन्द किया गया। चार सदस्यीय जाँच समिति द्वारा मेरे प्रमाण पत्र को सही करार दिया, परन्तु 127 फर्जी शिक्षकों की सूची से मेरा नाम नहीं हटाया। जांच पदाधिकारी से पूछने पर बताया गया कि मेरा काम जांच करना है, सूची से सही शिक्षकों का नाम हटाना जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्य है। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जांचोपरांत मेरा वेतन भुगतान किया गया। अगस्त 2020 में जिलाधिकारी नालन्दा द्वारा प्रमाण पत्र की जांच करने के कारण मेरा वेतन पुनः बन्द कर दिया गया जिसे जांचोपरांत चालू किया गया जो अबतक अद्यतन है। उन्होंने बताया कि न जानें कितनों बार विभाग का पत्र फर्जी शिक्षकों को हटाने का निकला और न जानें कितनों बार विभिन्न समाचार पत्रों में करवाई की बात छपी, दर्जनों आरटीआई के माध्यम से सूचना मांगी गई, परंतु हर बार वही ढाक के तीन पात वाली कहानी होती आ रही है। विभाग हर बार जांच के नाम पर खानापूर्ति करता है और सही शिक्षकों के मान सम्मान का हनन करते हुए जलील करता है। शिक्षक रोहित कुमार ने बताया कि "हम सही हैं" के और कितने सबूत दें, जांच समिति की जांच रिपोर्ट, जिला शिक्षा पदाधिकारी का जांच प्रतिवेदन, जिला अधिकारी के निर्देश पर जांच रिपोर्ट, विभाग द्वारा ली गई सक्षमता परीक्षा के बाद का विभागीय जांच, प्रधान शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा के बाद का विभागीय जांच। सभी रिपोर्ट चीख चीख कर प्रमाणपत्र सही होने और सही नियुक्ति की बात कह रहें हैं, फिर भी समय समय पर मुझे फर्जी घोषित कर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा। अब सवाल सिर्फ एक ही है कि हम सही हैं किसे बताएं ताकि फर्जी वाला धब्बा धूल सके।

## एक माह में ही टूट गया खुला जिम, मरम्मत के इंतजार में लोग



नई सोच एक्सप्रेस

**मोतिहारी**।नगर पंचायत सुगौली द्वारा आम जनता को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से नगर के दर्जनों स्थानों पर खुले जिम की व्यवस्था की गई थी। इसकी शुरुआत सांसद खेल उत्सव 2025 के तहत दिसंबर माह में की गई थी। इसी क्रम में महारानी जानकी कुंवर स्टेडियम में लगाए गए खुले जिम का उद्घाटन सांसद डॉ. संजय जायसवाल द्वारा फीता काटकर किया गया था। लेकिन उद्घाटन के महज एक माह बाद ही जिम के कई उपकरण टूट गए, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लाखों रुपये खर्च कर लगाए गए जिम उपकरणों की स्थिति इतनी जल्दी खराब हो जाना चिंता का विषय है। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा संबंधित वेंडर को कई बार मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया, लेकिन अब तक उपकरणों की मरम्मत नहीं हो सकी है। लोगों में इसे लेकर नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि जब कार्यपालक पदाधिकारी के आदेश का भी पालन नहीं हो रहा है, तो यह गंभीर सवाल खड़ा करता है। इस संबंध में पूछे जाने पर कार्यपालक पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि जिस कंपनी द्वारा जिम उपकरण लगाए गए हैं, उसे नोटिस भेजकर जल्द मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया है। बावजूद इसके अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। नगरवासियों ने जल्द से जल्द जिम उपकरणों की मरम्मत कराने की मांग की है ताकि लोग फिर से इसका लाभ उठा सकें।

## एमआरएम कॉलेज, दरभंगा के हिन्दी विभाग द्वारा 'मध्यकालीन हिन्दी साहित्य एवं चित्रकला का अंतर्संबंध' विषय पर संगोष्ठी आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस



» मध्यकालीन हिन्दी साहित्य के करीब 50-60 ग्रन्थों को चित्रकला से दर्शाना, उनके अंतर्संबंध को व्यक्त करता है- प्रो उमेश कुमार

**दरभंगा**।हिन्दी विभाग, एम आर महिला कॉलेज, दरभंगा में प्रधानाचार्य प्रो एल पी जायसवाल की अध्यक्षता में "मध्यकालीन हिन्दी साहित्य एवं चित्रकला का अंतर्सम्बन्ध" विषय पर संगोष्ठी एवं स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर के छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। शुरुआत में हिन्दी की विभागाध्यक्ष डॉ नीलम सेन द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ तथा कलम भेंटकर किया गया। संगोष्ठी के अध्यक्ष प्रो लक्ष्मण प्रसाद जयसवाल, मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो उमेश कुमार एवं विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय संस्कृत विभाग के प्राध्यापक डॉ आर एन चौरसिया आदि के स्वागत के उपरांत शिक्षिका डॉ नीलम सेन ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि चित्र में प्रभावशीलता अधिक होती है, जिसका असर हमारे मानस पर प्रभावी रूप से लंबे समय तक बना रहता है। पीआरओ डॉ आरएन चौरसिया ने विषय को विस्तृत एवं प्रासंगिक बताते हुए कहा कि मध्यकालीन हिन्दी साहित्य और चित्रकला का अंतर्संबंध काफी गहरा और आपसी प्रतिक्रिया पूर्ण है जो एक-दूसरे के पूरक एवं अन्योन्याश्रित हैं। दोनों एक ही सांस्कृतिक-धार्मिक वातावरण में विकसित हुए, जिनमें जीवन दर्शन की गहरी अभिव्यक्ति हुई है। ये चित्र न केवल कथा-कथन के सहायक बने, बल्कि जनसाधारण के लिए दृश्य-ग्रन्थ भी बन गए। मुख्य वक्ता प्रो उमेश कुमार ने कहा कि 7 वीं सदी में अंकित अजंता-एलोरा गुफा के चित्र साहित्य का भी परिचय देते हैं। 14वीं से 19वीं सदी के बीच लगभग 600 वर्षों का काल- खण्ड जो मध्य कालीन हिन्दी साहित्य कहा जाता है, जिसमें करीब 50-60 ग्रन्थ ऐसे हैं जो साहित्य और चित्रकला के अंतर्संबंध को दर्शाते हैं। सूर, तुलसी, केशव, बिहारी लाल, पद्माकर आदि के साहित्य पर चित्र बनाए गए हैं। कहा कि हिन्दी भक्ति-काव्य और चित्रकला ने एक-दूसरे को विषय, रूपक और भाव-प्रतिमान प्रदान किये। हिन्दी साहित्य में चित्रकला के लिए विषय-सामग्री और दार्शनिक- आध्यात्मिक प्रांगण दिया। वहीं चित्रकला ने साहित्य के लिए दृश्य-संस्करण, भाव-संवेदनशील बनावट और जनसंचार का नया माध्यम प्रदान किया। प्रो एल पी जायसवाल ने संगोष्ठी के विषय को विस्तृत एवं शोधोपयोगी बताते हुए अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि साहित्य और चित्रकला पुरानी परंपराओं को जीवित रखने का बड़े माध्यम हैं। बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा चित्रयुक्त पुस्तकों से होती है, क्योंकि चित्र का बच्चों के ऊपर मनोरंजक ढंग से स्थायी प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ नीलम सेन द्वारा किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ सूफिया फातमी ने किया। इस कार्यक्रम में मनोविज्ञान की शिक्षिका डॉ अल्पना कुमारी, डॉ अनुपम प्रिया, डॉ शमा परवीन, शिक्षिका, गृह विज्ञान विभाग, लेखापाल पवन कुमार झा एवं स्नातकोत्तर हिन्दी की लगभग 120 छात्राएं उपस्थित रहीं, जिनमें चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं को सदर विदाई भी दी गई।

# शिक्षक और शिक्षिका के बीच हुए विवाद में शिक्षिका की स्थिति हुई नाजुक

नई सोच एक्सप्रेस




» मामला राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महनवा रमपुरवा का

**मझौलिया**।राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रमपुरवा महनवा एक बार फिर से सुर्खियों में आ गया है। जहां पूर्व प्रधानाध्यपीका शिल्पा सिंह और शिक्षक धर्मेंद्र सिंह गुरुवार को विद्यालय रुटीन में हेर फेर को लेकर आपस में उलझ गए। बकझक होते-होते बात इतनी बढ़ गई की शिल्पा सिंह की स्थिति दयनीय हो गई। आनन फानन में ग्रामीण और शिक्षकों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौलिया लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा शिल्पा सिंह का इलाज किया गया।घटना के संदर्भ में प्रधानाध्यापिका हिना रजा ने बताया कि पूर्व के रूटीन में कुछ बदलाव किया गया जिसको सर्व सम्मति से लागू करने की बात की गई थी। लेकिन शिक्षक धर्मेंद्र सिंह को रुटीन में बदलाव पसंद नहीं आया। इस बात से आवेशित होकर भड़कते हुए पूर्व प्रधानाध्यपीका शिल्पा सिंह से भीड़ गए। जिसके कारण मामला तुल पकड़ लिया। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि शिक्षक धर्मेंद्र सिंह के कारण विद्यालय की व्यवस्था और पठन पाठन बराबर गड़बड़ हो जाती है। शिक्षक धर्मेंद्र सिंह अपने को प्रधानाध्यापक समझते हुए अपनी डफली अपना राग बजाने लगते हैं। इस संदर्भ में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हफिजुर रहमान ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। शिक्षक धर्मेंद्र सिंह हमेशा विवादों से घिरे रहते हैं। व्यवस्था एवं पठन पाठन में हमेशा व्यवधान खड़ा करते रहते हैं। उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा।इस बाबत शिक्षक धर्मेंद्र सिंह का कहना है कि मेरे ऊपर लगाए गए सारे आरोप निराधार है। बताया जाता है कि शिल्पा सिंह और धर्मेंद्र सिंह के बीच पूर्व में भी विवाद हो चुका है। बताते चले की विद्या के घर में ज्ञान की ज्योत जलाने वाले अनुशासन और संस्कार की शिक्षा देने वाले गुरु जन अपनी मर्यादा भूल कर झगड़ा लड़ाई शुरू कर देते हैं तो शिक्षा जगत का अपमान होता है। विशेष तौर पर भारत में पौराणिक काल से ही नारी का सम्मान सिखाया जाता रहा है लेकिन आज नारी के ऊपर तरह-तरह के आरोप लगाते हुए अपमानित करने का प्रयास किया जा रहा है।शिक्षा प्रेमी इस घटना को शर्मनाक बताते हुए शिक्षा विभाग से जांच कर दोषी शिक्षक के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत जिलाधिकारी ने कई मामलों का किया त्वरित निष्पादन




नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। जिले में पारदर्शी एवं समयबद्ध प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी, अलंकृता पाण्डेय द्वारा आज दिनांक 21 मई 2026 को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त अपीलीय मामलों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान भूमि परिमार्जन, अतिक्रमण, विभागीय अतिक्रमण एवं अन्य संबंधित मामलों की समीक्षा की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कुल 08 मामलों में सुनवाई करते हुए 04 मामलों का निष्पादन किया गया। निष्पादन हेतु शेष मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को तकनीकी तथ्यों का परीक्षण कर आवश्यक साक्ष्यों के साथ अगली सुनवाई में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि मामलों के निष्पादन में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। आज के सुनवाई मे विद्युत तार कवरिंग करने से संबंधित मामला, अतिक्रमण वाद मुक्त करने से संबंधित, घर के उसके बगल से विद्युत कनेक्शन हटाने से संबंधित मामला एवं राशन कार्ड निर्गत करने से संबंधित मामले का निष्पादन किया गया।

## प्रोफेसर दिलीप कुमार केशरी ने मगध विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति के रूप में किया पदभार ग्रहण

नई सोच एक्सप्रेस



**गया जी**।मगध विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर प्रोफेसर दिलीप कुमार केशरी ने आज मगध विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया। इस संबंध में बिहार राजभवन द्वारा विश्वविद्यालय प्रशासन को आधिकारिक सूचना प्रदान की गई। वही पदभार ग्रहण समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर विनोद कुमार मंगलम, प्राचार्य प्रोफेसर दीपक कुमार, वित्त पदाधिकारी श्री इंद्र कुमार सिंह, चौधरी रमन किशोर कुलपति के निजी सचिव सहित विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं शिक्षकों ने प्रोफेसर केशरी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं तथा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विकास के प्रति विश्वास व्यक्त किया।

# पूरे राज्य में 68 जगहों पर छापेमारी, 34 बाल श्रमिक मुक्त, 15 एफआईआर दर्ज

नई सोच एक्सप्रेस



» बेतिया में बाल श्रम के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, लौकरिया चौक से दो बाल श्रमिक मुक्त

**पटना**।श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, बिहार सरकार द्वारा बाल श्रम के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 20 और 21 मई 2026 को राज्यभर में 68 स्थानों पर छापेमारी की गई, जिसमें 34 बाल एवं किशोर श्रमिकों को मुक्त कराया गया तथा 15 मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गई। गोपालगंज, बेगूसराय, औरंगाबाद, सिवान, गया सहित बेतिया जिले में भी सघन अभियान चलाया गया। बेतिया में श्रम अधीक्षक विजय कुमार ठाकुर के नेतृत्व में चनपटिया प्रखंड के विभिन्न दुकानों और प्रतिष्ठानों की जांच की गई। इस दौरान गोपालपुर थाना क्षेत्र के लौकरिया चौक स्थित एक मीट दुकान से दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। दोनों बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें बाल गृह भेज दिया गया। संबंधित नियोजक के खिलाफ बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अभियान का नेतृत्व श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी लौकेश कुमार झा ने किया। श्रम अधीक्षक विजय कुमार ठाकुर ने कहा कि बाल श्रमिकों से काम कराना कानूनन अपराध है। दोषियों पर 20 हजार से 50 हजार रुपये तक जुर्माना और दो वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार प्रत्येक बाल श्रमिक के मामले में अलग से 20 हजार रुपये वसूले जाएंगे, जो जिला बाल श्रमिक पुनर्वास-सह-कल्याण कोष में जमा होंगे।धावा दल में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी विभेश कुमार सिंह, भीम कुमार, प्रयास संस्था, चाइल्ड लाइन, ग्राम नियोजन केंद्र तथा गोपालपुर थाना की टीम शामिल रही। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बाल श्रम के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बांदा पुलिस के ऊपर प्राणघातक हमला करने वालें सभी अभियुक्तों की जमानत अर्जी मंजूर


कुंवर आयुष सिंह (अधिवक्ता उच्च न्यायालय,इलाहाबाद)

**वाराणसी /बांदा**।जनपद बाँदा की जिला न्यायाधीश श्रीमती अल्पना की अदालत ने नरैनी थाना क्षेत्र से जुड़े पुलिस टीम के ऊपर प्राणघातक हमला करने के एक मामले में सभी अभियुक्तों को जमानत दे दी | सभी आरोपियों को एक-एक लाख रुपए के व्यक्तिगत बंधपत्र और इतनी ही धनराशि के प्रतिभू प्रस्तुत करने पर रिहा करने का आदेश दिया | अदालत में बचाव पक्ष की ओर से कुँवर आयुष सिंह( अधिवक्ता,उच्च न्यायालय इलाहाबाद) ने पक्ष रखा | पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं और आयुध अधिनियम 1959 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया था | **अदालत में बचाव पक्ष के तर्क-** अभियुक्तों के विद्वान अधिवक्ता कुँवर आयुष सिंह ने दलीलें पेश करते हुए कहा कि अभियुक्तों का इस मामलें से कोई सीधा संबंध नहीं है और ना ही इस घटना का कोई स्वतंत्र साक्षी है |पुलिस ने केवल अपनी नाकामी छुपाने के लिए झूठा और फर्जी मुकदमा दर्ज कराया था | आरोपियों की केवल जिंदगी बर्बाद करने और उन्हें परेशान करने के लिए ऐसा फर्जी मुकदमा पुलिस के द्वारा लगा दिया गया ||

### दरवाजे से ई रिक्शा चोरों ने उड़ाई

**वैशाली**।बरांटी थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी उमाशंकर राम के पुत्र धर्मेंद्र राम ने थाने में ई-रिक्शा की चोरी के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की है। जिसमें कहा है कि ई-रिक्शा वाहन प्रतिदिन की तरह चला कर शाम को अपने घर के दरवाजे पर लगा दिया था घर के सभी सदस्य खाना खाकर रात्रि में सो गए। सुबह में सो कर उठा तो देखा कि ई रिक्शा मेरे दरवाजे पर नहीं था। इस संबंध में मैंने अपने गांव में खोजबीन की अंत में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की।आवेदन में जांच कर कार्रवाई की बात कही गई है. ई रिक्शा गाड़ी का नंबर बीआर 31R 5218 है.

### 39 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई


गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य के जांच करते चिकित्सक

**वैशाली**।राजापाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य जांच हेतु शिविर लगाए गए। जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर एसपी उपाध्याय ने बताया कि 39 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर खाने के लिए कैल्शियम आयरन विटामिन बी गोलियां दी गई। साग सब्जी, फल, दूध ,अंडा नियमित लेने की सलाह दी गई. वहीं चिकित्सकों ने सलाह दी कि डिलीवरी अपने नजदीकी किसी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में ही करावें। इस अवस्था में स्वास्थ्य केंद्र में महीने में लगने वाले तीन शिविर में आकर नियमित अपने स्वास्थ्य की जांच करावें। शिविर में डॉक्टर राजदीप, डॉक्टर पूजा एएनएम काजल कुमारी गुंजन कुमारी पूजा कुमारी पल्लवी कुमारी शांति कुमारी द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई।

### चलती ट्रेन से गिरकर युवक की मौत, मोबाइल उठाने के दौरान हुआ हादसा



**पुनपुन**।पुनपुन थाना क्षेत्र अंतर्गत जाट डुमरी जंक्शन और पुनपुन रेलवे स्टेशन के बीच गुरुवार की सुबह एक दर्दनाक रेल हादसे में युवक की मौत हो गई। घटना रेलवे पोल संख्या 13/22 से 13/20 के बीच करीब सुबह 8 बजे की बताई जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान मिथुन कुमार, पिता मनोज दास के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मिथुन प्रतिदिन की तरह गया–पटना पलामू सवारी गाड़ी संख्या 63244 से सफर कर रहा था। इसी दौरान पुनपुन स्टेशन से लगभग 30 मीटर आगे चलती ट्रेन से उसका मोबाइल नीचे गिर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मोबाइल उठाने के प्रयास में वह ट्रेन से नीचे गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीणों ने मानवता का परिचय देते हुए तत्काल उसे इलाज के लिए नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया। हालांकि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस एवं रेलवे प्रशासन मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गया। युवक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।

### 29 बिहार बटालियन एन.सी.सी. द्वारा आयोजित



**पुनपुन**।वार्षिक प्रशिक्षण कैंप–II के दौरान गुरुवार को कैडेटों के सर्वांगीण विकास को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कैंप का संचालन कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अमित कुमार के नेतृत्व में किया गया, जिसमें स्वास्थ्य जागरूकता, बौद्धिक विकास एवं सैन्य प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया गया।कैंप के दौरान हेल्थ चेकअप कैंप, क्विज प्रतियोगिता, ड्रिल प्रतियोगिता तथा फायरिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हेल्थ चेकअप कैंप के तहत प्लस ट्रस्ट द्वारा आयोजित सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर में कैडेटों एवं एनसीसी स्टाफ का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किया गया।वहीं आयोजित क्विज प्रतियोगिता में कैडेटों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सामान्य ज्ञान, सैन्य इतिहास एवं राष्ट्रीय विषयों से जुड़े प्रश्न पूछे गए, जिनका प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया।इसके अतिरिक्त शिविर में पांच कंपनियों के बीच ड्रिल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कैडेटों ने अनुशासन, समन्वय एवं सैन्य कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस आयोजन से कैडेटों में टीम भावना एवं नेतृत्व क्षमता को और मजबूती मिली।इस अवसर पर कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अमित कुमार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम कैडेटों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, राष्ट्रप्रेम एवं सामाजिक जागरूकता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी कैडेटों की सक्रिय सहभागिता एवं अनुशासित प्रदर्शन की सराहना की।

## हरनौत रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से कटकर एक बुजूर्ग व्यक्ति की मौत

नई सोच एक्सप्रेस



**हरनौत**।नालंदा जिले के हरनौत रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर दक्षिणी छोर पर बृहस्पतिवार की सुबह सात बजकर छः मिनट में एक ट्रेन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मृत्यु हो गई।यह घटना उस वक्त हुई जब राजगीर से चलकर दानापुर तक जाने वाली मेमू पैसेंजर ( गाड़ी संख्या 63339 ) हरनौत रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पहुंचने वाली थी। मौके पर जूटे लोगों ने इसकी सूचना पुलिस व परिजनों को दी। जीआरपी बिहारशरीफ के पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया में जुटी है।मृतक बुजुर्ग व्यक्ति हरनौत थाना क्षेत्र के पोआरी पंचायत के मिरदाहाचक गांव निवासी सियाशरण जामादार (71) है।वहीं मृतक बूजूर्ग व्यक्ति के भतीजा प्रभाकर कुमार ने बताया कि बिहारशरीफ स्थित अस्पताल में दो दिन पहले अपना आंख बनावाएं थे।आज सुबह अकेले घर से आंख की जांच कराने अकेले निकले थे।जिसमें हरनौत रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पकड़ना था और बिहारशरिफ स्थित अस्पताल में जाना था।लेकिन बिहारशरीफ की तरफ से आ रही मेमू ट्रेन की चपेट में आ गया। उन्होंने बताया कि मृतक बुजुर्ग व्यक्ति अपना पत्नि सहित दो पुत्र व दो पुत्रियां छोड़कर दुनिया से चल बसे। वहीं बख्तियारपुर आरपीएफ इंस्पेक्टर जवाहर लाल के अनुसार बिहारशरीफ की तरफ से मेमू गाड़ी आ रही थी।इसी दौरान उक्त बुजुर्ग व्यक्ति अचानक रेलवे ट्रैक पर सो गया। जिससे शरीर बीचो-बीचो दो भागों में कट गया। उन्होंने घटना का कारण सुसाइड बताया। उन्होंने बताया कि शव जीआरपी बिहारशरीफ के जिम्में सौंप दिया गया।

## गायत्री ज्ञान मंदिर के ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत 463वाँ युगऋषि वाङ्मय की स्थापना सम्पन्न

नई सोच एक्सप्रेस



**गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर**।लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत “उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, 1 विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, उ०प्र०” के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं० श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 463वाँ ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यह सम्पूर्ण साहित्य श्रीमती अर्चना गुप्ता ने अपने प्रिय पुत्री सुश्री प्रेक्षा गुप्ता के उज्ज्वल भविष्य हेतु उपरोक्त संस्थान के केन्द्रीय पुस्तकालय में युगऋषि वाङ्मय साहित्य भेंट किया तथा संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भी भेंट किया। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि “सद्ज्ञान सन्मार्ग पर चलने की शक्ति प्रदान करता है।” संस्थान की उपाध्यक्ष श्रीमती विभा सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संस्थान के निदेशक डॉ० शोभित कुमार नाहर ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया। वाङ्मय साहित्य स्थापना के इस अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि श्री उमानंद शर्मा, श्री वी०के० श्रीवास्तव, श्री देवेन्द्र सिंह, श्रीमती उषा सिंह, डॉ० नीलम गुप्ता, श्रीमती अर्चना गुप्ता, श्रीमती निर्मला गुप्ता, श्रीमती पद्मा गुप्ता, श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव

» “सद्ज्ञान सन्मार्ग पर चलने की शक्ति प्रदान करता है।” -उमानन्द शर्मा

एवं सुश्री प्रेक्षा गुप्ता और संस्थान की उपाध्यक्ष श्रीमती विभा सिंह, निदेशक डॉ० शोभित कुमार नाहर, श्री प्रकाश श्रीवास्तव, श्रीमती ममता सिंह, इंदिरा देवी एवं पंचमी सिंह यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## हरनौत पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस



**हरनौत**।स्थानीय थाना के पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते तीन मई के संध्या सात बजे के आसपास बस्ती के निवासी श्रवण साव के पुत्र रंजन कुमार को बस्ती गांव के निवासी शुभम सिंह के पुत्र खुराना सिंह ने कॉल करके हरनौत रेलवे स्टेशन पर बुलाया था ।वहां से गाड़ी में बैठा कर वीर कुंवर सिंह चौक, बस्ती रेलवे फाटक,यादव टोला बस्ती ,दैली मोड़ होते हुए दैली गांव जाने वाली रोड में स्थित जोगना तालाब के पास ले गया था। इस दौरान अन्य लोग भी शामिल था।गाड़ी से उतरते हीं उसके साथ लाठी से देर रात तक पिटाई की गई थी।जहां तक उसके बैंक खाते से डरा धमका कर बीस हजार रूपये भी ट्रांसफर करवाया था।रोने की आवाज राहगीर को सुनाई दी थी। इसके बाद राहगीरों ने डायल 112 पुलिस को तुरंत सूचना दी थी। इसके बाद डायल 112 की गाड़ी आई थी। लेकिन पीडीत व्यक्ति को मुंह में कपडा कोच दिया था और उसे डरा कर रखा गया था। 112 की गाडी पर तैनात एएसआई मो. तौसिक ने हरनौत पुलिस को सूचना दी।जब तक हरनौत पुलिस की गाडी पहुंची थी।तबतक पीडीत को डरा घमका कर बीच खंघा में लेकर चला गया था।इसके बाद पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चार चक्का वाहन को टांग कर बस्ती लाया था।वहां ग्रामीणों की भीड़ जुटी ।इतने में रोते-रोते व भटकते-भटकते( जख्मी के कारण) पीडीत व्यक्ति भी बस्ती तक आए गये।इसके बाद कल्याण बिगहा रेफरल अस्पताल में डायल 112 की पुलिस ले गये थे।जहां से चिकित्सकों ने रेफर कर दिया गया था।इसके बाद दो दिन बाद उन्होनें बस्ती गांव के निवासी शुभम सिंह के पुत्र खुराना सिंह सहित अंशु ,दिवांशु व अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाया था।जिसके बाद सभी पुलिस के रडार पर था।जिसमें एसआई प्रमोद कुमार को केस की जिम्मेदारी मिली । वहीं थानाध्यक्ष इस्पेक्टर मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि वांछित अपराधकर्मी राज खुराना एवं बिक्रम कुमार को बिहार एसटीएफ एवं हरनौत पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में छापामारी कर गिरफ्तारी हुई।उन्होनें बताया कि बीते पांच मई को कांड संख्या 220/26 दर्ज किया गया है।जिसमें वांछित अपराधकर्मी राज खुराना एवं बिक्रम पर हत्या का प्रयास एवं धोखाधड़ी से सम्बंधित तीन कांड दर्ज है साथ ही अपराधी बिक्रम के ऊपर हरनौत थाना में हत्या का प्रयास व आर्म्स एक्ट से सम्बंधित दो कांड अलग से दर्ज है।

## चान्हो में 100 दिवसीय टीबी अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित



नई सोच एक्सप्रेस

**चान्हो**।चान्हो टीयू के अंतर्गत 100 दिवसीय टीबी कैंपेन के तहत मंगलवार को पंचायत भवन पंडरी में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप के माध्यम से हाई रिस्क श्रेणी में चिन्हित दो गांव पंडरी एवं बलसोकरा के लोगों की जांच की गई। शिविर में कुल 89 लोग शामिल हुए। इनमें हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से 87 लोगों की जांच की गई, जिनमें 36 महिलाएं एवं 51 पुरुष शामिल थे। जांच के दौरान 08 लोग टीबी संदिग्ध पाए गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा कुल 12 लोगों का सीवाई-टीबी जांच किया गया। वहीं 08 लोगों को बलगम जांच के लिए स्पुटम कंटेनर उपलब्ध कराया गया। साथ ही सभी लाभुकों का निक्षय पोर्टल पर पंजीकरण (एनरोलमेंट) भी किया गया। स्वास्थ्यकर्मियों ने ग्रामीणों को टीबी रोग के लक्षण, बचाव एवं समय पर जांच और उपचार के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत लगातार गांव-गांव में जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, ताकि टीबी मरीजों की पहचान कर उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

## नई दिल्ली में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नवीन से मिले बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन, किया आत्मीय स्वागत


नई सोच एक्सप्रेस



**नई दिल्ली**।भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय, नई दिल्ली में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद नितिन नवीन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान प्रो. रणबीर नंदन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का आत्मीय स्वागत शॉल एवं गुलदस्ता भेंट कर किया। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच संगठनात्मक विषयों के साथ-साथ सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों को लेकर भी सकारात्मक चर्चा हुई। प्रो. रणबीर नंदन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नवीन के नेतृत्व, कार्यशैली और संगठन के प्रति उनकी सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि उनकी ऊर्जा, आत्मीयता और स्नेहपूर्ण व्यवहार हर कार्यकर्ता को प्रेरित करने वाला है। प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नीतिन नवीन का मार्गदर्शन पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष का आत्मीय स्नेह एवं प्रेरणादायक शब्द उन्हें सदैव जनसेवा और सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आदरणीय श्री नीतिन नवीन जी का व्यक्तित्व, कार्य के प्रति समर्पण तथा सभी के प्रति अपनापन विशेष रूप से प्रभावित करता है। गुरु महाराज की कृपा उन पर सदैव बनी रहे और उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करे। इस अवसर पर प्रो. रणबीर नंदन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वस्थ, सफल एवं दीर्घ राजनीतिक जीवन की कामना भी की।

## भारती एयरटेल के सीईओ का कहना है कि प्रायोरिटी पोस्टपेड रोज़मर्रा की नेटवर्क जाम की चुनौतियों को हल है

नई सोच एक्सप्रेस



भारती एयरटेल ने एयरटेल प्रायोरिटी पोस्टपेड लॉन्च किया है, जो उन्नत 5G स्लाइसिंग तकनीक से संचालित एक नया पोस्टपेड ऑफर है। एयरटेल के ग्राहकों को ईमेल किए गए एक पत्र में, भारती एयरटेल इंडिया के एमडी और सीईओ शाश्वत शर्मा ने कहा कि कंपनी ने भीड़-भाड़ वाले इलाकों में नेटवर्क समस्याओं के बारे में मिले फीडबैक के बाद यह सेवा शुरू की है। “आपमें से कई लोगों ने हमें बताया कि कभी-कभी आप भीड़-भाड़ वाले बाजार, ट्रैफिक जाम या किसी इवेंट में वीडियो कॉल करने, ईमेल डाउनलोड करने या फोटो अपलोड करने में संघर्ष करते हैं। यह एक ऐसी समस्या है जिसे हम हल करना चाहते थे। इसलिए हमने एयरटेल प्रायोरिटी पोस्टपेड लॉन्च किया है,” शर्मा ने कहा। शर्मा के अनुसार, एयरटेल प्रायोरिटी पोस्टपेड को एयरटेल के 5G नेटवर्क के नवीनतम अपग्रेड ‘स्लाइसिंग’ के माध्यम से भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में अधिक सुसंगत अनुभव देने के लिए “विशेष रूप से डिजाइन” किया गया है। “एयरटेल प्रायोरिटी पोस्टपेड विशेष रूप से इस बात के लिए डिज़ाइन किया गया है कि आपको भीड़-भाड़ वाले इलाकों में भी निरंतर अनुभव मिले। यह हमारे 5G नेटवर्क के लेटेस्ट अपग्रेड, जिसे स्लाइसिंग कहा जाता है, के जरिए संभव हुआ है,” उन्होंने कहा। कंपनी ने स्लाइसिंग को एक उन्नत 5G क्षमता बताया है जो पहले ही कई वैश्विक टेलीकॉम बाजारों में पेश की जा चुकी है। शर्मा ने कहा कि एयरटेल ने अब इस क्षमता को भारत में ग्राहकों तक अपने पोस्टपेड ऑफर के हिस्से के रूप में पहुंचाया है। “स्लाइसिंग एक ऐसी क्षमता है जो पश्चिमी दुनिया के कई हिस्सों में लॉन्च की जा चुकी है, और मुझे खुशी है कि हम इसे अब भारत में आपको दे रहे हैं,” शर्मा ने पत्र में कहा। एयरटेल के अनुसार, यह क्षमता नेटवर्क को सुदृढ़ बनाती है और अतिरिक्त क्षमता बनाती है जिसे प्रायोरिटी पोस्टपेड ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने के लिए उपयोग किया जा सकता है। यह सेवा एयरटेल के पोस्टपेड प्लान्स में उपलब्ध है और मौजूदा पोस्टपेड उपयोगकर्ताओं को स्वचालित रूप से यह लाभ मिलने लगेगा। एयरटेल ने कहा कि उपभोक्ता इस सेवा का अनुभव उन संगत 5G स्टैंडअलोन सक्षम स्मार्टफोन्स पर कर सकते हैं जिनमें नवीनतम सॉफ़्टवेयर वर्शन चल रहा हो l

## विश्व हिंदू महासंघ संगठन में किन्नर प्रकोष्ठ को बड़ी कमान रागिनी सिंह बनीं प्रदेश महामंत्री

नई सोच एक्सप्रेस

**वाराणसी**।विश्व हिंदू महासंघ ने संगठन विस्तार अभियान में किन्नर समाज को बड़ी सियासी ताकत देते हुए रागिनी सिंह किन्नर को किन्नर प्रकोष्ठ का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है उनकी ताजपोशी से पूर्वांचल से लेकर बुंदेलखंड तक संगठन में जश्न का माहौल है | यह रणनीतिक नियुक्ति विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति तथा किन्नर प्रकोष्ठ की तेजतर्रार प्रदेश अध्यक्ष काजल किरन की संस्तुति पर की गई है | संगठन हाईकमान ने भरोसा जताया कि रागिनी सिंह अपनी फायरब्रांड शैली और जमीनी पकड़ से संगठन को नई धार देंगी | **‘योगी की नीतियां हर झोपड़ी तक ले जाऊंगी रागिनी सिंह का संकल्प-** नवनियुक्त क्षेत्रीय महामंत्री

» प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति व किन्नर प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष काजल किरन की संस्तुति पर हुई नियुक्ति
» योगी मॉडल घर-घर पहुंचाना लक्ष्य' रागिनी सिंह का ऐलान,बोलीं 'किन्नर समाज को सनातन की मुख्यधारा से जोड़ूंगी

रागिनी सिंह किन्नर ने पदभार ग्रहण करते ही हुंकार भरी उन्होंने कहा यह पद मेरे लिए सेवा का अवसर है | मैं गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ महाराज के ‘सबका साथ,सबका विकास’ मॉडल और जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव- गांव,द्वार-द्वार तक पहुंचाऊंगी उन्होंने दो- टूक कहा किन्नर समाज अब भीख नहीं, अधिकार मांगता है | शिक्षा,सम्मान और रोजगार के लिए हमारा संघर्ष सड़क से सदन तक चलेगा | हम विश्व हिंदू महासंघ संगठन के साथ मिलकर सनातन की अलख जगाएंगे और समाज को मुख्यधारा से जोड़ेंगे | **संगठन को गांव-गांव ले जाने का ब्लूप्रिंट तैयार-** रागिनी सिंह ने अपना रोडमैप भी साफ कर दिया उन्होंने ऐलान किया कि विश्व हिंदू महासंघ संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए ‘घर-घर संपर्क,हर घर भगवा’ अभियान चलाया जाएगा | इसके तहत हर जिले में किन्नर प्रकोष्ठ की इकाइयां गठित कर महिला सशक्तिकरण और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा | **बधाइयों का तांता,कार्यकर्ताओं में जोशः** रागिनी सिंह की नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति,किन्नर प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष काजल किरन,संगठन के सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश पदाधिकारियों व हजारों कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी कानपुर में मिठाई बांटकर जश्न मनाया गया | क्षेत्रवासियों ने कहा कि रागिनी के आने से किन्नर समाज की आवाज अब और बुलंद होगी | **कौन हैं रागिनी सिंह किन्नर-** (1)- जमीनी जुड़ाव- सामाजिक कार्यों में लंबे समय से सक्रिय,गरीबों की मदद को रहती हैं आगे | (2)- फायरब्रांड छवि - मंच से बेबाकी से रखती हैं किन्नर समाज का पक्ष | (3)- संगठन अनुभव- पहले भी कई धार्मिक-सामाजिक संगठनों में निभा चुकी हैं अहम जिम्मेदारी | नियुक्ति पत्र प्राप्त करने के बाद संगठन का ध्वज लहरातीं विश्व हिंदू महासंघ संगठन किन्नर प्रकोष्ठ की नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री रागिनी सिंह किन्नर ||

## खिंदौड़ा की बेटी महक त्यागी ने किया नाम रोशन, 12वीं में हासिल किए 94.8 प्रतिशत अंक

नई सोच एक्सप्रेस



**गाजियाबाद**। मोदीनगर तहसील के गांव खिंदौड़ा निवासी महक त्यागी ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। महक ने अपनी सफलता से यह साबित कर दिया कि मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। महक त्यागी वर्तमान में दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर की छात्रा हैं। उनके पिता युगल मोहन त्यागी श्री राम पिस्टन कंपनी में कार्यरत हैं। बेटी की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है और गांव में भी बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। महक की सफलता पर उनके बाबा मंगू सिंह त्यागी, ताऊ डॉक्टर राजीव त्यागी पारस हॉस्पिटल तथा अविनाश त्यागी निवोक हॉस्पिटल ने खुशी जताते हुए कहा कि महक शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर रही हैं। उन्होंने नियमित अध्ययन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह मुकाम हासिल किया है। महक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और परिवार के सहयोग को दिया। उन्होंने बताया कि उनका सपना भविष्य में उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज और देश के लिए बेहतर कार्य करना है। गांव खिंदौड़ा और आसपास के क्षेत्र के लोगों ने महक को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनकी इस उपलब्धि को क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया।

# नजरअंदाज करना जोखिम मोल लेना

चीन पर भारत की प्रमुख निर्भरता उपभोक्ता वस्तुओं के मामले में नहीं, बल्कि घरेलू उत्पादन के क्षेत्र में है। इसका मतलब है कि भारत का कारखाना क्षेत्र चीन से आए पाट-पुर्जों और रासायनिक सामग्रियों पर अत्यधिक निर्भर हो चुका है। चीन पर भारत की कारोबारी निर्भरता चिंताजनक स्तर तक पहुंच गई है। सवाल सिर्फ बढ़ते व्यापार घाटे का नहीं है, जो पिछले वित्त वर्ष में 112.16 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। उससे बड़ा मुद्दा भारतीय मैनुफैक्चरिंग की चीनी आपूर्ति शृंखला पर बढ़ी निर्भरता है। थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने अपने ताजा विश्लेषण में इस ओर ध्यान खींचा है कि 2025-26 में चीन से भारत का कुल आयात 131.63 बिलियन डॉलर का रहा, जिसमें 98.5 प्रतिशत हिस्सा औद्योगिक उत्पादों का था। भारत के कुल आयात में चीन का हिस्सा 16 फीसदी तक पहुंच गया है, लेकिन सिर्फ औद्योगिक उत्पादों पर ध्यान दें, तो उसमें चीनी आयात का हिस्सा 30.8 फीसदी है। इसके भीतर भी इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, कंप्यूटर और ऑर्गेनिक केमिकल्स पर गौर करें, तो भारत के कुल आयात में चीन का हिस्सा 66 प्रतिशत है। इन आंकड़ों से जाहिर है कि चीन पर भारत की प्रमुख निर्भरता उपभोक्ता वस्तुओं के मामले में नहीं, बल्कि घरेलू उत्पादन के क्षेत्र में है। साधारण भाषा में इसका मतलब है कि भारत का कारखाना क्षेत्र चीन से आए पाट-पुर्जों और रासायनिक सामग्रियों पर अत्यधिक निर्भर हो चुका है। इनमें इलेक्ट्रॉनिक पाट-पुर्जे, विद्युत वाहनों की बैटरियां, सोलर मॉड्यूल, औषधियों में इस्तेमाल होने वाले एपीआई, और खास रसायन शामिल हैं। किसी एक सप्लायर पर इतनी निर्भरता स्वस्थ स्थिति नहीं मानी जा सकती। खास कर उस आपूर्तिकर्ता पर तो बिल्कुल नहीं, जिसके साथ संबंधों की पृष्ठभूमि में तनाव पलता- पनपता रहता है। भू-राजनीतिक या व्यापारिक प्रतिस्पर्धा संबंधी कारणों से यह तनाव कभी भी अनियंत्रित हो सकता है। फिलहाल सूरत यह है कि चीन भारत के घरेलू उद्योग को अस्त-व्यस्त करने की हैसियत में है। अतः भारत के नीति-निर्माताओं को जीटीआरआई के इस सुझाव को गंभीरता से लेना चाहिए कि देश के अंदर क्षमता विकसित करना और आपूर्ति शृंखला को एक के बजाय अनेक स्रोतों से जोड़ना इस वक्त भारत के सामने मौजूद प्रमुख चुनौती है। जीटीआरआई के मुताबिक किसी भी महत्त्वपूर्ण क्षेत्र में किसी एक देश पर आयात निर्भरता 30 फीसदी से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। यह तार्किक सुझाव है, जिसे नजरअंदाज करना जोखिम मोल लेना होगा।

# सनातन विमर्श और भारतीय राजनीति : आस्था, लोकतंत्र और जनहित के बीच संतुलन की चुनौती



आरती कुमारी

भारतीय राजनीति के वर्तमान परिदृश्य में एक ऐसा विमर्श लगातार उभर रहा है, जिसने राजनीतिक बहस को विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक न्याय जैसे मूल प्रश्नों से हटाकर धार्मिक पहचान और आस्था के इर्द-गिर्द केंद्रित कर दिया है। यह विमर्श है "सनातन समर्थन बनाम सनातन विरोध"। आज देश में एक ओर सनातन संस्कृति को भारतीय जीवन का शाश्वत आधार मानने वाली शक्तियां हैं, तो दूसरी ओर कुछ राजनीतिक वक्तव्य और प्रवृत्तियां ऐसी दिखाई देती हैं, जिन्हें जनमानस सनातन विरोध के रूप में देखता है। प्रश्न केवल किसी विचारधारा से सहमति या असहमति का नहीं, बल्कि यह है कि क्या राजनीति का केंद्र धर्म होना चाहिए या जनजीवन के वास्तविक मुद्दे? भारत का लोकतंत्र धर्मनिरपेक्ष संविधान पर आधारित है, जहां राज्य का दायित्व किसी धर्म का पक्ष या विरोध करना नहीं, बल्कि सभी नागरिकों के अधिकारों और आस्थाओं की समान रूप से रक्षा करना है। राजनीतिक दलों की प्राथमिकता भी जनता की समस्याएं, विकास, सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय एकता होनी चाहिए। किंतु पिछले कुछ वर्षों में धार्मिक विमर्श राजनीति का एक प्रमुख आधार बनकर उभरा है। चुनावी रणनीतियों से लेकर जनसभाओं और सोशल मीडिया तक, धर्म और सांस्कृतिक पहचान का प्रभाव लगातार बढ़ा है। सनातन केवल एक धार्मिक अवधारणा नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता की सांस्कृतिक चेतना, जीवन-दर्शन और मूल्य परंपरा का प्रतीक माना जाता है। "वसुधैव कुटुम्बकम्", "सर्वे भवन्तु सुखिनः" और "सत्यं वद, धर्मं चर" जैसे सूत्र भारतीय चिंतन की उसी धारा से निकले हैं। इसलिए जब कोई राजनीतिक वक्तव्य सनातन को लेकर अपमानजनक या आक्रामक भाषा का उपयोग करता है, तो उसका प्रभाव केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और भावनात्मक स्तर पर भी पड़ता है। तमिलनाडु में द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म की तुलना बीमारी से करने वाला बयान इसी कारण देशव्यापी विवाद का विषय बना। अनेक विपक्षी दलों ने भी उस बयान से दूरी बनाई, क्योंकि यह स्पष्ट था कि करोड़ों लोगों की आस्था को आहत करने वाली भाषा लोकतांत्रिक विमर्श को असहज बना सकती है। यह समझना भी आवश्यक है कि द्रविड़ आंदोलन की अपनी ऐतिहासिक और सामाजिक पृष्ठभूमि रही है। उसका मूल संघर्ष सामाजिक विषमताओं, जातिगत भेदभाव और वर्चस्ववाद के विरुद्ध था। लेकिन जब सामाजिक सुधार का विमर्श पूरे धर्म या संस्कृति के विरोध जैसा प्रतीत होने लगे, तब वह व्यापक जनस्वीकृति खो देता है। यही कारण है कि भारत जैसे बहुलतावादी समाज में राजनीतिक भाषा की मर्यादा और संतुलन अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। दूसरी ओर विपक्षी दल स्वयं को सनातन विरोधी नहीं, बल्कि सामाजिक कुरीतियों, जातिवाद और भेदभाव के विरोधी के रूप में प्रस्तुत करते हैं। उनका तर्क है कि वे सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों की बात करते हैं। लोकतंत्र में यह दृष्टिकोण पूरी तरह स्वीकार्य है, क्योंकि भारतीय परंपरा स्वयं संवाद, बहस और आत्मचिंतन की संस्कृति पर आधारित रही है। बुद्ध, महावीर, कबीर, गुरु नानक, स्वामी दयानंद और महात्मा गांधी जैसे महान विचारकों ने समाज की विसंगतियों पर प्रश्न उठाए, लेकिन उनका उद्देश्य समाज को विभाजित करना नहीं, बल्कि सुधार और समरसता स्थापित करना था। समस्या तब उत्पन्न होती है जब राजनीतिक विमर्श संतुलन खो देता है। जब आलोचना सुधार की जगह अस्वीकार की भाषा में बदल जाती है, तब वह समाज में ध्रुवीकरण को जन्म देती है। भारत जैसे विविधताओं वाले राष्ट्र में यह प्रवृत्ति लोकतांत्रिक स्वास्थ्य के लिए चिंताजनक मानी जा सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में भारतीय राजनीति में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और हिंदुत्व का विमर्श अधिक प्रभावशाली होकर उभरा है।अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन का महाकाल लोक और सांस्कृतिक धरोहरों के पुनरुत्थान जैसे विषयों ने एक बड़े वर्ग में सांस्कृतिक आत्मविश्वास को मजबूत किया है। इससे भारतीय जनता पार्टी को राजनीतिक लाभ भी मिला। वहीं विपक्षी दल बदलते राजनीतिक मानस को समझने में कई बार असहज दिखाई दिए। कहीं उन्होंने धर्मनिरपेक्षता और आस्था के बीच संतुलन बनाने में चूक की, तो कहीं कुछ नेताओं के विवादित बयानों ने उन्हें कठिन स्थिति में ला खड़ा किया। उत्तर प्रदेश से लेकर पश्चिम बंगाल तक चुनावी राजनीति में यह स्पष्ट हुआ कि केवल जातीय समीकरण या पारंपरिक वोट बैंक अब पर्याप्त नहीं हैं। जनता सांस्कृतिक पहचान, राष्ट्रीय विमर्श और विकास को भी महत्व देने लगी है। ऐसे में यदि कोई दल बहुसंख्यक समाज की आस्था के प्रति असंवेदनशील दिखता है, तो उसका राजनीतिक प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। हालांकि इसका दूसरा पक्ष भी उतना ही महत्वपूर्ण है क्या राजनीति का उद्देश्य केवल धार्मिक पहचान के आधार पर समर्थन जुटाना होना चाहिए? क्या बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि संकट, पर्यावरण और आर्थिक असमानता जैसे गंभीर मुद्दे पीछे छूट जाने चाहिए? दरअसल भारतीय राजनीति में पिछले कुछ वर्षों के दौरान कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, बसपा, तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक जैसे विपक्षी दलों के कुछ नेताओं के बयानों को व्यापक जनसमुदाय ने हिंदू भावनाओं के प्रति असंवेदनशीलता के रूप में देखा। इसके राजनीतिक प्रभाव भी सामने आए। लेकिन इस पूरे विषय को केवल "हिंदू विरोध बनाम राजनीतिक विरोध" के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। भारत एक लोकतांत्रिक राष्ट्र है, जहां सरकार, नीतियों और नेतृत्व की आलोचना करना हर राजनीतिक दल का अधिकार है। किंतु यदि वह आलोचना आस्था और सांस्कृतिक पहचान से टकराती हुई प्रतीत हो, तो जनता की प्रतिक्रिया भी स्वाभाविक रूप से सामने आती है। भारत में सनातन केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन, परंपरा, सहिष्णुता और सभ्यता का प्रतीक माना जाता है। इसलिए उसके प्रति असावधान भाषा जनमानस में प्रतिकूल प्रभाव छोड़ती है। वहीं लोकतंत्र की स्वस्थ परंपरा यह भी अपेक्षा करती है कि राजनीति व्यक्तियों और धर्मों के टकराव की बजाय शासन, नीतियों और जनहित के प्रश्नों पर केंद्रित रहे। आज आवश्यकता इस बात की है कि भारतीय राजनीति "धर्म बनाम धर्म" की बहस से ऊपर उठकर "जन बनाम जनसमस्या" के विमर्श की ओर बढ़े। जनता मंदिर भी चाहती है और रोजगार भी, आस्था भी चाहती है और अवसर भी, संस्कृति भी चाहती है और आधुनिकता भी। केवल धार्मिक ध्रुवीकरण किसी राष्ट्र की स्थायी प्रगति का आधार नहीं बन सकता। यदि किसी परंपरा में सुधार की आवश्यकता है, तो वह सम्मानजनक भाषा और रचनात्मक दृष्टिकोण के साथ होना चाहिए। सामाजिक न्याय का अर्थ सांस्कृतिक अस्वीकार नहीं होना चाहिए और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का अर्थ अन्य दृष्टियों का निषेध भी नहीं होना चाहिए। भारतीय सभ्यता की सबसे बड़ी शक्ति उसकी विविधता और सहिष्णुता रही है। यहां वेद भी हैं, उपनिषद भी हैं, बुद्ध भी हैं, कबीर भी हैं, गुरु नानक भी हैं और संविधान भी। भारत ने सदैव संवाद को संघर्ष से ऊपर रखा है। इसलिए राजनीति का भी दायित्व है कि वह समाज को जोड़ने वाली भाषा बोले। आज जब दुनिया सांस्कृतिक तनावों और पहचान की राजनीति से जूझ रही है, तब भारत के पास "वसुधैव कुटुम्बकम्" का सार्वभौमिक संदेश है। यही सनातन का वास्तविक स्वरूप भी है समावेश, करुणा और सहअस्तित्व। राजनीतिक दलों को आत्ममंथन करना होगा कि वे जनता को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं—धार्मिक टकराव की ओर या राष्ट्रीय निर्माण की ओर। यदि राजनीति केवल आस्था के विवादों में उलझी रही, तो जनजीवन के वास्तविक प्रश्न पीछे छूट जाएंगे। लेकिन यदि राजनीति संस्कृति का सम्मान करते हुए विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक समरसता को केंद्र बनाएगी, तो भारत एक संतुलित, समावेशी और सशक्त राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ेगा। सनातन का अर्थ शाश्वत है, और शाश्वत वही होता है जो सबको साथ लेकर चले। इसलिए किसी भी प्रकार का अंध-विरोध या अंध-समर्थन समाधान नहीं हो सकता। आवश्यकता है विवेकपूर्ण दृष्टि, संतुलित राजनीति और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की। भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता इसी में है कि वह आस्था का सम्मान करे, लेकिन राजनीति को जनहित का माध्यम बनाए। तभी लोकतंत्र मजबूत होगा और समाज भी समरस बनेगा।


# कॉकरोच जनता पार्टी : जब मीम बन गया लोकतांत्रिक प्रतिरोध का हथियार

## Gen Z का व्यंग्य, सोशल मीडिया की राजनीति और न्यायपालिका पर सवाल



अभिषेक पाण्डेय
(पत्रकारिता स्नातकोत्तर छात्र)

डिजिटल दौर में राजनीति अब केवल संसद, चुनावी रैलियों या टीवी बहसों तक सीमित नहीं रह गई है। आज सोशल मीडिया पर बनने वाले मीम, व्यंग्य और वायरल ट्रेंड भी राजनीतिक विमर्श को प्रभावित कर रहे हैं। इसी बदलते परिदृश्य के बीच "कॉकरोच जनता पार्टी" (Cockroach Janata Party - CJP) नामक एक डिजिटल व्यंग्य आंदोलन ने देशभर में नई बहस छेड़ दी है।मई 2026 में शुरू हुआ यह आंदोलन देखते ही देखते सोशल मीडिया पर करोड़ों युवाओं की आवाज बन गया। इसकी शुरुआत पॉलिटिकल कम्युनिकेशन स्ट्रेटेजिस्ट अभिजीत दीपके द्वारा की गई। बताया जाता है कि भारत के चीफ जस्टिस जस्टिस सूर्यकांत की एक कथित टिप्पणी, जिसमें सिस्टम की आलोचना करने वाले युवाओं की तुलना "कॉकरोच" और "परजीवी" से किए जाने का आरोप लगा, इस आंदोलन की मुख्य वजह बनी। हालांकि बाद में इस बयान पर सफाई भी दी गई, लेकिन तब तक सोशल मीडिया पर व्यंग्य का तूफान उठ चुका था। Gen Z यानी नई पीढ़ी ने इस टिप्पणी को सीधे अपमान के रूप में लिया और उसी शब्द "कॉकरोच" को विरोध के प्रतीक में बदल दिया। यही इस आंदोलन की सबसे बड़ी खासियत रही। जिस शब्द का इस्तेमाल कथित तौर पर तिरस्कार के लिए हुआ, उसी को युवाओं ने मीम, पोस्टर, वीडियो और डिजिटल अभियानों के जरिए प्रतिरोध की पहचान बना दिया। सिर्फ पांच दिनों में इंस्टाग्राम और एक्स (पूर्व ट्विटर) पर इस वर्चुअल पार्टी के करोड़ों फॉलोअर्स हो गए। इंटरनेट पर इसकी लोकप्रियता इतनी तेजी से बढ़ी कि यह मुख्यधारा की राजनीतिक पार्टियों के सोशल मीडिया प्रभाव को चुनौती देने लगा। अंतरराष्ट्रीय मीडिया और बिजनेस पत्रिकाओं तक में इसकी चर्चा हुई। CJP का घोषणापत्र भी पूरी तरह व्यंग्य और राजनीतिक कटाक्ष से भरा हुआ था। इसमें सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के लिए राज्यसभा सीटों पर रोक, महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण, पारदर्शी न्यायिक नियुक्ति व्यवस्था और युवाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने जैसे मुद्दे शामिल किए गए। यह घोषणापत्र केवल हास्य नहीं था, बल्कि उसके माध्यम से व्यवस्था पर सवाल खड़े किए गए। हालांकि, सरकार की कानूनी मांग के बाद CJP का आधिकारिक एक्स अकाउंट भारत में ब्लॉक कर दिया गया। इसके बाद अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और डिजिटल सेंसरशिप को लेकर भी बहस तेज हो गई। कई लोगों ने इसे लोकतांत्रिक असहमति की आवाज बताया, तो कुछ ने इसे संस्थाओं का मजाक उड़ाने वाला ट्रेंड कहा। यहां यह समझना भी जरूरी है कि "CJP" नाम पहले से ही "सिटीज़न्स फॉर जस्टिस एंड पीस" नामक एक मानवाधिकार संगठन से जुड़ा हुआ है, जो वर्षों से संवैधानिक अधिकारों, अल्पसंख्यक अधिकारों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और न्यायिक सुधार जैसे मुद्दों पर काम करता रहा है। इसलिए सोशल मीडिया पर वायरल "कॉकरोच जनता पार्टी" और यह मानवाधिकार संगठन दो पूरी तरह अलग संस्थाएं हैं। दरअसल, यह पूरा घटनाक्रम इस बात का उदाहरण है कि आज की युवा पीढ़ी विरोध दर्ज कराने के लिए पारंपरिक तरीकों के बजाय मीम संस्कृति और डिजिटल व्यंग्य का इस्तेमाल कर रही है। पहले जहां विरोध प्रदर्शन सड़कों पर दिखाई देते थे, अब वही प्रतिरोध इंस्टाग्राम रील, एक्स पोस्ट और वायरल मीम्स में दिखाई देता है। Gen Z की राजनीति भावनात्मक होने के साथ-साथ रचनात्मक भी है। यह पीढ़ी सीधे भाषण देने के बजाय हास्य, व्यंग्य और ट्रेंड के जरिए सवाल उठाती है। "कॉकरोच जनता पार्टी" इसी डिजिटल लोकतंत्र का प्रतीक बनकर उभरी, जिसने यह साबित किया कि इंटरनेट पर बना एक मीम भी राष्ट्रीय बहस का विषय बन सकता है।




**मेष राशि** : आज का दिन आपके लिए बेहद ख़ास पल लेकर आया है। भाई व माता से सहयोग मिलेगा, आपका पराक्रम बढ़ेगा। सहकर्मियों के सहयोग से कार्य को निर्धारित समय में संपन्न करेंगे। खान-पान का उचित ध्यान रखें। इस राशि की महिलाओं को आज शॉपिंग में अच्छा डिस्काउंट मिल सकता है। आज आप अपने घर के साफ सफाई में व्यस्त रहेंगे। जमीन जायदाद संबंधी मामले आपके पक्ष में रहेंगे। छात्रों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**वृष राशि** : आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। घर की सफाई अथवा नवीनीकरण के कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आप अपनी कार्यक्षमता को दूसरों के आगे साबित कर पाने में सफल होंगे। पिता व गुरुजनों से सम्मान प्राप्त होगा। व्यापारिक वर्ग की निराशा आशा में परिवर्तित होगी, नये-नये प्रोजेक्ट मिलेंगे। आज विदेश में रह रहे आपके दोस्त आपको वहां आने का निमंत्रण दे सकते हैं या फिर काम के सिलसिले में भी आपको वहां बुलाया जा सकता है। लवमेट से आज उपहार मिलेगा।

**मिथुन राशि** : आज आपका दिन एक नई उमंग लेकर आएगा। आपके लिए आय के नए द्वार खुलने की संभावना है। छात्रों को शिक्षा में आश्चर्यजनक परिणाम मिल सकते हैं। आपके घर में सुख शांति का माहौल बनेगा। आपकी आध्यात्मिक और धार्मिक मामलों में रुचि बढ़ेगी। किसी मित्र की सहायता से आपके बिगड़े हुए कार्य बनेंगे और पिछले किये गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। ज़मीन संबंधी कार्य में पैसा लगाने से फ़ायदा मिल सकता है।

**कर्क राशि** : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। सार्वजनिक एवं प्रोफेशनल कार्यों में अनुकूल संयोग बनेंगे। किसी समस्या को दूर करने के लिए परिवार के सदस्यों के साथ बैठकर विचार विमर्श करेंगे। हर काम समय पर पूर्ण होने से आनंद का अनुभव होगा। धन की कमी दूर होने से आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। जो मल्टीनेशनल कंपनी में जुड़े हैं ऐसे जातकों के लिए आज का दिन प्रगतिकारक दिखाई दे रहा है आप किसी नए कार्य की योजना बनायेंगे।

**सिंह राशि**:आज आपका दिन उत्तम रहेगा।आज आपका मन कुछ उलझन में रहेगा, लेकिन जीवनसाथी के साथ बातों को शेयर करने से सब ठीक हो जायेगा। आज जल्दबाजी में महत्वपूर्ण निर्णय ना लें, इसके बारे में अच्छी तरह से सोच लें। दोस्ती के रिश्तों में और प्रगाढ़ता आएगी। आज आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे।

**कन्या राशि** : आज का दिन आपके लिए मिला-जुला अनुभव देने वाला रहेगा। सकारात्मक सोच व संतुलित दृष्टिकोण से आप असंभव कार्यों को भी संभव कर पाएंगे। विद्यार्थियों को मनचाही सफलता पाने के लिए थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है,सफलता के योग भी बने हुये है। कारोबार और करियर संबंधी समस्याओं का निवारण हो जायेगा, कुछ नया करने की कोशिश करेंगे, रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

**तुला राशि** : आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपके परवारिक रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। ऑफिस में कुछ कार्यों की जिम्मेदारी आपको दी जायेगी, जिसे पूरा करने में आप सफल होंगे। खान-पान की तरफ भी आपको ध्यान देने की आवश्यकता है। कार्यक्षेत्र में आप जितना ही मेहनत करेंगे, आपको उतना ही लाभ मिलेगा। छात्रों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**वृश्चिक राशि** : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। संतान पक्ष से मन को संतोष मिलेगा। जो लोग नया बिजनेस शुरू करना चाहते हैं या नौकरी में नए अवसर खोज रहे हैं उनके लिए अनुकूल समय है। आज किसी काम को लेकर आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज ऑफिस में आपके पर्सनालिटी की तारीफ होगी।

**धनु राशि** : आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपके सामने जो भी कठिन मामले हैं, उन पर बातचीत कर सकते हैं। आज आप जितनी मेहनत करेंगे, आने वाले दिनों में आपको उतना ही फायदा होगा। आपका पूरा ध्यान अपने महत्वपूर्ण कामों पर रहेगा। कई तरह की जिम्मेदारी वाले काम आपके सामने रहेंगे।

**मकर राशि** : आज आपका दिन बेहतरीन है। आज सोचे हुए काम करने के लिए और अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। किसी रुके हुये काम को पूरा करने में किस्मत का साथ मिलेगा। आज आपको अपने गुणऔर काम के वजह से सम्मानित किया जायेगा। समाज में प्रतिष्ठा बढ़ सकती है आज जो जिम्मेदारी मिलेगी उसे पूरा करने में सक्षम रहेंगे।

**कुंभ राशि** : आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी कम्यूनिकेशन की क्षमता दूसरो को प्रभावित करेगी, जिससे आपको फायदा होगा। नतीजों की चिंता किए बिना मेहनत करेंगे तो कामयाबी अवश्य मिलेगी। नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगा।बिजनेस में अचानक फायदा होगा और अधिकारियों का सहयोग मिलेगा आज आप ऑनलाइन कुछ आर्डर कर सकते है।

**मीन राशि** : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका ध्यान केवल और केवल अपने काम के प्रति रहेगा, इसके लिए आप कठोर परिश्रम भी करने के लिए तैयार रहेंगे। आप ज्यादा लोगों से जुड़े रहेंगे, लोग भी आपकी सहायता करने के लिये तत्पर रहेंगे। सरकार अथवा उच्च अधिकारियों से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है। आज आपका मनोबल बढ़ा रहेगा जिससे आप अपने लक्ष्य को जल्द हासिल कर पाएंगे।

# सुशासन का बदलता स्वरूपः सम्राट चौधरी के उभार के बीच 'योगी मॉडल' की छाया में बिहार की नई सत्ता-व्यवस्था



आचार्य अशोक चौधरी प्रियदर्शी
कटिहार बिहार

बिहार की राजनीति में "सुशासन" शब्द केवल एक प्रशासनिक अवधारणा नहीं रहा, बल्कि यह एक राजनीतिक ब्रांड, एक वैचारिक पहचान और एक शासन दर्शन के रूप में स्थापित हुआ। नीतीश कुमार के नेतृत्व में इस अवधारणा ने उस दौर में जन्म लिया जब बिहार अराजकता, अपराध और प्रशासनिक शिथिलता के संकट से जूझ रहा था। सुशासन का अर्थ था—कानून का राज, प्रशासनिक सुधार, बुनियादी ढांचे का विस्तार और सामाजिक संतुलन। किंतु समय के साथ हर मॉडल की तरह इस मॉडल की भी सीमाएँ सामने आने लगीं और अब बिहार की राजनीति एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहाँ "सुशासन" का पारंपरिक स्वरूप एक नए रूपांतरण के दौर से गुजरता दिखाई दे रहा है। इस परिवर्तन के केंद्र में सम्राट चौधरी की सक्रियता और योगी आदित्यनाथ के शासन मॉडल की झलक देखी जा रही है। यदि हाल के 30–35 दिनों के घटनाक्रम को गहराई से देखा जाए, तो यह स्पष्ट होता है कि बिहार में प्रशासनिक निर्णयों की गति और प्रकृति दोनों में परिवर्तन आया है। यह परिवर्तन केवल सामान्य प्रशासनिक फेरबदल नहीं है, बल्कि यह उस नई राजनीतिक सोच का संकेत है जिसमें निर्णायकता, त्वरित कार्रवाई और कठोर प्रशासनिक नियंत्रण को प्राथमिकता दी जा रही है। अधिकारियों के बड़े पैमाने पर स्थानांतरण, नीतिगत प्राथमिकताओं का पुनर्संरचना, कानून-व्यवस्था पर कड़ा संदेश और शासन की शैली में दिखाई देने वाली आक्रामकता—ये सभी संकेत इस बात की ओर इशारा करते हैं कि बिहार एक नए प्रशासनिक प्रयोग के दौर में प्रवेश कर चुका है। नीतीश कुमार के सुशासन मॉडल की मूल आत्मा संतुलन रही है। उन्होंने सामाजिक समीकरणों को साधते हुए, क्रमिक सुधारों के माध्यम से बिहार को एक स्थिर दिशा देने का प्रयास किया। उनकी शैली में संवाद, सहमति और राजनीतिक संतुलन प्रमुख तत्व रहे। लेकिन इस मॉडल की सबसे बड़ी चुनौती यह रही कि यह कई बार अत्यधिक संतुलन के कारण निर्णयों की गति को प्रभावित करता रहा। प्रशासनिक कठोरता की कमी, निर्णयों में देरी और गठबंधन की मजबूरियों के कारण कई बार शासन की धार कुंद होती दिखाई दी। इसके विपरीत, जो नया मॉडल उभरता दिखाई दे रहा है, उसमें निर्णय लेने की गति तेज है और प्रशासनिक हस्तक्षेप अधिक स्पष्ट और दृढ़ है। यही वह शैली है जिसे व्यापक रूप से "योगी मॉडल" के रूप में जाना जाता है। इस मॉडल की प्रमुख विशेषताएँ हैं—कानून-व्यवस्था पर सख्त नियंत्रण, प्रशासनिक जवाबदेही, त्वरित निर्णय और राजनीतिक इच्छाशक्ति का स्पष्ट प्रदर्शन। उत्तर प्रदेश में इस मॉडल के तहत जिस प्रकार अपराध नियंत्रण, प्रशासनिक अनुशासन और विकास परियोजनाओं की गति बढ़ाई गई, उसने इस मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बना दिया। बिहार में इस मॉडल के प्रभाव की चर्चा इसलिए भी हो रही है क्योंकि सम्राट चौधरी जैसे नेताओं की सक्रियता ने भाजपा को केवल एक सहयोगी दल से आगे बढ़ाकर नीति-निर्धारण में प्रभावशाली भूमिका में स्थापित करने का प्रयास किया है। यह परिवर्तन केवल राजनीतिक महत्वाकांक्षा का परिणाम नहीं है, बल्कि यह उस व्यापक रणनीति का हिस्सा है जिसमें भाजपा विभिन्न राज्यों में एक समान प्रशासनिक दृष्टिकोण स्थापित करना चाहती है। यहाँ एक महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि जदयू की संगठनात्मक और वैचारिक कमजोरियाँ इस परिवर्तन को गति प्रदान कर सकती हैं। यदि किसी दल की आंतरिक संरचना कमजोर होती है, यदि कार्यकर्ताओं में असंतोष बढ़ता है और यदि नेतृत्व को लेकर अनिश्चितता उत्पन्न होती है, तो उसका सीधा लाभ उस दल को मिलता है जो अधिक संगठित, सक्रिय और स्पष्ट दिशा वाला हो। बिहार में यही स्थिति देखने को मिल



रही है, जहाँ जदयू की संभावित शिथिलता भाजपा के लिए अवसर बन सकती है। भाजपा ने पिछले वर्षों में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत किया है, कैडर आधारित संरचना विकसित की है और निरंतर राजनीतिक सक्रियता बनाए रखी है। ऐसे में यदि जदयू अपनी संगठनात्मक ऊर्जा को पुनर्जीवित नहीं कर पाता, तो भाजपा के लिए राजनीतिक और संगठनात्मक विस्तार का मार्ग स्वाभाविक रूप से प्रशस्त हो सकता है। यहाँ एक केस स्टडी के रूप में प्रशासनिक बदलावों को देखा जा सकता है। हाल के दिनों में कई जिलों में अधिकारियों के स्थानांतरण और प्रशासनिक सख्ती के संकेतों ने यह स्पष्ट किया है कि शासन अब परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण अपनाने की ओर बढ़ रहा है। यह शैली पारंपरिक धीमी प्रशासनिक प्रक्रिया से भिन्न है और इसका उद्देश्य यह संदेश देना है कि सरकार सक्रिय है और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। दूसरी ओर, मतदाता मनोविज्ञान भी इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज का मतदाता अधिक जागरूक और परिणाम-केंद्रित हो चुका है। वह केवल वादों और घोषणाओं से संतुष्ट नहीं होता, बल्कि वह ठोस परिणाम देखना चाहता है। यदि सरकार त्वरित निर्णय लेती है और उसका प्रभाव जमीनी स्तर पर दिखाई देता है, तो यह मतदाता के विश्वास को मजबूत करता है। यही कारण है कि "योगी मॉडल" जैसी निर्णायक शासन शैली को कुछ वर्गों में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलती है।लेकिन इस पूरे परिवर्तन के साथ कुछ गंभीर प्रश्न भी जुड़े हुए हैं। क्या यह मॉडल बिहार की सामाजिक संरचना के अनुरूप है? बिहार की राजनीति जातीय और सामाजिक संतुलन पर आधारित रही है, जहाँ विभिन्न समूहों के बीच संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक होता है। यदि प्रशासनिक सख्ती इस संतुलन को प्रभावित करती है, तो इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि किसी भी नए मॉडल को लागू करते समय सामाजिक संवेदनशीलता को बनाए रखा जाए। एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि क्या यह परिवर्तन स्थायी है या यह केवल एक राजनीतिक प्रयोग है। यदि यह परिवर्तन केवल कुछ निर्णयों तक सीमित रहता है, तो इसका प्रभाव सीमित रहेगा। लेकिन यदि यह व्यापक नीतिगत बदलावों में परिवर्तित होता है, तो यह बिहार की राजनीति और शासन व्यवस्था को स्थायी रूप से बदल सकता है। गठबंधन राजनीति के संदर्भ में भी यह परिवर्तन महत्वपूर्ण है। यदि भाजपा की भूमिका और प्रभाव बढ़ता है, तो यह सत्ता संतुलन को प्रभावित करेगा। जदयू को अपनी पहचान और भूमिका को पुनर्परिभाषित करना होगा, अन्यथा वह धीरे-धीरे राजनीतिक रूप से कमजोर हो सकता है।अंततः यह स्पष्ट है कि बिहार की राजनीति एक संक्रमणकाल से गुजर रही है। यह केवल नेतृत्व परिवर्तन का नहीं, बल्कि शासन की शैली, राजनीतिक प्राथमिकताओं और प्रशासनिक दृष्टिकोण के परिवर्तन का दौर है। यह परिवर्तन अवसर भी है और चुनौती भी। यदि इसे संतुलित और दूरदर्शी तरीके से लागू किया जाता है, तो यह बिहार को एक नई दिशा दे सकता है। यह केवल सुशासन का संशोधन नहीं है, बल्कि यह उसके पुनर्परिभाषा की प्रक्रिया है, जहाँ संतुलन और कठोरता, संवाद और निर्णायकता, परंपरा और परिवर्तन—इन सभी के बीच एक नया संतुलन खोजा जा रहा है। आने वाला समय यह तय करेगा कि यह नया मॉडल बिहार को स्थायित्व और विकास की दिशा में ले जाएगा या यह केवल एक क्षणिक राजनीतिक प्रयोग बनकर रह जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

## 50 लाख की रंगदारी मांगने वाले दो नक्सली समर्थक गिरफ्तार

**अमड़ापाड़ा (पाकुड़)**। पुलिस ने बीजीआर कोल माइंस कंपनी से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और टीपीसी के नाम पर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले का महज कुछ ही दिनों में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आपराधिक अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बीते 14 मई की रात अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के ब्रिज नंबर-02 पर सड़क व पुल निर्माण कार्य में तैनात गार्ड को दो अज्ञात बदमाशों ने लाल रंग से लिखा एक पर्चा सौंपा था। पर्चे के जरिए कंपनी से 50 लाख रुपये की भारी-भरकम रंगदारी की मांग की गई थी। इसके बाद बीजीआर कंपनी के पदाधिकारी मृणमय मित्रा के लिखित आवेदन पर अमड़ापाड़ा थाना में कांड संख्या-34/2026 दर्ज किया गया था। **एसपी के निर्देश पर बनी SIT को मिली सफलताः** मामले की गंभीरता को देखते हुए पाकुड़ पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर महेशपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विजय कुमार के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया। एसआईटी ने मानवीय और तकनीकी इनपुट्स के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और दो आरोपियों को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों में चांद हांसदा उर्फ चुटरोय (41 वर्ष, निवासी बड़दाहा मांझी टोला) और चानुस सोरेन (38 वर्ष, निवासी पचुवाड़ा चेतान टोला) शामिल हैं। पूछताछ के दौरान दोनों ने रंगदारी मांगने की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। पुलिस दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने की तैयारी कर रही है। **छापेमारी टीम में ये थे शामिलः** इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली एसआईटी में महेशपुर एसडीपीओ विजय कुमार के साथ अमड़ापाड़ा थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक अनुप रोशन भेंगरा, सब-इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह, पप्पू कुमार, एएसआई अमित कुमार राय, पाकुड़ एसपी आवासीय कार्यालय की तकनीकी शाखा के पुलिसकर्मी और अमड़ापाड़ा थाने के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## उपायुक्त ने की उद्योग विभाग लघु कुटीर उद्यम विकास बोर्ड की समीक्षा बैठक



**हजारीबाग**। हजारीबाग समाहरणालय भवन में उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में उद्योग विभाग, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, जन जागरण मंच और स्थानीय कारीगरों (आर्टिजन्स) के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।जिले में वर्तमान में लगभग 2000 कारीगर जूट उत्पाद, सोहराई कला, सिलाई-कढ़ाई, काष्ठ कला, बांस सामग्री और टेराकोटा जैसे कार्यों से जुड़े हैं। बरही, कटकमदाग, विष्णुगढ़, सदर और बड़कागांव क्षेत्रों में मुख्य रूप से जूट के थैले और अन्य उपयोगी सामग्रियां बनाई जा रही हैं। हस्तशिल्प उत्पादों को बेहतर बाजार देने के लिए उपायुक्त ने जिले में एक समर्पित "क्राफ्ट सेंटर" विकसित करने का निर्देश दिया, जहां उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री की जा सकेगी। पंजीकरण और योजना का लाभः उपायुक्त ने सभी कारीगरों का आर्टिजन कार्ड, सोसाइटी रजिस्ट्रेशन और कोऑपरेटिव रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही, उन्होंने सभी कारीगरों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से जोड़ने का निर्देश दिया ताकि उन्हें सरकारी लाभ मिल सके। चौपारण (पांडेबाग) के सिलाई-कढ़ाई कारीगरों के लिए कॉमन फैसिलिटी सेंटर बनाने हेतु स्थल चयन और आवश्यक उपकरणों का आकलन कर जल्द रिपोर्ट सौंपने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह और महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सादगी के साथ मनाई गई सिद्धार्थ गौतम एवं मीनी गौतम की 13वीं शादी की सालगिरह



**धनबाद**।धनबाद के लोकप्रिय सिंह मेंशन परिवार के युवा सदस्य सिद्धार्थ गौतम एवं उनकी पत्नी मीनी सिद्धार्थ गौतम ने अपनी शादी की 13वीं सालगिरह सादगीपूर्ण माहौल में अपने करीबी लोगों और शुभचिंतकों के बीच मनाई। सिद्धार्थ गौतम, झरिया विधानसभा के लोकप्रिय दिवंगत विधायक स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह के छोटे पुत्र तथा धनबाद मेयर संजीव सिंह के छोटे भाई हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सालगिरह का आयोजन पारिवारिक और आत्मीय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने दंपति के सुखद वैवाहिक जीवन और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान भावनात्मक माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में "हर दुआ में तेरे नाम लिया, हर ख्वाब में तुझे ही सामने पाया, तेरे साथ ही जन्नत सी लगी है जिंदगी" जैसी भावनाओं के साथ दोनों के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त की गईं। कार्यक्रम में प्रीति सिंह भी अपने समर्थकों के साथ पहुंचीं और दंपति को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय दांपत्य जीवन की कामना की। इस दौरान अतिथियों के बीच मिठाइयां बांटी गईं और सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

## सरकारी स्कूलों में तीन दिवसीय समर कैंप का समापन

**पाकुड़**।समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिले के सरकारी विद्यालयों में आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप का गुरुवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। 19 मई से 21 मई 2026 तक आयोजित इस विशेष कैंप में जिले के लगभग 990 सरकारी विद्यालयों के कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती ने बताया कि समर कैंप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं रचनात्मक विकास को बढ़ावा देना था। कैंप के दौरान खेलकूद, योग, फिटनेस, स्वदेशी खेल, रचनात्मक गतिविधियां एवं विभिन्न विषयों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कैंप के दौरान कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों के लिए योग, छोटी दौड़, मेढ़क दौड़, तीन टांग दौड़ व बैलेंस गेम आयोजित हुए। वहीं कक्षा 6 से 8 के लिए रिले दौड़ व रस्सी कूद और कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए पुशअप, सिटअप एवं स्किपिंग प्रतियोगिताएं कराई गईं। इसके अलावा "सृजन के संग बचपन" थीम के तहत बच्चों को मिट्टी, लकड़ी व कागज से खिलौने और झारखंडी संस्कृति से जुड़ी कलात्मक वस्तुएं बनाना सिखाया गया। बच्चों ने मास पीटी, कैरम, लूडो और शतरंज में भी हाथ आजमाया। साथ ही जल संरक्षण, पर्यावरण और साफ-सफाई पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए।

# धनबाद हमले के विरोध में सड़क पर उतरे आजसू कार्यकर्ता

नई सोच एक्सप्रेस



» रांची में मशाल जुलूस निकाल राज्य सरकार के खिलाफ जताया आक्रोश

**रांची**।धनबाद के लोयाबाद थाना क्षेत्र में आजसू पार्टी कार्यकर्ताओं पर हुए कथित हमले एवं पुलिस द्वारा झूठे मुकदमे में गिरफ्तारी के विरोध में आजसू पार्टी कार्यकर्ता राज्यभर में सड़क पर उतर आए। इस दौरान विभिन्न जिलों में मशाल जुलूस निकालकर राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया तथा पुतला दहन कर आक्रोश जताया गया। राजधानी रांची में युवा आजसू के बैनर तले मशाल जुलूस सह आक्रोश मार्च का आयोजन किया गया। मार्च रांची विश्वविद्यालय मुख्यद्वार से शुरू होकर अल्बर्ट एक्का चौक तक निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने धनबाद की घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। महानगर अध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने वाले आजसू कार्यकर्ताओं पर हमला लोकतंत्र पर हमला है और इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन अन्याय और अत्याचार के खिलाफ हमेशा आवाज उठाता रहेगा तथा कार्यकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन को सख्त कदम उठाने चाहिए। वहीं प्रताप सिंह ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकार में माफियाओं का मनोबल बढ़ा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार माफियाओं को संरक्षण दे रही है, जिसके कारण अवैध कोयला खनन और तस्करी तेजी से बढ़ी है। उन्होंने कहा कि लोयाबाद की घटना इसी का परिणाम है, क्योंकि आजसू कार्यकर्ता अवैध कोयला तस्करी का विरोध कर रहे थे। कार्यकर्ताओं ने फिरायालाल चौक पर मशाल जुलूस निकालकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और चेतावनी दी कि यदि जल्द दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो आजसू पार्टी राज्यव्यापी आंदोलन करेगी। मशाल जुलूस में अमित यादव, डॉ. पार्थ तिवारी, अजित कुमार, चेतन प्रकाश, प्रताप सिंह, अमित साहू, मोहम्मद शाहिद, ऋतुराज शाहदेव, अमन साहू, सौरभ यादव, राज दुबे, ऋषि सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# झारखंड में महिलाएं सुरक्षित नहीं : सुदेश महतो

नई सोच एक्सप्रेस

» आजसू के राज्यस्तरीय महिला प्रतिनिधि सम्मेलन में बोले पूर्व उपमुख्यमंत्री

**रांची**।आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड में महिलाएं और बालिकाएं सुरक्षित नहीं हैं तथा राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं के विरुद्ध यौन अपराधों की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। सुदेश महतो रविवार को ट्रेडिशन बैंक्वेट हॉल, तुरुप रिंग रोड, रांची में आयोजित आजसू पार्टी के सहयोगी संगठन अखिल झारखंड महिला संघ के राज्यस्तरीय एकदिवसीय प्रतिनिधि सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मांडू विधायक निर्मल महतो, गोमिया के पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो, मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर एवं केंद्रीय महासचिव संजय मेहता विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। अपने संबोधन में सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलन में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संसद एवं विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी ने हमेशा महिला सशक्तिकरण के लिए संघर्ष किया है। पार्टी ने महिलाओं को केवल घर की चौखट तक सीमित नहीं रहने दिया, बल्कि उन्हें सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिलाने में आजसू पार्टी की ऐतिहासिक भूमिका रही है। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए सुदेश महतो ने कहा कि आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में राज्य में 1735 दुष्कर्म के मामले दर्ज किए गए, जो औसतन हर महीने लगभग 145 मामलों के बराबर है। वहीं वर्ष 2026 के पहले तीन महीनों में ही 410 मामले दर्ज हो चुके हैं। उन्होंने आशंका जताई कि यदि यही स्थिति रही तो इस वर्ष अपराध के आंकड़े और बढ़ सकते हैं। कार्यक्रम में रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, उपाध्यक्ष वीणा देवी, बोकारो जिला परिषद उपाध्यक्ष बबीता कुमारी, केंद्रीय महासचिव यशोदा देवी, पार्वती देवी, अंजू देवी, फूलकुमारी, सरिता देवी, मोहसिन खान, प्रभा मेहता, परवाज खान, चंद्रमणि देवी, अनिता साहू, प्रियंका शर्मा, गीता देवी एवं रांची जिलाध्यक्ष संजय महतो सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ब्राउन शुगर के साथ 5 तस्कर गिरफ्तार सरगना राहुल मेहता पर दर्ज हैं 19 मामले

नई सोच एक्सप्रेस



**हजारीबाग**।हजारीबाग जिला पुलिस को मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित एसआईटी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर इचाक थाना क्षेत्र के ग्राम लोटवा जंगल के रास्तों से पांच शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 52 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर और 6 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों में राहुल मेहता पिता - स्व. सकलदीप प्रसाद मेहता – उम्र 26 वर्ष, निवासीः गूँजा, इचाक,विशाल कुमार पिता- तापेश्वर प्रसाद मेहता – उम्र 23 वर्ष, निवासीः रतनपुर, इचाक, अमित कुमार पिता -दुलारचन्द प्रसाद मेहता) – उम्र 25 वर्ष, निवासी बरकाकला, इचाक दीपक कुमार पिताः स्व. नागेश्वर प्रसाद मेहता – उम्र 22 वर्ष, निवासीः बरखा खुर्द, इचाक। मुकेश कुमार (पिताः बालेश्वर प्रसाद मेहता) – उम्र 33 वर्ष, निवासी को पुलिस के अनुसार, ये सभी आरोपी चतरा जिले के सप्लायर से 1400 रुपये प्रति ग्राम की दर से ब्राउन शुगर खरीदकर इचाक क्षेत्र में 1500 से 1600 रुपये प्रति ग्राम की दर से बेचते थे। इन्होंने आपस में संपर्क बनाए रखने के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बना रखा था। **मुख्य सरगना का लंबा आपराधिक इतिहासः** इस गिरोह का मुख्य सरगना राहुल मेहता है, जिसके खिलाफ इचाक, सदर, कोर्रा, बरही और चौपारण थानों में एनडीपीएस ( एक्ट, चोरी और आर्म्स एक्ट के तहत कुल 19 मामले पहले से दर्ज हैं। इसके अलावा आरोपी दीपक कुमार पर 2 मामले, मुकेश कुमार पर 2 मामले तथा विशाल व अमित कुमार पर भी पूर्व के आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस छापेमारी दल का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक (मु.) अमित कुमार कर रहे थे, जिसमें इचाक थाना प्रभारी गौतम कुमार और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस फिलहाल गिरोह से जुड़े अन्य सप्लायरों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

# जेल अधिकारियों पर गंभीर आरोपों को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा गया पत्र

नई सोच एक्सप्रेस

» महिला कैदियों एवं कर्मियों के यौन शोषण, धमकी और सत्ता के दुरुपयोग के आरोप

**रांची**।राज्य के कारागार प्रशासन को लेकर एक बार फिर गंभीर आरोप सामने आए हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेजे गए एक विस्तृत पत्र में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार, होटवार के अधिकारियों पर महिला कैदियों और महिला कर्मियों के कथित यौन शोषण, सत्ता के दुरुपयोग तथा शिकायतों को दबाने के आरोप लगाए गए हैं। पत्र में आरोप लगाया गया है कि पूर्व में काराधीक्षक कुमार चंद्रशेखर पर एक महिला कैदी के यौन शोषण और गर्भवती किए जाने के गंभीर आरोप लगाए गए थे, लेकिन सरकार और प्रशासन ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय मामले को दबाने का प्रयास किया। इसके साथ ही जेलर लवकुश कुमार पर भी महिला कर्मियों के साथ कथित अनैतिक संबंध, धमकी और शोषण के आरोप लगाए गए हैं। पत्र में दावा किया गया है कि चतरा कारागार में पदस्थापना के दौरान एक महिला होमगार्ड और उसके परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया तथा विरोध करने पर डराने-धमकाने और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी गई। पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि कार्यस्थल पर महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों को दबाने के लिए पीड़िता को ही समिति में शामिल किया गया, ताकि शिकायतों को सार्वजनिक न होने दिया जाए। मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र में राज्य सरकार और कारागार प्रशासन पर मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कराने तथा आरोपी अधिकारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए तत्काल निलंबन और उच्चस्तरीय स्वतंत्र जांच की मांग की गई है। पत्र में कहा गया है कि मामले से संबंधित दस्तावेज और शिकायतें पीडीएफ फाइल के रूप में संलग्न कर सरकार को उपलब्ध कराई गई हैं। हालांकि, इन आरोपों पर संबंधित अधिकारियों या राज्य सरकार की ओर से समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# झारखंड में 20 जून से शुरू होगा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान

नई सोच एक्सप्रेस

» बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे सत्यापन, एक भी पात्र मतदाता नहीं छूटेगा : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

**रांची**।झारखंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की शुरुआत 20 जून से की जाएगी। इस अभियान के तहत बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे, ताकि कोई भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे। यह जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बुधवार को निर्वाचन सदन में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए आयोजित एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम एवं प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि 20 जून से 29 जून तक तैयारी, प्रशिक्षण और आवश्यक मुद्रण कार्य किए जाएंगे। इसके बाद 30 जून से 29 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को इन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध कराएंगे और सत्यापन का कार्य करेंगे। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 5 अगस्त को किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 5 अगस्त से 4 सितंबर तक दावा एवं आपत्तियां दर्ज की जा सकेंगी, जबकि इनके निस्तारण की प्रक्रिया 3 अक्टूबर तक चलेगी। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 अक्टूबर 2026 को किया जाएगा। इस विशेष पुनरीक्षण अभियान के लिए 1 अक्टूबर 2026 को अर्हता तिथि निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं से बीएलओ का संपर्क नहीं हो पाएगा, उनके लिए विशेष शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। साथ ही स्पष्ट किया कि किसी भी मतदाता का नाम बिना सुनवाई के सूची से नहीं हटाया जाएगा। उन्होंने लोगों से भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान नहीं देने की अपील की। श्री रवि कुमार ने कहा कि यह प्रक्रिया केवल भारतीय नागरिकों के लिए है और विदेशी नागरिक इसमें शामिल नहीं होंगे। उन्होंने मतदाताओं, राजनीतिक दलों, बीएलए, मीडिया प्रतिनिधियों एवं संबंधित कर्मियों से अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील की, ताकि राज्य की मतदाता सूची को अधिक स्वच्छ, समावेशी और त्रुटिरहित बनाया जा सके। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ट्रेनिंग नोडल अधिकारी देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर तथा अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार भी उपस्थित थे।

# महेशपुर में मनायी गयी दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि

नई सोच एक्सप्रेस



**महेशपुर(पाकुड़)**।झामुमो प्रखंड कार्यालय महेशपुर में गुरुवार को प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल वदूद के नेतृत्व में झारखंड के वीर सपूत व पूर्व विधायक स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस दौरान उपस्थित पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्व. सोरेन के चित्र पर बारी-बारी से पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने स्व. दुर्गा सोरेन के राजनीतिक जीवन, जनसेवा, संगठन के प्रति उनके समर्पण और संघर्षपूर्ण व्यक्तित्व को याद करते हुए उनके योगदान को नमन किया। मौके पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल वदूद ने कहा कि स्वर्गीय दुर्गा सोरेन भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार, संघर्ष और जनहित के लिए किए गए कार्य सदैव लोगों के दिलों में जीवित रहेंगे। उन्होंने समाज और संगठन को एक नई दिशा देने का काम किया था। उनका जीवन संघर्ष, सादगी और जनसेवा का अनूठा प्रतीक रहा है। वदूद ने कहा कि उनके बताए आदर्शों पर चलकर संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लेना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर प्रखंड सचिव जेम्स सुशील हेंब्रम, प्रखंड उपाध्यक्ष एनामुल हक, प्रखंड सह सचिव नसीम अहमद, छात्र मोर्चा के जिला सचिव तौसीफ इकबाल, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष बाबुधन मुर्मू उर्फ डॉन, मोहर्रम शेख, मुख्तार शेख और आपेल शेख सहित बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ज्ञान परंपरा संगोष्ठी में शामिल हुईं उपासना मरांडी

नई सोच एक्सप्रेस



**महेशपुर(पाकुड़)**।प्रखंड के घाटचोरा स्थित डिग्री कॉलेज में गुरुवार को 'भारतीय ज्ञान परंपरा' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में झामुमो केंद्रीय समिति की सदस्य उपासना मरांडी शामिल हुईं। कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. मसूद अहमद ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। यह संगोष्ठी झारखंड राज्य उच्च एवं तकनीकी शिक्षा परिषद तथा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग (झारखंड सरकार) के सहयोग से आयोजित की गई थी। कार्यक्रम सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. डॉ. कुणाल कांडिर एवं रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रंजन शर्मा के संरक्षण में संपन्न हुआ। इसमें शिक्षा के भारतीय मूल्यों, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 तथा भारतीय ज्ञान परंपरा की समकालीन प्रासंगिकता पर विस्तृत चर्चा की गई। शिक्षाविदों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भारतीय शिक्षा प्रणाली की ऐतिहासिक विरासत और उसके वर्तमान स्वरूप पर अपने विचार साझा किए। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उपासना मरांडी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की शिक्षा व्यवस्था के लिए भी एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा आत्मनिर्भरता को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने विशेष रूप से आदिवासी समाज के पारंपरिक ज्ञान, लोक संस्कृति और सामाजिक अनुभवों को भारतीय ज्ञान प्रणाली का अभिन्न हिस्सा बताते हुए कहा कि इन मूल्यों को शिक्षा के मुख्य प्रवाह से जोड़ना बेहद जरूरी है। उन्होंने युवाओं से अपनी सांस्कृतिक पहचान को बचाए रखते हुए आधुनिक शिक्षा को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर डिग्री कॉलेज महेशपुर के अमित सोरेन, जितेंद्र कुमार रजक, पिंटू कुमार, सामू सुमन हांसदा, डॉ. रामचंद्र राणा सहित महाविद्यालय परिवार के शिक्षकगण, कर्मी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# कुमार गौरव बने पाकुड़ के नए एसडीपीओ



नई सोच एक्सप्रेस

**पाकुड़**। जिले को नया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मिल गया है। कुमार गौरव ने पाकुड़ के 18वें एसडीपीओ के रूप में निवर्तमान पुलिस पदाधिकारी दयानन्द आज़ाद से विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालते ही उन्होंने अपराधियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने का संकेत देते हुए कहा कि जिले में क्राइम कंट्रोल को लेकर "जीरो टॉलरेंस" की नीति पर काम किया जाएगा। नव पदस्थापित एसडीपीओ कुमार गौरव ने कहा कि कानून व्यवस्था को मजबूत करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। जिले में बढ़ते अपराध, चोरी, अवैध कारोबार एवं असामाजिक गतिविधियों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा तथा पुलिस आम जनता की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध रहेगी। इसके साथ ही उन्होंने जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि लगातार हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस जल्द ही एक विशेष अभियान चलाएगी। यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने, हेलमेट जांच, वाहनों की ओवरलोडिंग रोकने एवं लोगों को जागरूक करने के काम में तेजी लाई जाएगी, ताकि सड़क हादसों में कीमती जानों को बचाया जा सके।

संक्षिप्त समाचार

## किसानों की समस्याओं को लेकर भाजपा का एक दिवसीय धरना,बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**पदमा।**किसानों की ज्वलंत समस्याओं और राज्य सरकार की कथित वादाखिलाफी के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं ने पदमा प्रखंड कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपाइयों ने वर्तमान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम एक मांग पत्र सौंपा। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए रंजीत चंद्रवंशी और विधायक प्रतिनिधि नारायण यादव ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने चुनाव के समय किसानों से धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 3200 रुपये प्रति क्विंटल करने, मुफ्त बिजली देने और प्रत्येक पंचायत में कोल्ड स्टोरेज व कृषि यंत्र बैंक की स्थापना करने का वादा किया था। परंतु सरकार बनते ही इन वादों को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष बाबूलाल मेहता ने आरोप लगाया कि धान क्रय केंद्र समय पर न खुलने से बिचौलियों का बोलबाला रहा और धान बेचने के आठ महीने बाद भी किसानों का करोड़ों रुपया बकाया है। इसके अलावा, बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से नष्ट हुई सब्जियों की फसल का मुआवजा अब तक नहीं मिला है। वहीं भाजपा महामंत्री रामानंद गिरी ने पदमा प्रखंड कार्यालय में खुलेआम घूसखोरी चलने का आरोप लगाते हुए इस पर कड़ा विरोध जताया। इस कार्यक्रम में प्रमुख बीना देवी, रमेश ठाकुर, रंजीत चंद्रवंशी, बाबूलाल मेहता, नारायण यादव सहित कई भाजपा कार्यकर्ता व स्थानीय किसान उपस्थित थे।

## पुलिस की त्वरित करवाई चोर को भेजा गया जेल



**बड़कागांव।** ढेंगा पुनर्वास कॉलोनी परिसर के विभिन्न घरों में चोरी के मामले में बड़कागांव पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन चोरों को गिरफ्तार कर हजारीबाग जेल भेज दिया गया पुलिस ने उक्त चोरों से विलियर्स मशीन सहित बिजली तार एवं कई उपकरण भी बरामद की। इस संबंध में बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि विगत दिनों से ढेंगा पुनर्वास कॉलोनी में चोरी की घटना की सूचना मिल रही थी। इस पर मेरे नेतृत्व में टीम की गठित कर छापामारी अभियान चलाई गई जिसके तहत तीन चोर रवि कुमार भुइयां उम्र कब 24 वर्ष पिता टैगो भुइयां, ठाकुर मुहल्ला बड़कागांव धीरज कुमार रवि उम्र करीब 22 वर्ष पिता धनुषधारी राम, भगवानबागी एवं रविंद्र कुमार उम्र करीब 52 वर्ष पिता भुवनेश्वर महतो हरदराबादी तीनों थाना बड़कागांव जिला हजारीबाग को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों को बड़कागांव थाना कांड संख्या 86/26 दिनांक 20.05.2026,धारा 331(4)/305(ए) बीएनएस दर्ज करते हुए हजारीबाग जेल भेजा गया। थाना प्रभारी ने आगे बताया कि उक्त चोरों से विलियर्स मशीन सहित बिजली के कई उपकरण भी बरामद किए गए।

## तीन दिनों से महिला लापता, परिजन परेशान



**पदमा।** प्रखंड के सूरजपुरा परतन ग्राम निवासी जगदीश मेहता की 33 वर्षीय पत्नी बेबी देवी तीन दिनों से लापता है उनके पति जगदीश मेहता के मुताबिक बेबी देवी 19 मई को सुबह 5:00 बजे घर से निकली थी। उसके बाद से वह घर वापस नहीं लौटी है वे और उनके परिजन उन्हें खोजने का बहुत प्रयास कर रहे हैं लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल रही है। उनके पति के अनुसार महिला का मानसिक स्थिति बहुत खराब है। उनके चार बच्चियाँ भी है। उन्होंने अपनी पत्नी को खोजने के लिए थाने में आवेदन दिया है लेकिन प्रशासन के तरफ से अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। महिला का रंग गोरा, लंबाई 5 फिट, पोशाक नारंगी रंग की साड़ी पहनी हुई व लाल रंग का ब्लाउज, मानसिक संतुलन खराब है। लापता के परिजनों ने आग्रह किया है कि जानकारी मिलने दिए गए संपर्क सूत्र :- +918292851130 पर सूचित करे।

## ऑल इंडिया रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता का समापन,अनुपोप बिस्वास बने चैंपियन



**हजारीबाग।**डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के मल्टीपरपज सभागार में आयोजित 'एचडीसीए ऑल इंडिया फाइड रेटिंग क्लासिकल शतरंज प्रतियोगिता 2026' का भव्य समापन हुआ। 16 मई से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से 272 खिलाड़ियों ने भाग लिया।प्रतियोगिता में अनुपोप बिस्वास चैंपियन बने। वहीं अर्पण दास ने द्वितीय, आईएम शुभायन कुंडू ने तृतीय और देबांजन सिन्हा ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा महिला, वेटरन, अनरेटेड और विभिन्न आयु वर्गों (अंडर-7 से अंडर-15) में भी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। सिकंदर अनीस और एमडी महताब हसन को 'बेस्ट हजारीबाग प्लेयर' का सम्मान मिला।मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल, ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन के सचिव मनीष कुमार और महापौर अरविंद कुमार राणा ने विजेताओं के बीच कुल 4 लाख 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि और मोमेंटो का वितरण किया। सांसद मनीष जायसवाल ने इसे जिले के लिए गौरव की बात बताया, वहीं महापौर अरविंद कुमार राणा ने शतरंज को मानसिक क्षमता व धैर्य बढ़ाने वाला सर्वश्रेष्ठ खेल कहा। कार्यक्रम निदेशक करण जायसवाल ने ऐतिहासिक सफलता के लिए जिलेवासियों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में मुख्य निर्णायक विशाल मिंज की टीम और आयोजन को सफल बनाने में कार्यक्रम निदेशक करण जायसवाल, संघ के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह व सचिव मनमीत अकेला सहित पूरी आयोजन समिति का सराहनीय योगदान रहा।

# साहेबगंज में श्रद्धापूर्वक मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि

नई सोच एक्सप्रेस



**झारखण्ड/साहेबगंज।**जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में गुरुवार को भारत रत्न,भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि अत्यंत श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने 'आधुनिक भारत के निर्माता' को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा देश के विकास में उनके ऐतिहासिक योगदान का स्मरण किया। **चित्र पर पुष्पांजलि और नमनः** कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने की। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह साहेबगंज जिला प्रभारी डॉ. मुन्नम संजय मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया। **सदर अस्पताल में मरीजों के बीच फल वितरण** :कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा के समापन के पश्चात,जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान के नेतृत्व में सभी कांग्रेस जन साहेबगंज सदर अस्पताल पहुंचे। वहाँ उन्होंने विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना और उनके बीच फलों का वितरण किया। साथ ही, नेताओं ने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा भी लिया। वरिष्ठ नेताओं के वक्तव्य। "राजीव गांधी ने रखी 21वीं सदी के भारत की नींव"- बरकतुल्लाह खान (जिला अध्यक्ष) "स्वर्गीय राजीव गांधी ने 21वीं सदी के आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी थी। देश में कंप्यूटर क्रांति, पंचायती राज व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण, 18 वर्ष की आयु में मताधिकार का अधिकार और दूरसंचार क्रांति उनकी दूरदर्शी सोच का ही परिणाम हैं। साहेबगंज जिला कांग्रेस उनके 'नव भारत' के सपने को साकार करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आज हमने सदर अस्पताल में फल वितरित कर उनके 'सेवा ही धर्म' के संदेश को आगे बढ़ाया है। वर्तमान गठबंधन सरकार में स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार बेहतर किया जा रहा है, ताकि हर गरीब को उत्तम इलाज मिल सके।" "राजीव गांधी का शहादत दिवस हमारे लिए संकल्प दिवस है" – डॉ. मुन्नम संजय (प्रदेश महासचिव "आदरणीय राजीव जी का शहादत दिवस हमारे लिए एक संकल्प दिवस की तरह है। उन्होंने भारत को विश्व की एक महाशक्ति बनाने का जो सपना देखा था, उसे कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता मिलकर पूरा करेगा। साहेबगंज की यह 50 सदस्यीय नई टीम बूथ स्तर तक उनके विचारों को जन-जन तक पहुँचा रही है। झारखंड में हमारी गठबंधन सरकार जनता की सेवा में तत्परता से लगी है। हमारी सरकार राजीव जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। साहेबगंज के कार्यकर्ताओं का उत्साह यह स्पष्ट करता है कि आगामी 2029 में भी जनता का आशीर्वाद कांग्रेस को ही प्राप्त होगा।" **कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख गणमान्य व्यक्तिः** इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम और सेवा कार्य के दौरान मुख्य रूप से निम्नलिखित नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहेः अनुकूल चन्द्र मिश्रा,मुर्शाद अली,मो.कलीमुद्दीन,बासुकीनाथ यादव,उमेश पाण्डेय,सुनील पासवान,सरफराज आलम,नित्यानंद गुप्ता,राम श्रृंगार ओझा,रिज़वान अंसारी,मो. सलाहुद्दीन,नूरजहां बीबी,उमेश तिवारी,दिलीप गुप्ता,कद्दाफी मुर्शाद,जामुन दास,अली कुरैशी,सतीश पासवान,अल्ताफ़ हुसैन,परवेज़ आलम,शब्दुल अंसारी,नौशाद अंसारी,सुभाष,हरिचरण पासवान,एवं अन्य दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता।

# कार्यालय में चोरी मामले का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



नई सोच एक्सप्रेस

**पाकुड़।**नगर थाना क्षेत्र स्थित पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल कार्यालय में बीते 20 मई को हुई चोरी की घटना का पुलिस ने त्वरित खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को चोरी के 50 फीट कॉपर केबल एवं तार काटने में प्रयुक्त चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। घटना को लेकर कार्यपालक अभियंता अनंत प्रसाद ने नगर थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर नगर थाना कांड संख्या-111/26 दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दयानन्द आज़ाद के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया गया था। विशेष टीम ने तकनीकी एवं मानवीय इनपुट्स के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए हबीब शेख उर्फ हाबील शेख उर्फ सूरज शेख (22 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी नगर थाना क्षेत्र के नया बल्लभपुर का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए आरोपी का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ नगर थाना, मुफ्फसिल थाना तथा आरपीएफ पोस्ट पाकुड़ में पहले से भी कई मामले दर्ज हैं। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किया गया कॉपर केबल और घटना में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया है। इस सफल छापामारी दल में नगर थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता, पुलिस पदाधिकारी आशीष कुमार राम, सविता कुमारी एवं नगर थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# बरहरवा रेलवे स्टेशन पर 2.1 किलो अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस



**बरहरवा।**भारतीय रेलवे के माध्यम से मादक पदार्थों की अवैध तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बरहरवा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ एवं सीआईबी मालदा की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 2.1 किलोग्राम संदिग्ध अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद अफीम की अनुमानित अवैध बाजार कीमत करीब 10 लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 20 मई 2026 को भारतीय रेलवे के जरिए मादक एवं साइकोट्रोपिक पदार्थों की तस्करी की गुप्त सूचना मिलने पर सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से आरपीएफ इंस्पेक्टर बरहरवा संजीव कुमार के निर्देशन में विशेष जांच एवं निगरानी अभियान चलाया गया। इस अभियान में इंस्पेक्टर लाल बहादुर माझी, एचसी महेश कुमार आर्य, एएसआई रवि शंकर यादव, आरपीएफ/सीआईबी मालदा के एचसी नूपुर बरन मिद्या तथा सीडीपीएस मालदा के एएसआई बाबुल दास शामिल थे।वही संयुक्त टीम द्वारा ट्रेन संख्या 15658 डाउन ब्रह्मपुत्र मेल के बरहरवा रेलवे स्टेशन पहुंचने पर प्लेटफॉर्म संख्या-01 पर सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान कोच संख्या बी-5 की बर्थ संख्या 39 पर यात्रा कर रहे दो व्यक्तियों की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हुईं। पूछताछ के दौरान दोनों घबरा गए तथा अपने सफर और सामान के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दे सके।लगातार पूछताछ के बाद दोनों ने अपना नाम रुबुल अली एवं सहलम अली बताया। पूछताछ में रुबुल अली ने स्वीकार किया कि उसने अपने पेट के चारों ओर भूरे रंग के एडहेसिव टेप में लपेटकर अफीम छिपा रखी है तथा सहलम अली उसका सहयोगी है।इसके बाद दोनों को ट्रेन से उतारकर प्लेटफॉर्म संख्या-01 स्थित एफओबी न्यू फरक्का छोर के पास लाया गया तथा एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई के लिए एएससी/आरपीएफ मालदा को सूचना दी गई। एएससी/आरपीएफ मालदा के पहुंचने के बाद स्वतंत्र गवाह टिंकू जमादार सहित अन्य गवाहों की उपस्थिति में एनडीपीएस एक्ट की धारा-50 का पालन करते हुए तलाशी एवं जब्ती की प्रक्रिया पूरी की गई।इस दौरान आरोपी रुबुल अली के कब्जे से दो पैकेटों में छिपाकर रखी गई कुल 2.1 किलोग्राम संदिग्ध अफीम बरामद की गई। इसमें पैकेट पी-1 में 1.060 किलोग्राम तथा पैकेट पी-2 में 1.040 किलोग्राम अफीम मिली। इसके अलावा एक हरे रंग का इंटेल मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। साथ ही आरोपी सहलम अली के कब्जे से एक बैंगनी रंग का वीवो मोबाइल फोन एवं एक काला बैकपैक बरामद हुआ, जिसमें दैनिक उपयोग के कपड़े एवं अन्य सामान रखे हुए थे।पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि वे रंगिया से दिल्ली जा रहे थे तथा उक्त मादक पदार्थ को दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक अज्ञात व्यक्ति को पहुंचाना था। इसके एवज में दोनों को 10-10 हजार रुपये मिलने वाले थे। दोनों आरोपी पीएनआर संख्या 6303791391 एवं ईएफटी संख्या एडी/0586838 पर यात्रा कर रहे थे। आपको बता दें आरपीएफ द्वारा सभी कानूनी औपचारिकताओं का पालन करते हुए प्लेटफॉर्म संख्या-01 पर जब्ती की कार्रवाई की गई तथा जब्ती सूची की प्रति दोनों आरोपियों को उपलब्ध कराई गई। इसके बाद दोनों को एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत व्यावसायिक मात्रा में अफीम की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तारी से पूर्व दोनों को उनके कानूनी अधिकारों एवं गिरफ्तारी के कारणों की जानकारी लिखित रूप में दी गई तथा उनके परिजनों को मोबाइल फोन के माध्यम से सूचित किया गया। बाद में दोनों आरोपियों को जब्त सामान, गिरफ्तारी मेमो एवं अन्य संबंधित दस्तावेजों के साथ अग्रिम कानूनी कार्रवाई हेतु जीआरपीएस बरहरवा को सौंप दिया गया।

# बिजली के खुले तार की चपेट में आने से एक गाय कि मौत

नई सोच एक्सप्रेस



**पदमा।** प्रखण्ड अंतर्गत जैप 07 गेट के समीप बिजली विभाग की लापरवाही से करंट लगने पर एक अज्ञात गाय की दर्दनाक मौत हो गई। घटना बुधवार सुबह दस बजे कि है। बिजली विभाग के पदाधिकारिओं को सुचना दी गई जिसके बाद बिजली कर्मियों ने तार कि मरम्मत कर चले गए। स्थानीय प्रशासन को भी सूचित किया गया परन्तु किसी ने भी गंभीरता से नहीं लिया। भीषण गर्मी मे भी गाय तीस घंटे से अधिक मृत अवस्था मे पड़ी रही कीड़े लगने लगे साथ ही दुर्गन्ध फैलने लगी। अगले दिन गुरुवार को स्थानीय पत्रकार के द्वारा गौ रक्षक पुरुषोत्तम कुमार पाण्डेय को सुचना प्राप्त होते ही उन्होंने पदमा निवासी समाजसेवी पप्पू मेहता से सम्पर्क कर उनके सहयोग से जेसीबी मशीन कि व्यवस्था कराई गई और उसी स्थान पर गहरा गड्ढा खोदकर पुरे सम्मान के साथ विधिवत अंत्येष्टि कि गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा गया, वहीं विहिप के प्रखण्ड अध्यक्ष राजेश मेहता ने कहा कि बिजली विभाग कि लापरवाही आए दिन देखने को मिल रही है क्षेत्र में लंबे समय से बिजली तार झूल रहे हैं, जिसकी शिकायत कई बार विभाग को दी गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। आज गाय चपेट मे आई है कल कोई इंसान खुले तार के चपेट मे आ सकता है। विभाग कि अनदेखी के कारण बड़ी घटना कि सम्भावना बनी हुई है। बताते चलें कि इस दौरान विभाग के एसडीओ सौरव लिंडा से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया परन्तु फोन स्विच ऑफ़ आया। जेईई अभिषेक आनंद से इस सन्दर्भ बात करने पर उन्होंने बरही स्थित कार्यालय जाकर लिखित आवेदन देने कि बात कही। मौके पर ऋषिकेश मेहता, सुरेंद्र मेहता, अनिकेत कुमार आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना प्रबंधन में तकनीक का बढ़ेगा इस्तेमाल

नई सोच एक्सप्रेस



» साहेबगंज में एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस/ई-विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट प्रणाली पर पुलिस अधिकारियों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

**साहेबगंज।**समाहरणालय स्थित निक कार्यालय, साहेबगंज में एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस/ई-विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट प्रणाली से संबंधित एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में त्वरित डाटा प्रबंधन, पीड़ितों को शीघ्र मुआवज़ा उपलब्ध कराना तथा सड़क सुरक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाना था।प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पुलिस पदाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस प्रणाली के माध्यम से सड़क दुर्घटना पीड़ितों को निर्धारित समय सीमा के भीतर मुआवज़ा दिलाने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।साथ ही अधिकारियों ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि सभी सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित आंकड़ों की प्रविष्टि iRAD/eDAR पोर्टल पर समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत रूप से सुनिश्चित की जाए, ताकि दुर्घटनाओं के विश्लेषण एवं त्वरित कार्रवाई में सुविधा हो सके।प्रशिक्षण सत्र में एल्कोहल ब्रेथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की जांच की वैज्ञानिक एवं विधिसम्मत प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त हिट एंड रन मामलों के प्रभावी प्रबंधन से जुड़े दिशा-निर्देशों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई, ताकि पीड़ितों को शीघ्र राहत एवं न्याय उपलब्ध कराया जा सके।कार्यक्रम के दौरान गुड समेरिटन (नेक नागरिक) प्रावधानों पर भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अधिकारियों ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की सहायता करने वाले नागरिकों को कानून द्वारा संरक्षण एवं प्रोत्साहन दिया गया है, जिससे अधिक से अधिक लोग मानवता के नाते आगे बढ़कर घायलों की मदद कर सकें।इस अवसर पर बरहेट थाना प्रभारी विजय कुमार रमणी, अनुसंधान पदाधिकारी (आईओ), iRAD/eDAR मैनेजर मनोज कुमार, NIC साहेबगंज के प्रतिनिधि तथा थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।अधिकारियों ने कहा कि आधुनिक तकनीक आधारित iRAD/eDAR प्रणाली सड़क दुर्घटनाओं की मॉनिटरिंग एवं पीड़ित सहायता प्रक्रिया को अधिक तेज, पारदर्शी और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन से सड़क दुर्घटना नियंत्रण, डिजिटल डाटा प्रबंधन एवं सड़क सुरक्षा तंत्र को नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई।

# बकरीद को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट, शांति और सौहार्द बनाए रखने हेतु व्यापक तैयारी

नई सोच एक्सप्रेस



» उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश, अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**उत्कल मेल, तापोस गांगुली।**आगामी बकरीद-2026 पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के प्रशासनिक, पुलिस एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ शांति समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि बकरीद पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह, हुड़दंग अथवा असामाजिक गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने सभी थाना क्षेत्रों में नमाज़ स्थलों, ईदगाहों एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा।संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरा एवं सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी, बीडीओ एवं थाना प्रभारियों को लगातार क्षेत्र भ्रमण करने तथा शांति समिति एवं जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद बनाए रखने को कहा गया।वही पर्व के दौरान बाइक पर खतरनाक स्टंट एवं तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई का निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि ऐसे लोगों पर भारी जुर्माना लगाया जाए तथा वाहनों को जब्त किया जाए। वहीं अवैध शराब एवं अन्य नशे के कारोबार पर रोक लगाने के लिए विशेष जांच अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए।सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि व्हाट्सएप, फेसबुक या अन्य माध्यमों से भड़काऊ अथवा सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली पोस्ट करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।किसी भी संदिग्ध पोस्ट की सूचना मिलते ही तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके अलावा साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य एवं अग्निशमन व्यवस्था की भी विस्तृत समीक्षा की गई। नगर निकायों को ईदगाहों, मस्जिदों एवं सार्वजनिक स्थलों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग को अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाएं, एम्बुलेंस एवं मेडिकल टीम उपलब्ध रखने को कहा गया।परिवहन विभाग को पर्व के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने तथा प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए गए।जिला नियंत्रण कक्ष को 24×7 सक्रिय रखने तथा सभी अधिकारियों को मोबाइल फोन लगातार चालू रखने का निर्देश भी दिया गया। मौके पर अपर समाहर्ता गौतम भगत, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज अमर जॉन आईन्द, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल सदानंद महतो सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, थाना प्रभारी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे। **उपायुक्त ने की अपील.....** उपायुक्त दीपक कुमार दूबे ने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।उन्होंने कहा कि जिले की पहचान सामाजिक समरसता एवं भाईचारे के लिए रही है और सभी के सहयोग से बकरीद पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाएगा।

# पुलिस के सहयोग से ही राज्य में सुशासन स्थापित है और समृद्धि का रास्ता सुशासन से ही संभव है-मुख्यमंत्री

नई सोच एक्सप्रेस




» मुख्यमंत्री ने 61 दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को 37 करोड़ 50 लाख रुपए की बीमा राशि का चेक प्रदान किया

» बिहार के सभी 40 पुलिस लाइनों में पुलिस के बच्चों को पढ़ने के लिये शीघ्र ही अच्छे स्कूल खोले जाएं

**पटना।** मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी आज 'बैंक ऑफ बड़ौदा बिहार पुलिस सैलरी पैकेज दिवंगत पुलिसकर्मी बीमा लाभ वितरण कार्यक्रम' में शामिल हुए। नेहरू पथ स्थित बिहार पुलिस मुख्यालय, सरदार पटेल भवन के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को सांकेतिक चेक प्रदान किया। इस कार्यक्रम मैं 61 दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को 37 करोड़ 50 लाख रुपए की राशि चेक के माध्यम से प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को अपर पुलिस महानिदेशक बजट, अपील एवं कल्याण श्री संजय सिंह ने प्रतीक चिह्न भेंटकर तथा बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक श्री सुब्रत कुमार स्वाई ने मुख्यमंत्री को पौध गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अत्यंत दुख का विषय है कि हमारे बीच 61 पुलिसकर्मी नहीं रहे जिनके परिजनों को यहां इस कार्यक्रम में छोटी सी राशि सहयोग स्वरूप प्रदान की जा रही है। किसी व्यक्ति के जीवन की भरपाई धन से नहीं किया जा सकता लेकिन जीवन जीने के लिए धन आवश्यक है। दिवंगत पुलिसकर्मी भी चाहते थे कि उनका परिवार आगे बढ़े और उनके जीवन में समृद्धि आए। आज यहां सहयोग स्वरूप दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को राशि प्रदान की जा रही है ताकि उनको आगे बढ़ने में मदद मिले। मैं इसके लिए बैंक ऑफ बड़ौदा को धन्यवाद देता हूं जो उन्होंने ऐसे लोगों के लिए अच्छा पैकेज लाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम अन्य विभागों में भी होने चाहिए। यदि कोई परिवार को छोड़कर इस दुनिया से चला जाता है तो उनके परिजनों का भविष्य उज्ज्वल हो और जीवन खुशहाल रहे, ऐसी व्यवस्था होनी चाहिये। बिहार पुलिस बल के लिए जितना निवेश किया जा रहा है वह कम है क्योंकि जब पुलिस मजबूत होगी तभी सुशासन सुदृढ़ होगा और समृद्धि के रास्ते खुलेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी बिहार को समृद्ध बनाना चाहते हैं और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी देश को विकसित बनाना चाहते हैं इसका रास्ता सुशासन से ही खुलेगा। कुछ लोग एनकाउंटर पर सवाल उठाते हैं और जाति विशेष की बात करते हैं। पुलिस किसी की जाति पूछकर गोली नहीं चलाती। बिहार सुशासन के लिए जाना जाए यह महत्वपूर्ण है। यदि कोई पुलिस को चैलेंज करता है तो 48 घंटे के अंदर पुलिस उसे उसी भाषा में जवाब देगी। पुलिस सुशासन और शक्ति का प्रतीक है। अपराधी किसी भी हालत में नहीं बचें यह सरकार की कोशिश है। पुलिसकर्मी अपना घर परिवार छोड़कर समाज की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के सभी 534 प्रखंडों में सरस्वती विद्या निकेतन के रूप में मॉडल स्कूल स्थापित करने की दिशा में हमलोग आगे बढ़ रहे हैं। हम मॉडल स्कूल के रूप में ऐसी व्यवस्था खड़ी करना चाहते हैं जिसमें मंत्री और अधिकारी के बच्चे पढ़ने के लिए पैरवी करें। बिहार ज्ञान की भूमि है और यहीं भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। इसी बिहार से विश्व को शांति का संदेश गया। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो यह हमारी कोशिश है। हर हालत में ज्ञान प्राप्ति के लिए यहां व्यवस्था खड़ी करनी है। पुलिस कर्मियों के इलाज के लिए कैशलेस चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित हो। साथ ही पुलिसकर्मियों के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो इसके लिए व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इससे संबंधित जो भी प्रस्ताव है उसे लाएं, कैबिनेट में पास किया जाएगा। हमें बेहतर चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी लोगों को उपलब्ध करानी है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों के कैशलेश चिकित्सा के लिए जितने पैसे की आवश्यकता होगी उसकी व्यवस्था की जाएगी। पुलिसकर्मियों को किसी प्रकार के चिंता करने की आवश्यकता नहीं है सरकार पूरी तरह से आपके साथ है, आपको हरसंभव सुविधा मुहैया कराई जाएगी। वर्ष 2005 से आपके बल पर ही बिहार में सुशासन स्थापित है। जब सुशासन स्थापित रहेगा तभी उद्योग धंधे भी यहां बड़ी संख्या में स्थापित होंगे। बिहार में सड़क, बिजली, पेयजल सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं लोगों को पहुंचाई जा रही है उसे और आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार पुलिस में अभी महिला पुलिस कर्मियों की संख्या 30000 से अधिक है जो देश में सर्वोच्च है। देश के किसी भी राज्य में महिला पुलिसकर्मियों की संख्या उतनी नहीं है जितनी बिहार में है। महिला पुलिस कर्मियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। हमने वित्त मंत्री के तौर पर 3,17,000 करोड़ रुपए का बिहार का बजट पेश किया था इस बार बिहार का बजट 3,47,000 करोड़ रूपये का बजट वित्त मंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने पेश किया है। यदि बिहार के बजट में हमारा हिस्सा 60 से 70 हजार करोड़ होता है तो हमें राजस्व संग्रह के लिए भी व्यवस्था मजबूत करनी होगी। उद्योग धंधे बढ़ाने होंगे। बिहार में उद्योग धंधे लग रहे हैं उसे और तेज गति से आगे बढ़ाना है। हमारा लक्ष्य है कि 20 नवंबर 2026 तक 5 लाख करोड़ रुपए का निवेश बिहार में हो और यह धरातल पर उतरे। बिहार में बाजार भी उपलब्ध है। मैं राज्य का वित्त मंत्री रहते हुये जी०एस०टी० का संयोजक भी रहा हूं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में चार तरह के स्लैब थे जिसे घटकर दो तरह का किया गया। देश की जनसंख्या 140 करोड़ है जबकि बिहार की जनसंख्या 14 करोड़ है। इतनी घनी आबादी किसी भी देश में नहीं है। वर्ष 2000 में जब बिहार से झारखंड अलग हुआ तो यहां के लोग काफी चिंतित थे। हमारी आबादी झारखंड से दोगुना, उड़ीसा से तीन गुणा और पश्चिम बंगाल से भी अधिक है। पुलिस के सहयोग से ही सुशासन स्थापित है और समृद्धि का रास्ता सुशासन से ही संभव है हमें ऐसी व्यवस्था खड़ी करनी है कि बिहार में अधिक से अधिक उद्योग धंधे स्थापित हों और निवेशक बिहार के प्रति आकर्षित हों। सुशासन स्थापित करने में सभी पुलिसकर्मी एकजुटता के साथ सहयोग करें। आपके परिजनों की सुविधा और सुरक्षा सरकार का दायित्व है बिहार के सभी 40 पुलिस लाइनों में अच्छे स्कूल खोलने का निर्देश दिया गया है। मैं बैंक ऑफ बड़ौदा और बिहार पुलिस को बधाई देता हूं कि उन्होंने इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया है। सी०डी० रेशियो भी चिंता का सबब है। बैंक ऑफ बड़ौदा का सी०डी० रेशियो 28 प्रतिशत से बढ़कर 59 प्रतिशत पर पहुंचा है

## संक्षिप्त समाचार

### पत्रकार हितों को लेकर हजारीबाग प्रेस क्लब की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**बैठक में ली गई कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर निर्णय**



**हजारीबाग।** हजारीबाग प्रेस क्लब में गुरुवार को हजारीबाग प्रेस क्लब कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष सीतेश तिवारी एवं संचालन सचिव दीपक सिंह ने किया। बैठक में पत्रकारों के हित, संगठन की मजबूती एवं विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान, कार्य सुविधाओं तथा संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उपस्थित सदस्यों ने पत्रकार एकता को मजबूत करने तथा प्रेस क्लब को सक्रिय एवं सशक्त मंच के रूप में विकसित करने पर बल दिया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पत्रकारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष उठाया जाएगा, ताकि पत्रकारों को बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर प्रेस क्लब के सह सचिव भास्कर उपाध्याय, कोषाध्यक्ष सागर पाण्डेय सहित कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक पाण्डेय, अपराजिता पाण्डेय, गौरव प्रकाश, रविंद्र प्रताप सिंह, अनिल कुमार राम, प्रदीप कुमार सिन्हा, अर्जुन टुडू, सुशांत सोनी, शशांक शेखर , एजाज आलम एवं संदीप पांडेय उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने की आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक, कार्यों में तेजी लाने के निर्देश



**हजारीबाग।** जिला उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के राशन वितरण, गोदामों की स्थिति और डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं ।उपायुक्त ने राशन कार्डों से अयोग्य लाभुकों का नाम (डिलीशन) हटाने और वास्तविक पात्र लोगों को ई-केवाईसी के माध्यम से जोड़ने के निर्देश दिए। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। गोदामों का नियमित निरीक्षण: जिले के 2 एफ़सीएल और 14 जे एसएफएल गोदामों की सुरक्षा, सीसीटीवी, बिजली व्यवस्था और स्टॉक पंजी के नियमित मिलान के लिए अधिकारियों को सोमवार से शनिवार तक निरीक्षण करने को कहा गया। केरेडारी प्रखंड परिसर में 1000 एमटी क्षमता के नए गोदाम निर्माण के लिए उपयुक्त स्थल चयन का निर्देश दिया गया। वाहनों में जीपीएस अनिवार्य: खाद्यान्न परिवहन में पारदर्शिता लाने के लिए अगले सप्ताह तक सभी डोर स्टेप डिलीवरी वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाने और उसकी मॉनिटरिंग जिला आपूर्ति कार्यालय एवं उपायुक्त कक्ष से करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर समाहर्ता संतोष कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी आदित्य पांडेय, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मुरली यादव सहित सभी संबंधित विभागीय और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी उपस्थित थे।

# शराबी पति ने पत्नी व बेटी की बेरहमी से की हत्या



नई सोच एक्सप्रेस

**महेशपुर (पाकुड़)।** महेशपुर थाना अंतर्गत रद्दीपुर ओपी क्षेत्र के गारामारा गांव में मंगलवार रात एक शराबी पति ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। आरोपी ने कुदाल से मारकर अपनी पत्नी सुरुज किस्कू (42 वर्ष) की हत्या कर दी और बीच-बचाव करने आई 12 वर्षीय बेटी नेहा टुडू की भी गला दबाकर जान ले ली। इस दोहरे हत्याकांड से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और गांव में मातम पसरा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक मदन कुमार शर्मा, महेशपुर थाना प्रभारी रवि शर्मा, ओपी प्रभारी अजय कुमार उपाध्याय सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचे। पुलिस को बेटी नेहा का शव घर के आंगन में ही मिला, जबकि पत्नी का शव गायब था। काफी खोजबीन के बाद पुलिस ने घर से करीब 200 मीटर दूर एक निर्माणाधीन सरकारी आवास के अंदर गड्ढे में छिपाकर रखा गया सुरुज किस्कू का शव बरामद किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति नरेश टुडू को गिरफ्तार कर लिया है। **गड्ढा खोदकर शव को दफनाया, फिर घर आकर सो गया:** ग्रामीणों और परिजनों के अनुसार, आरोपी नरेश टुडू आदतन शराबी है और पहले भी पत्नी पर जानलेवा हमला कर चुका था। वह कुछ दिन पहले ही बंगाल के ईंट भट्ठे से काम कर लौटा था। बुधवार रात को किसी बात पर हुए विवाद के बाद उसने पत्नी पर कुदाल से हमला कर दिया। मां को बचाने आई मासूम बेटी को भी उसने नहीं बख्शा और गला दबाकर मार डाला। साक्ष्य छुपाने के लिए उसने पत्नी के शव को दूर ले जाकर गड्ढे में दफना दिया और खुद घर आकर सो गया। सुबह ग्रामीणों ने जब बच्ची का शव आंगन में देखा और उसकी नाक से खून बहता पाया, तब मामले का खुलासा हुआ और पुलिस को सूचना दी गई।

# बरहरवा में तंबाकू नियंत्रण को लेकर सख्ती



नई सोच एक्सप्रेस

» कोटपा एक्ट उल्लंघन पर 7 दुकानदारों से वसूला गया जुर्माना, खाद्य दुकानों की भी हुई जांच

**साहिबगंज।** सिविल सर्जन साहिबगंज के निर्देशानुसार राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बरहरवा प्रखंड में गुरुवार को व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी एवं सोशल वर्कर द्वारा पुलिस बल के सहयोग से संचालित किया गया।इस दौरान बरहरवा क्षेत्र की विभिन्न दुकानों में कोटपा एक्ट (तंबाकू नियंत्रण अधिनियम) के उल्लंघन को लेकर जांच की गई। कुल 20 दुकानों की जांच में 7 दुकानदार नियमों का उल्लंघन करते पाए गए, जिनसे कुल 1700 रुपये अर्थदंड के रूप में वसूला गया।अधिकारियों ने दुकानदारों को भविष्य में नियमों का पालन करने की सख्त चेतावनी भी दी।इसके अलावा खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कई रेस्टोरेंट, किराना एवं फल दुकानों की भी जांच की गई।जिन प्रतिष्ठानों के पास भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण फूड का लाइसेंस नहीं था, उन्हें जल्द से जल्द लाइसेंस बनवाने का निर्देश दिया गया।जांच टीम ने विभिन्न रेस्टोरेंट संचालकों को साफ-सफाई बनाए रखने, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा वेज और नॉनवेज खाद्य सामग्री को अलग-अलग रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# सेंट्रल जीएसटी कार्यालय में छापेमारी कर बड़े घूसखोरी के मामले में दो अधिकारी गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस



**गिरिडीह।** धनबाद से आई सीबीआई की टीम ने गिरिडीह के बजरंग चौक स्थित सेंट्रल जीएसटी कार्यालय में छापेमारी कर अधिकारियों के खिलाफ बड़े घूसखोरी के मामले में कार्रवाई की। टीम ने करोड़ों रुपये की कथित घूसखोरी के सिलसिले में जीएसटी विभाग के सुपरिटेंडेंट बुद्धेश्वर सुंडी और इंस्पेक्टर बिरजू कुमार को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई से पूरे जीएसटी कार्यालय में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई बिरनी प्रखंड के खाखीपीपर निवासी राजू अंसारी की शिकायत पर की गई थी। अंसारी का आरोप है कि वर्ष 2023 में उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट के वेंडर अनीश कुमार सेठ और जीएसटी कार्यालय के दोनों अधिकारियों ने साजिश रची और उन पर 95 लाख रुपये का जीएसटी टैक्स जमा कराने का नोटिस भेजा। तीन बार नोटिस मिलने के बाद जब अंसारी असलियत जानने के लिए जीएसटी कार्यालय पहुंचे तो उन्हें धोखाधड़ी का शक हुआ। इसके बाद विभाग और सीए ने मामले को सेटल करने के नाम पर 90 हजार रुपये की घूस मांग की।शिकायतकर्ता ने सीधे धनबाद स्थित सीबीआई कार्यालय पहुंचकर प्रकरण की जानकारी दी। सीबीआई के निर्देश पर घूस की रकम कम कराई गई और 65 हजार रुपये में सौदा तय हुआ। योजना के अनुसार बुधवार को अंसारी 50 हजार रुपये लेकर गिरिडीह के सेंट्रल जीएसटी कार्यालय पहुंचे। आरोप है कि अधिकारियों ने रकम सीधे हाथ में न लेकर किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से रुपये मंगवाए और उसे सुपरिटेंडेंट के घर भेज दिया। अंसारी ने पहले ही यह सूचना सीबीआई को दे दी थी।सीबीआई की टीम ने नोटों पर विशेष केमिकल लगाया था और घूस की रकम स्वीकार किए जाने की पुष्टि होते ही कार्रवाई कर दी। सीबीआई इंस्पेक्टर रघुनाथ कुमार के नेतृत्व में लगभग सुबह 11 बजे दबिश दी गई और बाद में करीब 13 घंटे तक अधिकारियों से सख्ती से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान दबाव बढ़ने पर सुपरिटेंडेंट सुंडी के घर से भी घूस की राशि मंगवाई गई। केमिकल टेस्ट में पुष्टि के बाद दोनों अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया।सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार सुपरिटेंडेंट बुद्धेश्वर सुंडी का जमशेदपुर में सेवानिवृत्ति से पहले फेयरवेल कार्यक्रम प्रस्तावित था, लेकिन सीबीआई की यह कार्रवाई ने पूरे विभाग को कटघरे में खड़ा कर दिया है। सीबीआई ने पूछताछ जारी रखी है और मामले की तह तक जाने का दावा किया है।

## ऑनलाइन और नकली दवा की बिक्री के विरोध में केमिस्ट्स बंद का गिरिडीह में व्यापक असर

नई सोच एक्सप्रेस



**गिरिडीह।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर एक दिवसीय केमिस्ट बंद का व्यापक असर गिरिडीह में भी देखने को मिला। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक अधिकांश मेडिकल दुकानें बंद रहीं। दवा व्यवसायियों ने नकली दवाओं की बिक्री, नशीली दवाओं के दुरुपयोग और ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ विरोध जताया। इस दौरान केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के बैनर तले दवा व्यवसायियों ने मकतपुर स्थित डॉक्टर लाइन में सभा आयोजित की। इस सभा में वक्ताओं ने कहा कि ऑनलाइन दवा बिक्री और कॉरपोरेट कंपनियों द्वारा भारी डिस्काउंट दिए जाने से छोटे दवा व्यवसायियों के सामने आर्थिक संकट गहरा रहा है। इसके बाद दवा व्यवसायियों ने जन आक्रोश रैली निकाली, जो मकतपुर और टावर चौक होते हुए शहर के विभिन्न इलाकों में भ्रमण किया। बंद के समर्थन में शहरभर में पोस्टर और बैनर लगाए गए, वहीं ड्रग इंस्पेक्टर को ज्ञापन सौंपकर नकली दवाओं और नशीली दवाओं के कारोबार पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। हालांकि बंद के दौरान आवश्यक और इमरजेंसी सेवाओं को चालू रखा गया। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कुमार, सचिव सुजीत कपीसवे, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, मृत्युंजय गुप्ता, मिंटू, अमीरुद्दीन अहमद, प्रमोद कंधवे, विकास चंद्रा, विनय पुरुषोत्तम, अरविंद सिन्हा, रंजीत शर्मा समेत बड़ी संख्या में दवा व्यवसायी मौजूद रहे।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 शुभेंदु अधिकारी के PA मर्डर केस में आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी नवीन बलिया से अरेस्ट
2 फलता री-पोलिंग: शाम 5 बजे तक 86.11 फीसदी मतदान
3 PM मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक जारी,अमित शाह भी मौजूद
4 CBI ने हरियाणा सरकार के फंड में गबन के मामले में कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की
5 हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में बढ़ते तापमान को लेकर हीटस्ट्रोक की चेतावनी जारी
6 उत्तर प्रदेश में डीजी स्तर के 9 आईपीएस अधिकारियों के तबादले हुए
7 नैनीताल के भवाली में 100 फीट गहरी खाई में गिरी कार,पांच लोगों की मौत,एक घायल
8 बेंगलुरु में लैंडिंग के दौरान एअर इंडिया के विमान का पिछला हिस्सा जमीन से टकराया
9 अकोला:हॉस्पिटल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग,ICU में अफरा-तफरी;सभी 18 मरीज शिफ्ट
10 पश्चिम बंगाल सरकार ने सीमा पर बाड़ लगाने के लिए BSF को 27 किलोमीटर ज़मीन सौंपी
11 पुलवामा आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हमजा बुरहान की पीओके के मुजफ्फराबाद में हत्या
12 पुलवाला हमले के मास्टरमाइंड हमजा बुरहान की पाकिस्तान में गोली मारकर हत्या
13 चीतल हेलीकॉप्टर हादसे की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का आदेश दिया गया
14 वैश्विक हालात चुनौतीपूर्ण,रुपये में गिरावट पर बोले केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल
15 तेलंगाना सरकार ने अकुशल श्रेणी के लिए न्यूनतम मजदूरी 12750 से बढ़ाकर 16000 की
16 दिल्ली हाईकोर्ट ने पर्सनैलिटी राइट्स केस में राघव चड्ढा को राहत देने से इनकार किया
17 अभिषेक बनर्जी को HC से राहत, अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में कार्रवाई पर रोक
18 ट्विशा मौत मामले फंसे पति समर्थ सिंह ने अग्रिम जमानत के लिए हाई कोर्ट में अर्जी दी
19 TVK कैबिनेट में शामिल होने पर IUML सहमत,एएम शाहजहां का नाम प्रस्तावित किया
20 J-K पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद लोन को पिता की बरसी पर नजरबंद किया गया
21 झारखंड:पुलिस मुख्यालय में 25 से ज्यादा माओवादियों ने सरेंडर किया
22 UP:लखनऊ में ट्रेन के बॉक्स से युवती का शव मिला,पिता पर हत्या का आरोप लगा
23 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की UAE, नीदरलैंड,स्वीडन,नॉर्वे और इटली यात्रा संपन्न
24 विदेश से गैंग चला रहे 10 गैंगस्टर्स के पासपोर्ट रद्द करें', दिल्ली पुलिस की MEA से मांग
25 यूपी:संभल के रहटोल और बराही में अवैध अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम,भारी पुलिस तैनात
26 गाजियाबाद: पैसिफिक मॉल के थिएटर में लगी भीषण आग
27 बंगाल सरकार का बड़ा फैसला,मदरसों में भी वंदेमातरम् अनिवार्य
28 राजस्थान में महंगा हुआ दूध,डेयरी विभाग ने कीमतों में किया 2 रुपये प्रति लीटर का इजाफा
29 दिल्ली:यमुना नदी को लेकर अमित शाह ने बुलाई बैठक,दिल्ली की CM भी शामिल
30 बिहार के CM सम्राट चौधरी श्रावणी मेला की तैयारियों की समीक्षा करेंगे
31 राघव चड्ढा ने पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया,आज हुई सुनवाई
32 एस्टोनिया का बड़ा बयान,PM मोदी चाहें तो रुक सकता यूक्रेन युद्ध,रूस पर दबाव की ताकत सिर्फ भारत के पास है
33 मोदी-मेलोनी दोस्ती के दुनिया भर में चर्चे,एक कार... सेल्फी और 2000 साल पुराना कोलोजियम,सोशल मीडिया पर छाईं तस्वीरें
34 भारत की छवि पर वार:नॉर्वे के अखबार में छपा PM मोदी का 'अपमानजनक' कार्टून,सोशल मीडिया पर हंगामा
35 कोलकाता से पकड़ा गया पाकिस्तान का 'मोहरा,NIA ने दबोचा जासूस जफर रियाज
36 ट्रंप के लौटते ही पुतिन की चीन में लैंडिंग;जिनपिंग ने किया शानदार स्वागत,40 बड़े समझोते करेगी 'सुपर पार्टनरशिप
37 वन नेशन,वन इलेक्शन:JPC की टीम गुजरात में,समिति आज गुजरात के सीएम समेत अन्य दलों के नेताओं से मुलाकात की
38 CJI के बयान के विरोध में बनी कॉकरोच जनता पार्टी,इंस्टाग्राम पर 5 दिन में 70 लाख फॉलोअर्स;भाजपा के 87 लाख,कांग्रेस के 1.32 करोड़ फॉलोअर्स
39 शुभेंदु बोले:बंगाल में CAA की प्रक्रिया शुरू,अवैध घुसपैठिए पकड़ेंगे,BSF को बांग्लादेश बॉर्डर से लगी 27 किलोमीटर जमीन सौंपी
40 अमरनाथ यात्रा के लिए 3.6 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन,3 जुलाई से शुरू होगी 57 दिन की यात्रा;रास्तों पर अब भी 12 फीट तक बर्फ

## संक्षिप्त समाचार

### बजाज ऑटो ने सीमित अवधि के लिए पल्सर 125 पर 3,000 की छूट की घोषणा की

**पटना**। दुनिया की सबसे मूल्यवान टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर निर्माता कंपनी बजाज ऑटो लिमिटेड ने पल्सर 125 पर सीमित अवधि के लिए एक विशेष ऑफर पेश किया है, जिससे भारत की लोकप्रिय परफॉर्मेंस मोटरसाइकिल अब ग्राहकों के लिए और अधिक आकर्षक बन गई है। पल्सर 125 रेंज की शुरुआती एक्स-शोरूम (दिल्ली) कीमत 87,255 है। सीमित अवधि के लिए इस रेंज पर 3,000 की छूट दी जा रही है, जिससे भरोसेमंद विरासत के साथ परफॉर्मेंस चाहने वाले राइडर्स के लिए यह एक और बेहतर विकल्प बन गई है। नई रेंज को युवाओं को ध्यान में रखकर पेश किए गए नए कलर ऑप्शन्स और अपडेटेड ग्राफिक्स के साथ और आकर्षक बनाया गया है। इन बदलावों के साथ राइडर्स को अब अधिक आधुनिक और फीचर-समृद्ध अनुभव मिलेगा, जबकि परफॉर्मेंस, आराम और विश्वसनीयता जैसी इसकी मूल खूबियों को बरकरार रखा गया है।

### जमालपुर-गया-जमालपुर मेमू का बाघी बरडीहा स्टेशन पर ठहराव 23 मई से

**पटना**।रेलवे द्वारा गाड़ी सं. 63387/63388 जमालपुर-गया-जमालपुर मेमू का दानापुर मंडल के नवादा और वारिसलीगंज स्टेशनों के मध्य बाघी बरडीहा स्टेशन पर ठहराव प्रारंभ होने की तिथि में आंशिक बदलाव किया गया है। संशोधन के पश्चात अब दिनांक 23.05.2026 से गाड़ी सं. 63388 गया-जमालपुर मेमू 16.26 बजे बाघी बरडीहा स्टेशन पहुंचेगी और 16.27 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । इसी तरह दिनांक 24.05.2026 से गाड़ी सं. 63387 जमालपुर-गया मेमू 11.09 बजे बाघी बरडीहा स्टेशन पहुंचेगी और 11.10 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

### संदिग्ध अवस्था में छात्रा अपार्टमेंट के पांचवें तल से गिरकर गंभीर रुप से जख्मी



**दानापुर**। नगर के नया टोला इलाके में एक छात्रा की संदिग्ध परिस्थिति में अपार्टमेंट के पांचवें तल से गिरकर गंभीर जख्मी होने का मामला सामने आया है। जख्मी युवती सगुना के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दानापुर थाना क्षेत्र के नया टोला स्थित लखन हेरिटेज अपार्टमेंट के एक फ्लैट में छात्रा प्रेयसी परिवार के साथ किराये पर रहती हैं। वह किसी कार्य से अपार्टमेंट की ऊपरी 5 वीं मंजिल पर गई थी, इसी दौरान अचानक वह नीचे गिरकर बुरी तरह ज़ख़्मी हो गई। जिसे आसपास के लोग उसे आनन फानन में सगुना निजी अस्पताल ले गए। हांलांकि घटना के कारणों का अब तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। चिकित्सकों के अनुसार छात्रा को गंभीर चोटें आई हैं और उसकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रशांत भारद्वाज ने बताया कि इस घटना के बारे में थाना को कोई सूचना या जानकारी नहीं है। दानापुर थाना में इस प्रकार की लिखित आवेदन मिलता है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### डॉ संतोष कुमार सुमन, राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) एवं लघु जल संसाधन मंत्री बिहार सरकार

**पटना**।तेजस्वी बताएँ अपराधियों की भी जातिगत जनगणना करा दिया जाए क्या : डॉ. संतोष कुमार सुमन हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि "अपराधियों की कोई जाति नहीं होती, उनका सिर्फ एक परिचय होता है — अपराधी। लेकिन अगर तेजस्वी यादव जी चाहें तो हम माननीय मुख्यमंत्री जी से आग्रह कर देंगे कि अपराधियों की भी जातिगत जनगणना करा दी जाए, ताकि एनकाउंटर से पहले पुलिस थाने में उनका 'जाति प्रमाण पत्र' भी जांच लिया जाए। अपराध पर राजनीति और अपराधियों पर जातीय चादर डालना बिहार के लिए बेहद खतरनाक है। क्या अब पुलिस अपराधियों से पहले उनकी जाति पूछेगी? जिनके शासनकाल में बिहार जंगलराज, अपहरण और भय के लिए बदनाम था, वे आज कानून व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। एनडीए सरकार में कानून का राज है। जो अपराध करेगा, कार्रवाई तय है — बिना भेदभाव, बिना दबाव।"

### वर्तमान सामाजिक परिस्थिति में स्काउट और गाइड प्रशिक्षण अति महत्वपूर्ण-आरडीडीई

**पटना**। बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड पटना के तत्वाधान में कमला नेहरू बालिका उच्च विद्यालय गर्दनीबाग में आयोजित एकदिवसीय स्काउटर और गाइडर सेमिनार के उदघाटन सत्र को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक पटना प्रमंडल राज कुमार ने बताया की वर्तमान सामाजिक स्थिति में भारत स्काउट और गाइड के द्वारा दी जाने वाली प्रशिक्षण प्रासंगिक और आवश्यक ही नहीं अतिमहत्वपूर्ण है। भारत स्काउट और गाइड आजादी के समय से ही अपने मूल सिद्धांतों पर लगातार कार्यरत है और अपने सामाजिक दायित्वों का निर्माण करता है । प्रशिक्षण शिविर में सम्मिलित विभिन्न विद्यालय के शिक्षक और भावी स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन को संबोधित करते हुए उन्होंने अपने तत्कालीन कार्यावधी अररिया, नालंदा, जहानाबाद आदि के समय पदस्थापित जिले के स्काउट और गाइड की गतिविधियों में भागीदारी एवं सहयोग को सेमिनार में रखा तथा आग्रह किया कि वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार डिजिटल प्रशिक्षण, साइबर अपराध के प्रति जागरूकता और प्रकृति व पर्यावरण से संबंधित संरक्षण संबंधी प्रशिक्षण को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि आप अपने विद्यालय में छात्र-छात्राओं को नैतिक प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से भारत स्काउट गाइड के पद्धति से दें ताकि हमारा भविष्य स्वर्णिम हो सके। सेमिनार को संबोधित करते हुए पूर्व राज्य प्रशिक्षण आयुक्त गाइड वीणा कुमारी शर्मा ने प्रतिभागियों को व्यक्तिगत प्रशिक्षण एवं स्काउट और गाइड की गतिविधियों को संचालित करने हेतु प्रेरित किया। जबकि राज्य संगठन आयुक्त स्काउट आलोक रंजन ने विद्यालय के दल संचालक हेतु तकनीकी जानकारी प्रतिभागी शिक्षकों को दी। प्रतिभागी शिक्षक अपने विद्यालय में स्काउट और गाइड का दल कैसे संचालित करेंगे, बच्चों के प्रशिक्षण कैसे प्रवेश से राष्ट्रपति अवार्ड तक पूर्ण होंगे संबंधित विस्तृत जानकारी दिया । इससे पूर्व सेमिनार का उदघाटन क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक पटना प्रमंडल राज कुमार, जिला सचिव बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड पटना गौरी शंकर,कमला नेहरू बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य डॉ.फैज अहमद,इन्द्र प्रसाद सिंह बालिका विद्यालय के प्राचार्य नवीन कुमार, बीएमपी-5 उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य अवधेश कुमार,पूर्व राज्य प्रशिक्षण आयुक्त गाइड वीणा कुमारी शर्मा,राज्य संगठन आयुक्त स्काउट आलोक रंजन ने दीप प्रज्वलित कर किया। जबकि सेमिनार के प्रशिक्षण व्यवस्था को जिला सचिव गौरी शंकर, जिला संगठन आयुक्त स्काउट जयप्रकाश कुमार, जिला संगठन आयुक्त गाइड कंचन कुमारी,कामिनी कुमारी एवं उमावि धोखहारा के प्राचार्य भानू प्रताप ओझा ने संभाला और सेमिनार को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी शिक्षकों ने क्षेत्रीय शिक्षा निदेशक पटना प्रमंडल राज कुमार को आश्वस्त किया कि वह सभी अपने-अपने विद्यालय में भारत स्काउट और गाइड के यूनिट का सफलतापूर्वक संचालन करेंगे और बच्चों को नैतिक,सामाजिक,शैक्षणिक गतिविधियों में गतिशील करेंगे। सेमिनार में लगभग 200 स्काउटर व गाइडर ने भाग लिया। इस अवसर विद्यालय की छात्राओं ने मनमोहक स्वागत गान प्रस्तुत किया।

# लोको रनिंग स्टाफ की समस्याओं को लेकर AILRSA का मुंडी गरम प्रदर्शन

नई सोच एक्सप्रेस



**दानापुर**।गुरुवार, 21 मई को ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन (AILRSA) की केंद्रीय कमिटी के आह्वान पर लोको रनिंग स्टाफ की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर दानापुर मंडल के दानापुर क्रू लॉबी के समक्ष शांतिपूर्ण "मुंडी गरम प्रदर्शन" आयोजित किया गया। प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में लोको रनिंग कर्मचारी AILRSA के बैनर तले शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कामरेड एम.पी. सिंह ने की। प्रदर्शन के दौरान संगठन ने लोको रनिंग स्टाफ की सुरक्षा, सुविधा एवं कार्य परिस्थितियों से संबंधित कई महत्वपूर्ण मांगें उठाईं। संगठन की प्रमुख मांगों में सभी लोको में एयर कंडीशनर लगाने तथा खराब AC को ठीक कर ही शेड से बाहर निकालने, सभी लोको में यूरिनल की व्यवस्था सुनिश्चित करने, टूल बॉक्स एवं FSD फिट करने, तथा CCVRS प्रणाली को बंद करने की मांग शामिल रही। संगठन ने कहा कि लोको को क्रू-फ्रेंडली बनाया जाए, जिसमें आरामदायक सीट की व्यवस्था हो तथा ठंड के मौसम में हीटर की समुचित सुविधा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही सहायक लोको पायलटों से कपलिंग कटवाने की प्रक्रिया बंद करने की मांग भी की गई। AILRSA ने HPC कमिटी की सिफारिशों को लागू करते हुए 36 घंटे के भीतर मुख्यालय वापसी सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा और संरक्षा को ध्यान में रखते हुए रनिंग स्टाफ से 9 घंटे से अधिक ड्यूटी नहीं लेने की मांग उठाई। संगठन ने इसे अमानवीय बताते हुए तत्काल रोक लगाने की आवश्यकता जताई। इसके अतिरिक्त क्रू लॉबी तिलैया में मेडिकल एवं आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने, मंडल के सभी रनिंग रूम एवं रेस्ट रूम में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने, सभी क्रू चेंजिंग प्वाइंट पर वेटिंग हॉल एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने तथा सभी साइडिंग में निर्धारित किलोमीटर देने की मांग भी रखी गई। संगठन के नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरना कार्यक्रम में ECREU के मंडल मंत्री सर्वेश कुमार, मंडल उपाध्यक्ष रवि कुमार, AILRSA के मंडल मंत्री कमल कुमार, केंद्रीय मंत्री आर.सी. पटेल, संगठन सचिव रवि शंकर कुमार, कोषाध्यक्ष नित्या प्रकाश, मंडल उपाध्यक्ष संतोष कुमार, सहायक सचिव संजय कुमार एवं अनिल कुमार, ब्रांच सेक्रेटरी एस.एन. कुमार एवं अभिनाश चंद्र, श्लोक कुमार, एम.एन. साहू सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गवसपुर पेट्रोल पंप के पास बड़ा हादसा टला, बालू लदा ट्रक डायवर्सन में फंसा




नई सोच एक्सप्रेस

**पुनपुन**।पुनपुन थाना क्षेत्र अंतर्गत गवसपुर पेट्रोल पंप के समीप बिहटा-सवेरा रोड पर मंगलवार को एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार बालू से लदा एक ट्रक बिहटा की ओर से आ रहा था और बेलदारीचक की तरफ जा रहा था। इसी दौरान डायवर्सन के पास ट्रक अनियंत्रित होकर फंस गया। ट्रक चालक ने बताया कि वाहन अचानक अनबैलेंस हो गया, जिसके कारण ट्रक डायवर्सन में जाकर अटक गया। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से जेसीबी मशीन एवं कटर मशीन मंगाई गई और डायवर्सन को काटकर ट्रक को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया गया। घटना के कारण कुछ समय तक सड़क पर आवागमन प्रभावित रहा, हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते स्थिति पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## साइबर अपराधियों ने मोबाइल हैक कर बैंक खातों से उड़ाए करीब साढ़े चार लाख रुपए, प्राथमिकी दर्ज

नई सोच एक्सप्रेस



**मोतिहारी**। मोतिहारी में साइबर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है, जहाँ मोबाइल हैक कर साइबर अपराधियों ने एक व्यक्ति की जमा पूँजी मिनटों में साफ कर दी। नगर थाना क्षेत्र के तेलिया पट्टी निवासी अजीत कुमार गुप्ता के बैंक खातों से करीब साढ़े चार लाख रुपए की अवैध निकासी कर ली गयी है। पीड़ित अजीत कुमार गुप्ता ने साइबर थाने में दिए आवेदन में बताया कि अचानक उनका मोबाइल हैक हो गया। इसके बाद उनके फोन से अलग-अलग नंबरों पर अपने आप मैसेज जाने लगे और लगातार ओटीपी आने शुरू हो गए। साइबर ठगों ने उनके नाम से पेटीएम अकाउंट तैयार कर लिया और बैंक खातों से पैसे निकालने लगे। एक्सिस बैंक खाते से 3 लाख 80 हजार 675 रुपए और बैंक ऑफ बड़ौदा खाते से 67 हजार 500 रुपए निकाल लिए गए। कुल मिलाकर 4 लाख 48 हजार 175 रुपए की ठगी हुई। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करायी। इसके बाद साइबर थाना मोतिहारी में कांड संख्या 86/26 दर्ज किया गया है। पुलिस पूरे मामले की तकनीकी जाँच में जुटी है।

## बिहार का हो रहा है समुचित विकास :- मंत्री श्रवण कुमार

नई सोच एक्सप्रेस



**बिहारशरीफ**।बिहार शरीफ नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 47 में मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के अंतर्गत 69 लाख की राशि से साठोपुर पासवान टोला से लेकर वियावानी पुल तक नदी किनारे नवनिर्मित ईंट सोलिंग एवं पीसीसी ढलाई कार्य का एवं सांसद निधि से 5 लाख की राशि से विलास महतो के घर से राजू साव के घर तक नव निर्मित पीसीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक सह बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार सांसद कौशलेंद्र कुमार के द्वारा किया गया।इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार का समुचित विकास हो रहा है नीतीश मांडल को आगे बढ़ाने का काम मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार कर रही है आने वाले समय में देश के पांच टाप राज्यों में बिहार को स्थान दिलाने पर काम चल रहा है।7 निश्चय-3 के संकल्पों से बिहार में विकास, रोजगार और आत्मनिर्भरता की नई तस्वीर उभर रही है।महिलाओं को स्वरोजगार,युवाओं को कौशल एवं रोजगार के अवसर, साथ ही उद्योग, कृषि और टेक हब के क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहा है। नीतीश कुमार के विजन और मार्गदर्शन ने बिहार को नई दिशा और नई पहचान दी है।यह नया बिहार है, जहाँ हर गाँव तक विकास पहुँचा है।राज्य में कानून का राज स्थापित हुआ, युवाओं को नए अवसर मिले और जनता का विश्वास मजबूत हुआ।बिहार को नई पहचान और विकास की नई दिशा देने के लिए बिहार की जनता धन्यवाद नीतीश कुमार बोल रही है।सड़क, बिजली,पानी स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ कर बिहार के विकास की नई कहानी लिखी है।जिन्होंने 90 का दशक देखा है,वे जानते हैं कि उस समय राज्य में इन मूलभूत सुविधाओं का कितना अभाव था।बिहार को विकास की पटरी पर लाने और जनविश्वास को मजबूत करने के लिए हरसंभव कोशिश सरकार ने की है और करती रहेगी।सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि बिहार की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए आपके विजन और उसके सफल क्रियान्वयन ने राज्य की महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया है।आज बिहार की महिलाओं की पंचायतों में भागीदारी बढ़ी है,आत्मनिर्भरता को बल मिला है और समाज में उनका सम्मान बढ़ा है।इस अवसर पर जिला प्रवक्ता डॉ धनंजय कुमार देव प्रखंड अध्यक्ष संजय कुशवाहा दिवाकर प्रसाद धनंजय मुखिया युगल किशोर प्र आकाश कु काजल प्रमोद यादव वार्ड पार्षद सविता देवी धनपत पासवान दिग्विजय नारायण सिंह उर्फ तन्नू सिंह बिट्टू कुशवाहा रामजन्म रविदास विश्वास सिंह मन्टू कुशवाहा भाजपा नेता कृति कुमार डा अरविंद कुमार राजू साव नीतीश पाण्डेय जगलाल चौधरी संजय राम रंजीत सिंह सुधीर पासवान सुरेन्द्र कुशवाहा इंदू चौहान शशिभूषण प्र महेंद्र प्रसाद अमित कु रिक्की संजीत पटेल धर्मेंद्र यादव ललन कुशवाहा उपेन्द्र दिलवाला सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भारतीय भाषाओं के प्रति जागरूकता लाने के लिए 'टीचर्स ऑफ बिहार' की बड़ी पहल

नई सोच एक्सप्रेस




» भारतीय भाषा समर कैंप एक्सक्लूसिव ऑनलाइन क्विज का सफल आयोजन
» ऑनलाइन क्विज में दिखा जबरदस्त उत्साह

**पटना**।शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव के लिए समर्पित मंच 'टीचर्स ऑफ बिहार' द्वारा आयोजित 'भारतीय भाषा समर कैंप: एक्सक्लूसिव ऑनलाइन क्विज 2026' का सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस कार्यक्रम ने डिजिटल शिक्षा और भाषाई गौरव के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। **प्रमुख सुर्खियां**: 4500 से अधिक प्रतिभागियों को प्रदान किए गए डिजिटल सर्टिफिकेट। बिहार सहित विभिन्न राज्यों के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग। भारतीय भाषाओं के संवर्धन और रचनात्मक शिक्षा पर रहा विशेष जोर। **संस्थापक एवं तकनीकी टीम का विजन**: समूह के संस्थापक शिव कुमार एवं टेक्निकल टीम लीडर ई. शिवेंद्र प्रकाश सुमन ने संयुक्त रूप से इस आयोजन की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "हमारा उद्देश्य तकनीक के माध्यम से शिक्षा को हर घर तक पहुँचाना है। इस क्विज के माध्यम से हमने न केवल भारतीय भाषाओं की समृद्धि को प्रदर्शित किया, बल्कि यह भी साबित किया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म का सही उपयोग शैक्षणिक क्रांति ला सकता है।" **मीडिया और क्विज निर्माण की भूमिका**: प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार एवं क्विज क्रिएटर-सह-प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय कुमार ने कार्यक्रम के व्यापक प्रभाव पर चर्चा करते हुए कहा, "इस आयोजन ने बिहार ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों के हजारों शिक्षकों, विद्यार्थियों और शिक्षा प्रेमियों को एक सूत्र में पिरोया है। हमारा लक्ष्य भारतीय भाषाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना और शिक्षा को मनोरंजक एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना था, जिसमें हम सफल रहे।" **सहभागिता और भविष्य की रूपरेखा**: इवेंट लीडर केशव कुमार ने आयोजन के आंकड़ों की जानकारी देते हुए बताया, "इस समर कैंप क्विज में साढ़े चार हजार से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और सफलतापूर्वक प्रमाण-पत्र प्राप्त किए। यह 'टीचर्स ऑफ बिहार' की टीम के अथक प्रयास और शिक्षा के प्रति उनके संकल्प का परिणाम है।" "शिक्षा, नवाचार, सहयोग और सकारात्मक बदलाव" के मूल मंत्र के साथ 'टीचर्स ऑफ बिहार' लगातार शिक्षकों के सम्मान और शिक्षा के उत्थान के लिए कार्यरत है। टीम ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों से जुड़ने की अपील की है।

## सैमसंग ने भारत में 2026 विज़न एआई टीवी के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू किया




नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।सैमसंग ने घोषणा की है कि भारत में ग्राहक अब कंपनी के नए 2026 विजन एआई टेलीविज़न के लिए अपनी दिलचस्पी दर्ज करा सकते हैं। कंपनी इस नई टीवी सीरीज़ को इसी महीने लॉन्च करने वाली है। सैमसंग के नए विजन एआई टीवी एडवांस फीचर्स और अत्याधुनिक तकनीक के साथ आएंगे, जो व्यूइंग अनुभव को और बेहतर बनाएंगे। कंपनी ने बताया कि 2026 में वह अपनी विजन एआई कम्पेनियन यानी वीएसी सुविधाओं का विस्तार 4K यूएचडी और उससे ऊपर की टीवी रेंज में करेगी, जो टीवी अनुभव के केंद्र में एआई को लाने की उसकी व्यापक रणनीति को दर्शाता है। इससे एआई आधारित व्यूइंग को ज्यादा कैटेगरी, स्क्रीन साइज़ और अलग-अलग उपभोक्ता जरूरतों तक पहुंचाया जा सकेगा। सैमसंग पिछले 20 वर्षों से ग्लोबल नंबर-1 टीवी ब्रांड बना हुआ है। यह सफलता प्रीमियम और अल्ट्रा-लार्ज स्क्रीन इनोवेशन के प्रति सैमसंग की प्रतिबद्धता और अत्याधुनिक एआई-पावर्ड टीवी की वजह से मिली है। सैमसंग की नई टीवी रेंज के लिए ग्राहक 12 मई से 25 मई के बीच Samsung.com पर हैंड-रेज़र पेज या रिटेल आउटलेट्स पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन कराने वाले ग्राहक बिक्री शुरू होने पर चुनिंदा प्रोडक्ट्स पर 10,000 रुपये तक के अर्ली बर्ड डिस्काउंट के लिए पात्र होंगे।

# माज़ा के 50 स्वर्णिम साल: आम के स्वाद का सुनहरा सफर

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना**।कोका-कोला इंडिया ने भारत को आम का असली स्वाद देने वाले माज़ा के 50 साल पूरे होने का जश्न मनाया। 1976 में अपनी शुरुआत के बाद से, माज़ा शानदार स्वाद, बचपन की यादों और खास भारतीय पलों की अपनी मजबूत विरासत के दम पर, आम के प्रति भारतीयों के प्यार के साथ गहराई से जुड़ गया है। कोका-कोला इंडिया और दक्षिण-पश्चिम एशिया में मार्केटिंग, न्यूट्रिशन की सीनियर डायरेक्टर, सुनैनिका सिंह ने कहा, माज़ा ने आधी सदी भारतीयों के जीवन, अलमारियों और यादों में अपनी जगह बनाने में बिताई है। यह गर्मियों की छुट्टियों और पारिवारिक समारोहों में, रविवार के लंच के बाद के डेज़र्ट और त्योहारी व्यंजनों में, ऐसे पलों में मौजूद रहा है जो फोटो खींचने के लिए बहुत छोटे हैं लेकिन भूलने के लिए बहुत अच्छे हैं। जो चीज़ माज़ा को असाधारण बनाती है वह यह है कि यह हर दशक में पूरी तरह से अपने जैसी ही रही है: ईमानदार, शानदार और आम का अनुभव करने के सबसे करीबी अहसास जैसी। यह भरोसा 50 साल में बना है और यही एकमात्र बुनियाद है जिसकी हमें अगले 50 सालों के लिए ज़रूरत है। ओगिल्वी इंडिया के चीफ क्रिएटिव ऑफिसर, सुकेश नायक ने कहा, माज़ा हमेशा आम के आनंद का प्रतीक रहा है, न केवल एक फ्रूट ड्रिंक के रूप में बल्कि एक ऐसी भावना के रूप में जिसके साथ लोग बड़े होते हैं। जैसे-जैसे हम 50 साल पूरे कर रहे हैं, यह उस भावना का और हर उस चीज़ का जश्न मनाने के बारे में है जो उसे हर घूंट में जीवंत बनाती है। ब्रांड ने ताज़ा मैंगो, माज़ा मैंगो और माज़ा हो जाए जैसे लोकप्रिय अभियानों के जरिए उपभोक्ताओं से भावनात्मक जुड़ाव मजबूत किया है। साथ ही, कंपनी का 'प्रोजेक्ट उन्नति' किसानों के साथ मिलकर टिकाऊ खेती और बेहतर आम उत्पादन को बढ़ावा दे रहा है। पूरे साल माज़ा उन कहानियों, अनुभवों और पलों के जरिए आम का जश्न मनाएगा जो संस्कृति और रोजमर्रा की जिंदगी में रचे-बसे महसूस होते हैं, और साथ ही ब्रांड की मूल पहचान के प्रति सच्चे रहेंगे।

## पं. राजकुमार शुक्ल को भारत रत्न देने की मांग तेज,97वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।चंपारण सत्याग्रह के सूत्रधार और स्वतंत्रता संग्राम के महानायक पंडित राजकुमार शुक्ल की 97वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पटना स्थित पंडित राजकुमार शुक्ल स्मृति संस्थान के प्रधान कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पंडित राजकुमार शुक्ल स्मृति संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. राजेश भट्ट ने कहा कि पंडित राजकुमार शुक्ल चंपारण आंदोलन के महानायक थे। उनके अथक प्रयासों के कारण ही महात्मा गांधी चंपारण आए और सत्य एवं अहिंसा के प्रयोग के माध्यम से नील आंदोलन से पीड़ित लगभग 19 लाख किसानों को तिनकाठिया प्रथा की यातनाओं से मुक्ति मिली। उन्होंने कहा कि पंडित शुक्ल के अनुनय-विनय के बाद ही गांधीजी को चंपारण में आंदोलन का नेतृत्व करने का अवसर मिला और यही आंदोलन आगे चलकर देश के स्वतंत्रता संग्राम की निर्णायक आधारशिला बना। डॉ. भट्ट ने कहा कि "पंडित राजकुमार शुक्ल ने ही बापू को महात्मा बनने का अवसर प्रदान किया।" डॉ. भट्ट ने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि त्याग, बलिदान और किसान हितों के लिए समर्पित पंडित राजकुमार शुक्ल को अभिलंब भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार सरकार ने वर्ष 2018 में उन्हें भारत रत्न देने की अनुशंसा केंद्र सरकार को भेजी थी, जिसके लिए संस्थान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करता है। कार्यक्रम में पंडित राजकुमार शुक्ल की दौहित्री श्रीमती बीना देवी सहित संस्थान एवं समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों में निर्मल कुमार राय, सुभाष शर्मा, अखिलेश्वर शर्मा, कमलेश कुमार, विनय राय, रतिकेश शर्मा मुकुल, धनंजय कुमार शर्मा, प्रतीक भट्ट एवं संध्या भट्ट समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

# साड़ी में गजब ढाती हैं अभिनेत्री जाह्नवी कपूर, पेड्डी एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर अटक जाएगा आपका दिल





एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर के साड़ी अवतार में अलग-अलग लुक्स को देख दंग रह जाएंगे आप. देखिए कैसे अपने साड़ी लुक से जाह्नवी ने फैंस का दिल जीता और इंटरनेट पर अपना जलवा बिखेरा. जब बात बॉलीवुड के फैशन की हो और एक्ट्रेसेस का साड़ी लुक में ग्लैम दिखे, तो जाह्नवी कपूर का नाम सबसे पहले आता है. जाह्नवी कपूर अकसर अपने इंस्टाग्राम पर साड़ी लुक में फोटो अपलोड करती नज़र आती हैं. जेन-जी एक्ट्रेस का ट्रैडिशनल लुक उनके फैंस का दिल हर बार जीत लेता है. जाह्नवी कपूर के साड़ी अवतार की बात हो तो केवल उनके कपड़े और मेकअप नहीं, ब्लकि उनकी बॉडी लैंग्वेज, स्टाइल, और ग्रेस कि तारीफ भी करी जाती है. भारी और डिज़ाइनर साड़ी में जाह्नवी का चहरा और भी ज़्यादा खिल कर आता है. ट्रेंडिंग फैशन सेंस के साथ- साथ साड़ी में ग्लैमरस लुक देना उनकी खासीयत है. जाह्नवी का साड़ी अवतार हमेशा अलग अंदाज में सामने आता है. इस लुक में जाह्नवी बेहद रॉयल लग रही हैं. ट्रेडीशनल साउथ लुक, हैवी ज्वेलरी, बिंदी, मिनिमल मेकअप और चहरे पर मासूमियत. जाह्नवी कपूर के साड़ी को ड्रेप करने का तरीका हमेशा काफी ग्रेसफुल और एलिगेंट रहता है. इसी के साथ उनका नो-हेवी मेकअप लुक उनके अवतार में चार-चांद लगा देता है. डिज़ाइनर साड़ी के अलावा जब जाह्नवी प्लेन कॉटन, प्रिंटेड या सिल्क कि साड़ी पहनती हैं तो उनको देखते ही श्रीदेवी का 80ह्य वाला लुक सामने आ जाता है. मॉर्डन ड्रेसेस और हेवी मेकअप लुक जाह्नवी पर खुब जचता है, लेकिन साड़ी में उनकी खूबसूरती और कॉनफिड्रेंस अलग ही खिलता है. हाल ही में अपनी अपकमिंग फिल्म पेड्डी के ट्रेलर लॉन्च के लिए जाह्नवी ने ब्लू साड़ी लुक में सोशल मीडिया पर फोटो डाली. तस्वीरें देख फैंस बोले ट्रेडिशनल हो तो ऐसा.

## करण कुंद्रा ने तेजस्वी प्रकाश को किया प्रपोज

### तो एक्स-गर्लफ्रेंड ने किया अजीब पोस्ट, लोग बोले- शर्मनाक



टीवी के पॉपुलर कपल्स में शुमार करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश पिछले चार साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, पर फैंस को उनकी शादी का आज तक इंतजार है। और अब आखिरकार करण ने तेजस्वी को प्रपोज कर ही दिया। करण और तेजस्वी इस वक्त नए रियलिटी शो 'देसी ब्लिंग' में नजर आ रहे हैं। करण कुंद्रा ने इस शो की टीम के साथ मिलकर एक सरप्राइज प्लान किया और तेजस्वी प्रकाश को घुटनों पर बैठकर शादी के लिए प्रपोज कर दिया। उन्होंने तेजस्वी को हीरे की बड़ी सी अंगूठी भी पहनाई। इसके बाद से फैंस और सेलेब्स करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश को बधाइयां दे रहे हैं। हालांकि, इसी बीच करण की एक्स-गर्लफ्रेंड अनुषा दांडेकर ने एक पोस्ट किया है, जो चर्चा में हैं और यूजर्स उस पर रिएक्ट कर रहे हैं। 'देसी ब्लिंग'का 20 मई को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर हुआ था। इसके पहले एपिसोड में ही करण कुंद्रा ने तेजस्वी प्रकाश को शादी के लिए प्रपोज कर दिया। इसके लिए उन्होंने 'देसी ब्लिंग' की अरबपति कास्ट, जिसमें बड़े बिजनेस टायकून और सोशलाइट शामिल थे, उनके साथ एक ग्रैंड सरप्राइज प्लान किया। तेजस्वी जैसे ही वेन्यू पर पहुंचीं, तो करण कुंद्रा अपने घुटनों पर बैठे और बोले, 'तेजस्वी प्रकाश, विल यू मैरी मी?'

## फिल्म मैं वापस आऊंगा से नया गाना मस्कारा हुआ जारी, एआर रहमान ने दिया संगीत

इम्तियाज अली की फिल्म मैं वापस आऊंगा अगले महीने सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। फिल्म अमर सिंह चमकीला के बाद, दिलजीत दोसांझ का इम्तियाज के साथ यह दूसरा सहयोग है। उनके साथ वेदांग रैना और शरवरी भी फिल्म का हिस्सा हैं। निर्माताओं ने फिल्म से नया गाना मस्कारा जारी कर दिया है। इससे पहले, दिलजीत की आवाज में फिल्म से पहला आधिकारिक गाना क्या कमाल है रिलीज किया गया था। मस्कारा गाने को टिप्स ऑफिशियल नाम के यूट्यूब चैनल पर जारी किया गया है। इस गाने को ऑस्कर विजेता एआर रहमान ने कंपोज किया है और इसके बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं। निलंजना घोष दस्तीदार ने गाने को आवाज दी है और उनका साथ वेदांग ने दिया है। यह पहला मौका है जब उन्होंने अभिनय के साथ-साथ गाने में भी हुनर दिखाया है। बता दें, मैं वापस आऊंगा 12 जून को सिनेमाघरों का रुख करने के लिए तैयार है। फिल्म मैं वापस आऊंगा में दिलजीत दोसांझ के साथ नसीरुद्दीन शाह, शरवरी वाघ और वेदांग रैना अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे. यह फिल्म अप्लॉज एंटरटेनमेंट और विंडो सीट फिल्म्स द्वारा निर्मित है



# मोहन लाल की दृश्यम 3 ने रिलीज से पहले ही कर डाली बंपर कमाई, हर 24 घंटे में बिक रहे 30 हजार से ज्यादा टिकट




दृश्यम फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त ने रिलीज से पहले काफी माहौल बना दिया है. फैंस मोहनलाल स्टारर इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और इसी के साथ इसे पहले दिन के लिए खूब प्री टिकट सेल हो रही है. ऐसे में दृश्यम 3 ने एडवांस बुकिंग में ही अच्छा-खासा कलेक्शन कर डाला है. बता दें कि दृश्यम 3 मोहनलाल के 66वें जन्मदिन के मौके पर यानी 21 मई को रिलीज़ होने वाली है. यह फिल्म, एक सामान्य थिएटर रिलीज़ से कहीं बढ़कर एक्टर के फैंस के लिए एक बड़े इवेंट जैसी है. इन सबके बीच दृश्यम 3 प्री टिकट सेल में भी कमाल कर रही है. इसने ऑफिशियली अब ममूटी-मोहनलाल की स्पाई थ्रिलर फिल्म पैट्रियट के लास्ट प्री-सेल्स आंकड़ों को पीछे छोड़ दिया है. बता दें कि पैट्रियट ने बुक माई शो पर 333,000 टिकटों के साथ अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखी थी लेकिन अब दृश्यम 3 ने इसे मातदे दी है 334,000 का आंकड़ा पार कर लिया है और प्लेटफॉर्म के इतिहास में दूसरी सबसे ज्यादा बिकने वाली मलयालम फिल्म बन गई है. यह अब केवल एल2: एम्पुरान द्वारा बनाए गए 13 लाख के विशाल रिकॉर्ड से पीछे है. गौरतलब है कि बॉक्स ऑफिस पर हाई-ऑक्टेन एक्शन फिल्मों का दबदबा रहता है, लेकिन दृश्यम 3 मॉलीवुड के इतिहास में रिलीज से पहले इस स्तर का दबदबा कायम करने वाली पहली प्योर सस्पेंस-ड्रामा फिल्म बन गई है। फिल्म की पॉपुलैरिटी का अंदाजा रियल-टाइम डेटा से साफ तौर पर लगाया जा सकता है, जहां फिलहाल हर 24 घंटे में लगभग 30,000 टिकट बिक रहे हैं, अकेले केरल में ही पहले दिन की एडवांस कमाई 5 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है, जहां राज्य में 2 लाख से ज्यादा टिकट बिक चुके हैं. कोच्चि, तिरुवनंतपुरम और कालीकट जैसे प्रमुख शहरों में भारी भीड़ देखी जा रही है, जहां सुबह 4:00 और 7:00 बजे के कई फैन शो पहले ही हाउसफुल हो चुके हैं. फिलहाल, राज्य भर में 1,200 से ज्यादा शो ट्रैक किए जा रहे हैं, और रिलीज की तारीख नजदीक आने के साथ ही कई शो तेजी से भर रहे हैं. वहीं फिल्म मेकर्स का दावा है कि दृश्यम 3 ने वर्ल्डवाइड प्री-सेल्स के जरिए 20 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है. सैकनिल्क रिपोर्ट के अनुसार, रिलीज से पहले ही दृश्यम 3 की दुनियाभर में प्री टिकट सेल 15 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है. अभी फिल्म की रिलीज में दो दिन बचे हैं यानी प्री टिकट सेल का आंकड़ा और बढ़ेगा. दृश्यम जॉर्जकुट्टी और उसके परिवार की कहानी है, जो एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के बेटे के लापता होने के बाद संदेह के घेरे में आ जाते हैं. इस एक्साइटिंग कहानी की शुरुआत 2013 में मोहनलाल स्टारर मलयालम फिल्म से हुई थी. फिल्म की सफलता के बाद, इसका सीक्वल 2022 में आया था. अब इसका तीसरा भाग 21 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगा. बता दें कि तीनों फिल्मों का निर्देशन जीतू जोसेफ ने किया है. दृश्यम 3 में मीना, अंसीबा हसन और एस्थर अनिल भी हैं जो अपनी भूमिकाओ को दोहराते हुए नजर आएंगे. इस फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) द्वारा यू/ए 13 सर्टिफिकेशन मिला है.



## निर्देशक मिलाप जावेरी की फिल्म तेरा यार हूं मैं को मिली नई रिलीज तारीख

### अब 31 जुलाई को सिनेमाघरों में देगी दस्तक



पिछले साल 'एक दीवाने की दीवानियत जैसी रोमांटिक फिल्म देने वाले निर्देशक मिलाप जावेरी अब एक और रोमांटिक फिल्म 'तेरा यार हूं मैं लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म से निर्देशक इंद्र कुमार के बेटे अमन इंद्र कुमार बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं। फरवरी में जारी हुए फिल्म के फर्स्ट लुक के बाद अब फिल्म की नई रिलीज डेट सामने आ गई है। मेकर्स ने आज फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। फिल्म का एक पोस्टर जारी करते हुए मेकर्स ने ये कंफर्म किया कि 'तेरा यार हूं मैं 31 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इसके साथ ही कैप्शन में मेकर्स ने लिखा, 'प्यार, दोस्ती, इमोशन और संगीत के लिए तैयार हो जाइए। तेरा यार हूं मैं 31 जुलाई को सिनेमाघरों में आ रही है। इसके साथ ही मेकर्स ने कंफर्म किया कि फिल्म से इंद्र कुमार के बेटे अमन कुमार अपनी शुरुआत कर रहे हैं। उनके साथ आकांक्षा शर्मा इस प्यार, ड्रामा, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर म्युजिकल लव स्टोरी में नजर आएंगी। इससे पहले मेकर्स ने फरवरी में फिल्म की घोषणा करते हुए इसका फर्स्ट लुक जारी किया था। तब मेकर्स फिल्म को 22 मई को रिलीज करने वाले थे। लेकिन अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट बदल दी है। फिल्म का जो पोस्टर जारी किया गया है, उसमें फिल्म के लीड कलाकार अमन इंद्र कुमार और आकांक्षा शर्मा नजर आ रहे हैं। व्हाइट बैकग्राउंड में दोनों के चेहरों का क्लोज अप शॉट है, जिसमें दोनों एक-दूसरे में खोए नजर आ रहे हैं। अभी तक फिल्म की कहानी के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। मिलाप जावेरी की आखिरी निर्देशित फिल्म 'मस्ती फ्रेंचाइजी की 'मस्ती 4 है, जो पिछले साल रिलीज हुई थी। पिछले साल ही उनकी रोमांटिक फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत भी रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने काफी चर्चाएं बटोरी थीं। वहीं क्रिटिक्स और दर्शकों की भी इसे मिली-जुली प्रतिक्रिया हासिल हुई थी। अब वो 'तेरा यार हूं मैं के साथ एक नई लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं।

## जंक फूड खाने के बाद शरीर थका हुआ क्यों महसूस होता है ? जानिए इसके कारण

जंक फूड का सेवन आजकल काफी आम हो गया है। इसका स्वाद भले ही लाजवाब हो, लेकिन यह सेहत पर बुरा असर डालता है। अक्सर लोग कहते हैं कि जंक फूड खाने के बाद उनका शरीर थका हुआ महसूस होता है। क्या आपने कभी सोचा है कि ऐसा क्यों होता है? आइए जानते हैं कि जंक फूड खाने के बाद शरीर थका हुआ क्यों महसूस होता है और इससे क्या-क्या समस्याएं हो सकती हैं।

**जंक फूड में जरूरी पोषक तत्वों की कमी**

जंक फूड में अक्सर विटामिन, खनिज और फाइबर की कमी होती है। इन पोषक तत्वों की कमी से शरीर को सही तरीके से काम करने में दिक्कत होती है। इससे ऊर्जा का स्तर गिरता है और आपको थकान महसूस होती है। जंक फूड खाने से शरीर को वो जरूरी पोषण नहीं मिलता, जो उसे चाहिए होता है, जिससे आप सुस्त और थका हुआ महसूस करते हैं। इसलिए संतुलित आहार लेना बहुत जरूरी है। जंक फूड में ज्यादा मात्रा में शक्कर और चर्बी होती है, जो तुरंत ऊर्जा देती है, लेकिन इसके बाद तेजी से ऊर्जा का स्तर गिर जाता है। इससे



आपको जल्द ही थकान महसूस होती है और मूड भी खराब हो सकता है। इसके अलावा ज्यादा शक्कर और चर्बी का सेवन लंबे समय तक सेहत पर बुरा प्रभाव डाल सकता है, जिससे मोटापा, मधुमेह और दिल की बीमारियां जैसी समस्याएं हो सकती हैं। जंक फूड पचाने में ज्यादा मेहनत लगती है, जिससे पाचन पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। इससे कब्ज, गैस, और पेट दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा जंक फूड का सेवन पाचन की कार्यक्षमता को भी प्रभावित करता है, जिससे शरीर को सही तरीके से पोषण नहीं मिल पाता। इसलिए यह जरूरी है कि हम संतुलित आहार लें, जिसमें फाइबर, विटामिन्स और खनिज भरपूर मात्रा में हों ताकि पाचन सही तरीके से काम कर सके। जंक फूड में अधिक मात्रा में कैफीन या अन्य उत्तेजक तत्व हो सकते हैं, जो नींद को प्रभावित कर सकते हैं। इसके अलावा जंक फूड का सेवन रात में करने से पाचन क्रिया बाधित होती है, जिससे नींद भी खराब होती है। इससे आप अगली सुबह थका हुआ महसूस करते हैं और आपकी कार्यक्षमता भी प्रभावित होती है।

इसलिए बेहतर होगा कि रात के समय हल्का और पौष्टिक भोजन ही किया जाए।

**मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है प्रभाव**

जंक फूड खाने से सिर्फ शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है। इससे मूड स्विंग्स, चिड़चिड़ापन और अवसाद जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा जंक फूड खाने से ध्यान केंद्रित करने में भी दिक्कत होती है, जिससे काम में बाधा आती है। इस प्रकार स्पष्ट है कि जंक फूड खाने से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक थकान भी होती है। इसलिए बेहतर होगा कि हम संतुलित आहार लें।

# गेल के एक सत्र में सबसे अधिक छक्के लगाने का रिकार्ड तोड़ सकते हैं सूर्यवंशी : अनिल कुंबले

**एजेंसी, नई दिल्ली**






भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह आईपीएल के इस एक सत्र में सबसे अधिक छक्के लगाने का वेस्टइंडीज के बल्लेबाज क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। वैभव ने इस सत्र में अबतक 53 छक्के लगाये हैं और उन्हें क्रिस गेल के 2012 में लगाए गए 59 छक्कों के रिकॉर्ड को तोड़े के लिए सात छक्के और लगाने हैं। हैरानी की बात ये है कि वैभव अभी केवल 15 साल के हैं। वैभव कितने आक्रामक तरीके से खेलते हें। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इस बल्लेबाज ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में केवल 38 गेंदों में 93 रन बना दिये थे ओर इस दौरान 10 छक्के लगाये थे। कुंबले ने कहा, 15 साल के इस बल्लेबाज ने इस आईपीएल सत्र में अभी तक ही 53 छक्के लगा दिए हैं जो हैरानी की बात है। एक सत्र में सबसे ज्यादा 59 छक्के लगाने के गेल के रिकार्ड को वह इसी सत्र में तोड़ सकते हैं। कुंबले ने वैभव की तकनीकी क्षमता की प्रशंसा करते हुए कहा, बहुत कम बल्लेबाज कवर के ऊपर से इतनी आसानी से छक्के मार सकते हैं पर वैभव ने कई ऐसे छक्के लगाये हैं। कुंबले ने वैभव की प्रतिभा पर अपनी हैरानी व्यक्त करते हुए कहा, मुझे खुशी है कि लोगों के पास अब भी ऐसी प्रतिभा का वर्णन करने के लिए शब्द हैं। मेरे पास तो शब्द कम पड़ते जा रहे हैं। यह लड़का बहुत खास है। वह इतनी छोटी उम्र में भी पूरी परिपक्वता दिखाते हुए जिस तरह से खेल रहा है। उससे सभी हैरान हैं। वह किसी भी क्रिकेट प्रेमी को उत्साहित कर सकता है। इस बल्लेबाज का प्रदर्शन न केवल मौजूदा आईपीएल सत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है, बल्कि भारतीय क्रिकेट के भविष्य के लिए भी एक उज्ज्वल संकेत दे रहा है। अगर वह अगले कुछ मैचों में गेल का रिकॉर्ड तोड़ पाते हैं, तो यह उनके करियर का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगा।

## विराट ने बताया, किन कारणों से छोड़ी थी कप्तानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**




भारतीय क्रिकेट टीम के सबसे सफल टेस्ट कप्तानों में शामिल रहे विराट कोहली ने उन कारणों का खुलासा किया है जिनके कारण उन्होंने राष्ट्रीय टीम की कप्तानी छोड़ी थी। कोहली ने कहा कि नेतृत्व और बल्लेबाजी के लगातार दबाव ने उन्हें पूरी तरह से थका दिया था, जिसके बाद उन्हें लगा जैसे उनके पास देने के लिए कुछ नहीं बचा है। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि किस तरह एक कप्तान हमेशा सवालों के घेरे में रहता है, चाहे वह जीते या हारे।

कोहली ने बताया कि कप्तानी और बल्लेबाजी दोनों में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश ने उनकी सारी ऊर्जा खींच ली। उन्होंने उस असाधारण मानसिक दबाव का जिक्र किया जिसमें एक कप्तान हमेशा सवालों के घेरे में रहता है। अगर आप जीते और आपने रन नहीं बनाए तो आपसे आपके प्रदर्शन को लेकर सवाल किए जाएंगे। और अगर आपने प्रदर्शन किया और टीम नहीं जीती तब आप पर परिणामों को लेकर सवाल उठेंगे, कोहली ने स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि वह हमेशा इन दोनों चुनौतियों के बीच संतुलन बनाने का प्रयास करते रहे। विराट ने बताया कि वह पहले बल्लेबाजी इकाई के केंद्र बिंदु बने और फिर टीम के नेतृत्व के भी। उन्हें शुरुआत में यह अंदाजा ही नहीं हुआ कि इन दोनों भूमिकाओं का उनकी रोजमर्रा की जिंदगी पर कितना बड़ा भार पड़ेगा। मैं बहुत ज्यादा प्रेरित था कि भारतीय क्रिकेट को शिखर पर बनाए रखना है, इसलिए मैंने इस ओर ध्यान नहीं दिया, उन्होंने कहा। लेकिन जब मैंने कप्तानी छोड़ी, तब मैं पूरी तरह से खप चुका था, जैसे मेरे पास देने के लिए अब कुछ और बचा ही नहीं हो... वह भयंकर था। इस दौरान विराट कोहली ने मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर के प्रति अपने गहरे आभार को भी व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि जब वह 2021 से 2022 के बीच टेस्ट क्रिकेट में अपने करियर के एक कठिन दौर से गुजर रहे थे, तब इन दोनों ने उनका बहुत समर्थन किया। 2016 से 2019 के शानदार प्रदर्शन के बाद, कोहली का टेस्ट औसत 2021 में 28.21 और 2022 में 26.5 तक गिर गया था।

## साल्ट आईपीएल प्लेऑफ के लिए वापसी करेंगे

**एजेंसी, बेंगलुरु**



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के आक्रामक बल्लेबाज फिल सॉल्ट अब चोट से उबर गये हैं और प्लेऑफ मुकाबलों के लिए वापसी करने जा रहे हैं। साल्ट की वापसी की उम्मीद से आसीबी के खेमे में उत्साह का माहौल है। साल्ट टीम के लिए इसलिए बेहद अहम है क्योंकि वह सलामी बल्लेबाज के तौर पर टीम को तेज शुरुआत देते हैं। लीग के शुरुआती मैचों के दौरान ही उंगली की चोट के कारण वह इलाज के लिए इंग्लैंड लौट गये थे पर अब वह दौरान में शामिल होने जा रहे हैं। आरसीबी प्लेऑफ में पहुंच गयी है और ऐसे में उसे अब साल्ट जैसे बल्लेबाज की जरुरत है। नॉकआउट चरण के दबाव भरे मैचों में साल्ट जैसे अनुभवी खिलाड़ी का होना टीम के लिए लाभदायक रहेगा।

एक रिपोर्ट के अनुसार सॉल्ट इस सप्ताह आरसीबी कैंप से जुड़ने के बाद अपनी फिटनेस पर काम करना शुरू कर देंगे। उनके प्लेऑफ मुकाबलों तक पूरी तरह से मैच फिट होने की पूरी संभावना है। इस सत्र में चोटिल होने से पहले सॉल्ट शानदार फॉर्म में थे। उन्होंने लीग में खेली गई 6 पारियों में कुल 202 रन बनाए थे। इस दौरान उनका औसत 33.66 और विध्वंसक स्ट्राइक रेट 168.33 का रहा था। सॉल्ट ने इस सीजन में दो शानदार अर्धशतक भी लगाये थे। विराट कोहली के साथ उनकी आक्रामक जोड़ी ने आरसीबी को कई मैचों में तेज और मजबूत शुरुआत दी जिससे टीम के लिए जीत हासिल करना आसान रहा।

## एकदिवसीय विश्व कप से पहले रोहित-हार्दिक की खराब फिटनेस से बीसीसीआई चिंतित

**एजेंसी, मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की फिटनेस को लेकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की चिन्ताएं बढ़ गयी हैं। इससे इन दोनो के ही आगामी एकदिवसीय विश्वकप में खेलने को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। बीसीसीआई चयनसमिति अक्टूबर-नवंबर में खेले जाने वाले विश्वकप के लिए रणनीति तैयार करने में लगी है। ऐसे में वह इन दोनो ही प्रमुख खिलाड़ियों की फिटने को लेकर संशय में है। इन दोनो को अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है पर कहा गया है कि इनके खेलने का फैसला फिटनेस रिपोर्ट आने के बाद ही होगा। अगयर ये 100 फीसदी फिट हुए तो ही खेल पायेंगे। बोर्ड 35 साल के हो रहे रोहित की शारीरिक क्षमता और 50 ओवर के क्रिकेट की चुनौतियों का सामना करने की उनकी तैयारी को लेकर संशय में है। चयनकर्ताओं ने रोहित की विस्तृत फिटनेस रिपोर्ट मांगी है, क्योंकि हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण वह हाल ही में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में तीन सप्ताह तक कोई मैच नहीं खेल पाये थे। रोहित उन तीन सप्ताह के दौरान बोर्ड के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में भी नहीं पहुंचे हालांकि उन्होंने अपना वजन घटाया है पर सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या उनका शरीर हाई परफॉर्मेंस स्पोर्ट का पूरा भार उठा पाएगा या नहीं।

## शमी चेक बाउंस मामले में बरी

**एजेंसी, कोलकाता**





क्रिकेटर मोहम्मद शमी को चार साल पुराने चेक बाउंस मामले में बड़ी राहत मिली है। यहां की अलीपुर कोर्ट ने शमी को उनकी पत्नी हसीन जहां द्वारा दायर 1 लाख रुपये के बाउंस चेक के मामले में बरी कर दिया है। यह मामला 2018 से अलीपुर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में चल रहा था। बुधवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि शमी के खिलाफ लगाए गए आरोप साबित नहीं हो सके।

यह मामला 2018 का है जब शमी की पत्नी हसीन जहां ने आरोप लगाया था कि घरेलू खर्चों के लिए शमी ने उन्हें 1 लाख रुपये का चेक दिया था, जो बैंक में जमा करने के बाद बाउंस हो गया। इसके बाद हसीन जहां ने अदालत में अपील की थी। हसीन जहां ने इस मामले के अलावा शमी और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ कई अन्य शिकायतें भी दर्ज कराई थीं, जिनमें घरेलू हिंसा और आपराधिक धमकी के आरोप शामिल थे। वहीं बुधवार को कोर्ट में पेश होने के बाद मोहम्मद शमी ने मीडिया से बात करते हुए अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, मुझे पता था कि फैसला हमारे पक्ष में आएगा क्योंकि मैंने कुछ गलत नहीं किया था। मैंने जितना देना था, सब कुछ दिया है। मैदान पर हो या मैदान के बाहर, मैं हमेशा हर स्थिति को अपनी पूरी क्षमता से संभालने की कोशिश करता हूं।

# बिजनेस

## सरकार ने विधिक मापन सत्यापन बुनियादी ढांचे को मज़बूत किया : प्रह्लाद जोशी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



केंद्रीय खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सरकार ने भारत के विधिक मापन सत्यापन बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है और सटीक माप के महत्व पर जोर दिया है।

उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि उपभोक्ता मामलों के विभाग ने आजा विश्व मापतौल दिवस 2026 मनाया है, जो 20 मई, 1875 को पेरिस में हस्ताक्षरित ऐतिहासिक 'मीटर कन्वेंशन' की 151वीं वर्षगांठ का प्रतीक है। मंत्रालय के मुताबिक इस वर्ष के विश्व मापन दिवस की थीम है "मापनः नीति निर्माण में विश्वास का निर्माण"। इस अवसर पर उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

मंत्रालय के मुताबिक प्रल्हाद जोशी ने इस अवसर पर अपने वर्चुअल संबोधन में निष्पक्षता, उपभोक्ता संरक्षण, वैज्ञानिक विश्वसनीयता और पारदर्शी शासन सुनिश्चित करने में माप विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। इस वर्ष की थीम का उल्लेख करते हुए जोशी ने जोर देकर कहा कि सटीक और विश्वसनीय माप प्रभावी सार्वजनिक नीति, व्यापार, स्वास्थ्य सेवा, पर्यावरण संरक्षण और औद्योगिक विकास की रीढ़ हैं। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री जोशी ने कहा कि विभाग ने पात्र निजी संस्थाओं को 40 सरकारी अनुमोदित परीक्षण केंद्र (जीएटीसी) प्रमाण पत्र जारी करके भारत के कानूनी मापन सत्यापन बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ किया है, जो देश की सत्यापन क्षमता के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रल्हाद जोशी ने इस अवसर पर उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा किए गए कई प्रमुख सुधारों का उल्लेख किया। इनमें जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) अधिनियम, 2026 के तहत छोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करना, कुछ छोटे उल्लंघनों के लिए सुधार नोटिस की शुरुआत करना और व्यापार करने में सुगमता लाने के लिए लाइसेंसिंग प्रणाली से पंजीकरण-आधारित प्रणाली में परिवर्तन करना शामिल है। जोशी ने आगे बताया कि कानूनी मापन के अंतर्गत पंजीकरण और प्रवर्तन संबंधी सेवाओं के लिए एक एकीकृत डिजिटल मंच के रूप में ई-माप पोर्टल का शुभारंभ किया गया है। यह पोर्टल केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर वजन और माप के सत्यापन, पंजीकरण, मॉडल अनुमोदन और प्रवर्तन संबंधी गतिविधियों जैसी सेवाओं को सुगम बनाएगा। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा ने इस अवसर पर अपने संबोधन में शासन और व्यापार में निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वास सुनिश्चित करने के लिए सटीक मापन प्रणालियों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सटीक मापन खाद्य पदार्थ, ईंधन, दवाइयां, बिजली और पैकेटबंद वस्तुओं जैसे क्षेत्रों में नागरिकों के दैनिक जीवन को सीधे प्रभावित करते हैं, जिससे उपभोक्ता विश्वास मजबूत होता है और निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं को बढ़ावा मिलता है।

## देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योग का उत्पादन अप्रैल में 1.7 फीसदी बढ़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोंचे पर अच्छी खबर है। देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में अप्रैल में 1.7 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। अप्रैल, 2025 में इन आठ उद्योगों का उत्पादन एक फीसदी बढ़ा था। मार्च में यह वृद्धि दर 1.2 फीसदी रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल में भारत के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 1.7 फीसदी बढ़ा है। इस वृद्धि को मुख्य रूप से सीमेंट, इस्पात और बिजली क्षेत्रों के शानदार प्रदर्शन से बल मिला है, जबकि पांच अन्य क्षेत्रों में गिरावट दर्ज की गई। आंकड़ों के अनुसार आठ प्रमुख बुनियादी सेक्टरों में से सीमेंट का उत्पादन अप्रैल में साल-दर-साल सबसे ज्यादा 9.4 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज हुई है, इसके बाद स्टील में 6.2 फीसदी और बिजली उत्पादन में 4.1 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। हालांकि, अप्रैल महीने में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पादों और उर्वरकों के उत्पादन में गिरावट आई है, जो ऊर्जा और कमोडिटी चेन के कुछ हिस्सों में लगातार बनी कमजोरी को दिखाता है।

## भारत कम से कम 25 वर्षों तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा: गोयल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत और अमेरिका स्वाभाविक साझेदारों के रूप में काम कर रहे हैं, उनमें पूरकता और विश्वास है। उन्होंने कहा कि भारत कम से कम अगले 25 वर्षों तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। गोयल ने नई दिल्ली में 'अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स' (एमचैम) के वार्षिक नेतृत्व शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच की साझेदारी आपसी विश्वास और साझा आर्थिक हितों से और अधिक मजबूत होती है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री कहा कि भारत और अमेरिका 'स्वाभाविक साझेदार' के तौर पर काम कर रहे हैं और वे प्रौद्योगिकी नवाचार, उच्च-सटीकता रक्षा, डिजिटल डेटा केंद्र, क्वांटम कंप्यूटिंग और चिकित्सा उपकरणों सहित विभिन्न क्षेत्रों में एक-दूसरे के पूरक हैं। गोयल ने कहा कि पिछले छह महीनों में अमेरिकी उद्योग से मिली प्रतिबद्धताओं का अनुमान 60 अरब डॉलर से अधिक है, जिसमें अमेजन और गूगल जैसी कंपनियों के बड़े निवेश भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक कंपनियों के लिए एक भरोसेमंद ढांचा प्रदान करता है और बाजार के अवसरों का ऐसा अनूठा मेल प्रस्तुत करता है, जिसकी दुनिया में कोई मिसाल नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका एक भरोसेमंद साझीदार की तलाश में है और भारत ने लगातार बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति सम्मान दिखाया है।

उन्होंने कहा कि भारत के पास कुशल प्रतिभाओं का एक विशाल भंडार है और यह 1.4 अरब महत्वाकांक्षी भारतीयों की मांग को एक साथ लाकर बढ़ती आय और बढ़ते मध्यम वर्ग के ज़रिए अमेरिकी नवाचार को बड़े पैमाने पर विस्तार प्रदान करता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार 'भव्य' योजना के माध्यम से औद्योगिक विकास के लिए एक क्षेत्र-आधारित दृष्टिकोण भी अपना रही है, जिसका उद्देश्य पूरे देश में 100 नए औद्योगिक पार्क स्थापित करना है। उन्होंने बताया कि यह मॉडल औद्योगिक बुनियादी ढांचे को श्रमिकों के आवास, मनोरंजन और सामाजिक सुविधाओं के साथ एकीकृत करता है, ताकि एक समग्र औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण किया जा सके। गोयल ने व्यवसायों और निवेशकों से आग्रह किया कि वे वर्तमान से आगे देखें और भारत तथा उसके लोगों की क्षमताओं, प्रतिभा, आकांक्षाओं और फुर्ती को पहचानें। उन्होंने कहा कि जो लोग भारत की विकास गाथा पर भरोसा करते हैं, उन्हें देश के दीर्घकालिक आर्थिक बदलाव से लगातार लाभ मिलता रहेगा।

## दो दिनों की गिरावट के बाद कच्चे तेल का भाव 106 डॉलर प्रति बैरल के पार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पश्चिम एशिया संकट और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान को लेकर जारी चिंताओं के बीच दो दिनों की गिरावट के बाद कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में गुरुवार को शुरुआती कारोबार में कच्चे तेल का भाव 106 डॉलर के पार पहुंच गई। आज कारोबार के दौरान अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.52 डॉलर यानी 1.45 फीसदी बढ़कर 106.54 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है, जबकि यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 1.53 डॉलर यानी 1.56 फीसदी की बढ़त के साथ 99.78 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि कच्चे तेल के भाव में ये बदलाव ईरान-अमेरिका युद्ध में संघर्ष-विराम को लेकर बनी आशंकाओं के बीच आया है।

अमेरिका में कच्चे तेल की आपूर्ति और इसके भंडार में आई भारी गिरावट ने घटते भंडारों को लेकर नई अनिश्चितता पैदा कर दी है। पश्चिम एशिया संकट से पहले होर्मुज़ जलडमरूमध्य से वैश्विक तेल और ऊर्जा आपूर्ति का 20 फीसदी से अधिक हिस्सा गुज़रता था, जो 28 फरवरी के बाद से लगभग पूरी तरह से ठप पड़ गया है।

## अटल पेंशन योजना के अंशधारकों की संख्या चालू वित्त वर्ष में 10 करोड़ को पार करेगी: पीएफआरडीए प्रमुख

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की प्रमुख सामाजिक सुरक्षा योजना 'अटल पेंशन योजना' (एपीवाई) के अंशधारकों की संख्या वित्त वर्ष 2026-27 में 10 करोड़ के पार पहुंचने की उम्मीद है। इस योजना के तहत ग्राहकों को 1,000 रुपये से 5,000 रुपये तक की न्यूनतम मासिक पेंशन की गारंटी दी जाती है। पेंशन कोष नियामक पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के चेयरमैन एस रमन ने बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित 'अटल पेंशन योजना वार्षिक सम्मान समारोह 2026' को संबोधित करते हुए कहा कि योजना में सालाना 18 फीसदी की वृद्धि दर को देखते हुए 2026-27 में ग्राहकों की संख्या 10 करोड़ से अधिक हो सकती है। पीएफआरडीए के चेयरमैन ने बताया कि एपीवाई के अंशधारकों की संख्या वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक बढ़कर 8.96 करोड़ हो गई, जो एक साल पहले 7.61 करोड़ थी। इस दौरान इस पेंशन योजना से रिकॉर्ड 1.35 करोड़ नए ग्राहक जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि 18 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर को देखते हुए चालू वित्त वर्ष 2026-27 के अंत तक इसके ग्राहकों की संख्या 10 करोड़ पार कर जाने की संभावना है। रमन ने कहा कि यह संख्या 30 अप्रैल, 2026 तक बढ़कर 9.04 करोड़ से अधिक हो चुकी है।

## हरे निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 239.47 अंक उछला

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पश्चिम एशिया संकट के बीच हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक में तेजी का रूख कायम है। सेंसेक्स में 239 अंक और निफ्टी में 120अंक की तेजी है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज बीएसई का सेंसेक्स 239.47 अंक यानी 0.32 फीसदी की उछाल के साथ 75,557.86 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 23,778.80 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। आज के कारोबार में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और मेटल शेयरों में खरीदारी है। आज रुपया शुरुआती कारोबार में अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबरा, 61 पैसे की बढ़त के साथ 96.25 प्रति डॉलर पर है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले बुधवार को सेंसेक्स 117.54 अंक यानी 0.16 फीसदी बढ़कर 75,318.39 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 41 अंक यानी 0.17 फीसदी की बढ़त के साथ 23,659 के स्तर पर बंद हुआ था।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।